सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,287.19 |
| निफ्टी | 25,178.65 |

सोना 1,59,123 | चांदी 2,61,400

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 2 मार्च 2026 | 19 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 64, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पेड़ों से भी टकराया था अजित का प्लेन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने बारामती प्लेन क्रैश पर 22 पेज की प्राइमरी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 28 जनवरी को मुंबई से बारामती जा रहे लियरजेट 45 एक्सआर एयरक्राफ्ट ने कम विजिबिलिटी के बावजूद रनवे पर लैंडिंग की। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरक्राफ्ट पहले दायीं ओर मुड़ा, पेड़ों से टकराया और फिर जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। इस हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और 4 और लोगों की मौत हो गई थी। एएक्सबी ने क्रैश साइट के पास के गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि हादसे से पहले प्लेन दायीं ओर मुड़ा, पेड़ों और फिर जमीन से टकराया। इससे उसमें आग लग गई और पूरा कॉकपिट, केबिन जल गया।

### कमर्शियल सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में पहली मार्च से 4 अहम बदलाव हुए। रविवार से कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। अब 19 किलो वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में हुई है, जहां अब सिलेंडर के लिए 1875.50 रुपए चुकाने होंगे, वहीं दिल्ली में कीमत 28 रुपए बढ़कर 1768.50 रुपए हो गई है। वहीं, सीएनजी के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम ऐप काम करना बंद कर देगा। (अनंत ज्ञान)




### पुंछ में एलओसी के पास घुसा पाकिस्तान का ड्रोन

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आज तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराने के लिए सेना के जवानों को गोलीबारी करनी पड़ी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन कुछ देर दिगवार इलाके में मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लौट गया। तीन दिनों में यह दूसरी बार है जब सीमा पार से ड्रोन की आवाजाही का पता चलने के बाद सैनिकों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि अग्रिम चौकी पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब छह बजकर 10 मिनट पर दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि, ड्रोन गोलियों से बच गया और तुरंत वापस लौट गया। अधिकारियों ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया गया कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए गए हों। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- कांप्लेक्स सिस्टम के खिलाफ सड़कों पर उतरे प्राथमिक शिक्षक -पेज 2
- हिमाचल में रोड एक्सपीडिशन पर्यटन नीति बनाने की तैयारी शुरू -पेज 3
- जनता के हितों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त : परमार -पेज 5
- हिमाचल डेंटल कॉलेज को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान -पेज 9

### इसराइल-अमेरिका ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए, तेहरान में कोहराम

# हमले में खामेनेई की मौत

**एजेंसी, तेहरान**

इसराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इसराइली वायुसेना ने यह जानकारी दी है। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है।

खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की।

हालांकि, इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। (अनंत ज्ञान)



**खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर**

**ईरान** ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

**इसराइल** और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। वहीं, खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'

### खामेनेई की मौत को पुतिन ने हत्या बताया

**एजेंसी, मॉस्को।** अमेरिका और इसराइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने कहा कि यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा।



### दिल्ली-अमृतसर एयरपोर्ट्स पर 110 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द




**इसराइल** और ईरान के बीच जारी जंग के चलते देशभर के हवाई अड्डों पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, खासकर खाड़ी देशों के लिए। पंजाब के अमृतसर हवाई अड्डे से जुड़ी तस्वीरों में यात्रियों की भीड़ और उनकी असुविधा दिखाई दे रही है। दिल्ली और अमृतसर एयरपोर्ट पर कुल 110 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कम से कम 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें 60 प्रस्थान और 40 आगमन शामिल हैं। वहीं, अमृतसर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को 10 उड़ानें रद्द की गईं। इसमें दो कतर एयरवेज उड़ानें (दोहा-अमृतसर और अमृतसर-दोहा), चार एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ानें (दुबई-अमृतसर, अमृतसर-शारजाह, शारजाह-अमृतसर और अमृतसर-दुबई) और स्पाइसजेट व इंडिगो की चार उड़ानें शामिल हैं। वहीं, ईरान ने ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नॉटिकल मील दूर एक ऑयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिस तेल टैंकर पर हमला हुआ है, उसमें मौजूद सभी 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल हैं।

### दुबई में पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, 'स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ था।

# राज्यसभा प्रत्याशी घोषित करवाने को सीएम सुक्खू दिल्ली दौरे पर

### इसी माह होंगे चुनाव, हिमाचल प्रदेश से एक सदस्य जाएगा राज्यसभा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे ने हिमाचल की राजनीति को नई दिशा दे दी है। राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर वह स्वयं केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा कर रहे हैं और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चूंकि नामांकन की अंतिम तिथि पांच मार्च निर्धारित है, इसलिए मुख्यमंत्री ने समय रहते रणनीतिक बैठकें कर स्थिति स्पष्ट करने की पहल की है। माना जा रहा है कि उनके दिल्ली प्रवास के बाद एक-दो दिन में प्रत्याशी के नाम की औपचारिक घोषणा हो सकती है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली में हुई बैठकों के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक समीकरणों और विधायकों की राय से हाईकमान को अवगत कराया। बताते हैं कि पांच से छह प्रमुख नामों पर गंभीरता से विचार हुआ है। पार्टी इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती और ऐसा चेहरा सामने लाने की तैयारी में है जो राजनीतिक संतुलन के साथ स्पष्ट संदेश भी दे सके। अंतिम निर्णय में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति को प्रमुख आधार बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चा भी तेज हो गई है। यदि वर्तमान मंत्रिमंडल से किसी सदस्य को राज्यसभा भेजा जाता है तो कैबिनेट में रिक्त स्थान बन सकता है। ऐसे में नए चेहरों को अवसर देने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

बहरहाल इस तरह राज्यसभा चुनाव के साथ-साथ वित्तीय और प्रशासनिक विषयों पर सक्रिय पहल कर मुख्यमंत्री ने साफ संकेत दिया है कि वह हर मोर्चे पर स्वयं नेतृत्व करते हुए निर्णय प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं।

### केंद्रीय वित्त मंत्री से भी करेंगे मुलाकात

**दिल्ली** में सीएम सुक्खू ने संगठन और सरकार के बीच संतुलन साधते हुए आगे की रणनीति तय करने में जुट गए हैं। इसके अलावा दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात भी संभावित मानी जा रही है। इस बैठक में राज्य से जुड़े वित्तीय मुद्दों, लंबित परियोजनाओं और विशेष सहायता पर चर्चा हो सकती है।



### नहाते वक्त ब्यास नदी में डूबा भड़ोली का युवक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के साथ लगती ब्यास नदी में नहाते समय एक युवक डूब गया, जबकि दो युवकों को डूबने से बचा लिया गया। सूचना मिलते ही नादौन पुलिस एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। मामला ज्वालामुखी क्षेत्र का होने के कारण इस बारे ज्वालामुखी पुलिस को सूचित कर दिया गया है। ब्यास नदी में डूबे युवक की पहचान अंकित पुत्र कुकू निवासी गांव बंगेहड़ भड़ोली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कुछ युवक फोरलेन के निर्माणाधीन पुल के पास बैठे थे। इसी दौरान वे ब्यास नदी में नहाने चले गए। देखते ही देखते युवक ब्यास नदी में अचानक तेज बहाव में बहने लगे। इनमें से दो को शोर मचाने पर उनके दोस्तों तथा कुछ आसपास के लोगों ने डूबने से बचा लिया, परंतु एक युवक पानी में डूब गया।

# नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

### 18 लोगों की हालत गंभीर, कंपनी में मैटिरियल बनाते वक्त हुआ धमाका

**एजेंसी, नागपुर**

महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है। रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)



### सीएम ने जताया खेद

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा कि मैं मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। घायलों को तुरंत नागपुर ले जाया गया है। आपातकालीन आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### जोधपुर के होटल सोनल पैलेस में लगी आग

**एजेंसी, जोधपुर।** शहर के होटल सोनल पैलेस में रविवार सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे होटल में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। चार दमकल वाहनों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर समय रहते आग पर काबू पा लिया. प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने के समय होटल में करीब 4-5 लोग मौजूद थे। धुआं फैलने से लोग कमरों में फंस गए थे, लेकिन दमकलकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय पर राहत कार्य होने से बड़ा हादसा टल गया और जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी नीचे गिरने से घायल हो गया, जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। आग से होटल में आंशिक नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान चला रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू में बोलेरो खाई में गिरी, दो दोस्तों की मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जनपद के तहत जाणा गांव के पास एक रविवार तड़के करीब 3:30 बजे, फागली उत्सव के दौरान देवता के दर्शन कर लौट रहे दोस्तों की बोलेरो कैंपर जाणा वाटरफॉल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में दो युवा दोस्तों की जान चली गई, जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस को दिए अपने आधिकारिक बयान में घायल विवेक ने बताया कि वे सभी दोस्त शनिवार को जाणा गांव में फागली उत्सव के लिए आए थे। जैसे ही हम जाणा बस स्टैंड से करीब 250 मीटर आगे वॉटरफॉल के पास पहुंचे, तो चालक अविनाश ने अचानक गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी पहले पहाड़ी से टकराई और फिर सीधे करीब 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में दो लोगों की मृत्यु हुई है और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। कुल्लू अस्पताल में इनका उपचार चल रहा है। वहीं, मृतकों की पहचान अविनाश (20) पुत्र भगवान दास और सोनम कुमार (23) पुत्र भूमि प्रकाश के रूप में हुई है। दोनों युवक सौर गांव के रहने वाले थे।

# बद्दी गोलीकांड के तीन हमलावरों की हुई पहचान

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** शनिवार देर शाम बद्दी के मखनूमाजरा में हुए गोलीकांड मामले में तीन हमलावरों की पहचान हो गई है। हमले में घायल बलविंदर उर्फ बल्लू व मौके पर मौजूद उसके साथियों ने 3 युवकों की पहचान कर ली है, जबकि 2 युवकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस वारदात के बाद बीबीएन को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है और रात को जगह-जगह पुलिस की नाकेबंदी की थी। जब बल्लू पर हमला हुआ तो वह निहत्था ही हमलावरों से भीड़ गया, जबकि उसके साथियों ने मौके पर हमलावरों के ऊपर पत्थर भी बरसाए। अगर वह मौके से बचने का प्रयास करता तो शायद उसे गोलियां भी न लगतीं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को बलविंदर उर्फ बल्लू निवासी मखनूमाजरा अपने कुछ साथियों के साथ मखनूमाजरा मुख्य सड़क पर मौजूद था। इसी दौरान एक कार में सवार अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और उस पर फायरिंग कर दी। बलविंदर उर्फ बल्लू को 3 गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत उपचार के लिए सीएचसी बद्दी ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है, जहां वह उपचाराधीन है।

**हमलावरों से निहत्था ही भिड़ गया था बलविंदर उर्फ बल्लू**

मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है और अभी तक चीज़ें स्पष्ट नहीं हो पाई हैं। बताया जा रहा है के कार में 5 युवक सवार थे, जिसमें से 3 ही हमला करने कार से उतरे और 2 युवक अंदर बैठकर ही फायरिंग करते रहे। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही बद्दी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

# किरेन रिजिजू ने चंबा को दी करोड़ों की सौगात

### केंद्रीय मंत्री ने 25.86 करोड़ के विकास कार्यों के किए शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** केंद्रीय संसदीय कार्य तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जिला चंबा के अंतर्गत भंजराड़ू (तीसा) तथा सलूनी में 25.86 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे इन कार्यों में भंजराड़ू (तीसा) में 9.84 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला आईटीआई भवन व 7 करोड रुपए की लागत से बनने वाला इंडोर स्टेडियम तथा सलूनी में 9.02 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला इंडोर स्टेडियम भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भंजराड़ू में बनने वाला इंडोर स्टेडियम 18 महीने तथा सलूनी में बनने वाला इंडोर स्टेडियम 20 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। भंजराड़ू (तीसा) तथा सलूनी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा इस वर्ष 175 000 मुस्लिम समुदाय के लोगों को हज यात्रा पर भेजा जा रहा है, जिनमें चंबा से 65 हज यात्री शामिल हैं।



**भंजराड़ू में इंडोर स्टेडियम और आईटीआई भवन की रखी आधारशिला**

**मौसम** | मौसम विभाग के पूर्वानुमान से बढ़ी किसानों, बागवानों और आम लोगों की चिंता

# फरवरी सूखा बीता, मार्च से मई तक भी कम बारिश के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सर्दियों के सीजन में अब तक बहुत कम बारिश हुई है। फरवरी माह भी लगभग सूखा ही बीत गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी मौसमी पूर्वानुमान ने संकेत दिया है कि मार्च से मई के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। पहाड़ों की ठंडी हवाओं के बीच इस बार मौसम का मिज़ाज कुछ बदला-बदला रह सकता है। जहां एक ओर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दिन के समय गर्मी का एहसास बढ़ेगा, वहीं मैदानी और निचले इलाकों में लू का असर भी पहले से अधिक महसूस किया जा सकता है। मौसम विभाग के इस आकलन ने किसानों, बागवानों और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि तापमान में बढ़ोतरी और वर्षा में कमी का सीधा प्रभाव फसलों, जल स्रोतों और दैनिक जीवन पर पड़ता है।

मौसम विभाग के अनुसार, 1 मार्च से प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहेगा। मैदानी, मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अगले पांच से सात दिनों तक बारिश या बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है। फिलहाल किसी भी जिले के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। हालांकि, 4 मार्च की रात से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिसके बाद मौसम में आंशिक बदलाव के संकेत हैं। अति ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश बर्फबारी की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार तापमान की बात करें तो प्रदेश का न्यूनतम तापमान ताबो में माइनस 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान ऊना में 30.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। साफ मौसम के चलते आने वाले दिनों में दिन के तापमान में और बढ़ोतरी होने के आसार हैं, जबकि सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रह सकती है।

### सामान्य से 86 प्रतिशत कम हुई बारिश



**मौसम** विभाग की मानें तो फरवरी माह में प्रदेश में औसतन केवल 14.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सामान्य वर्षा 101.8 मिमी रहती है। पूरे प्रदेश में सामान्य से 86 प्रतिशत कम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार जिला सोलन में सबसे अधिक सामान्य से 96 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा सिरमौर और ऊना में 94-94 प्रतिशत, बिलासपुर में 93 प्रतिशत, कांगड़ा में 90 प्रतिशत तथा शिमला में 82 प्रतिशत तक कम वर्षा दर्ज की गई। फरवरी में हुई इस बड़ी कमी का असर रबी फसलों, बागवानी और पेयजल स्रोतों पर पड़ने की आशंका है।

### सामान्य से ज्यादा लू चलने की आशंका

**मार्च** से मई के दौरान लू के दिनों को लेकर भी विभाग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं। उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में लू के दिन सामान्य से कुछ कम रह सकते हैं, लेकिन मध्य व निचले पहाड़ी तथा मैदानी इलाकों में लू के दिनों की संख्या सामान्य से 10 से 20 प्रतिशत तक अधिक हो सकती है। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# हिमाचल में रोड एक्सपीडिशन पर्यटन नीति बनाने की तैयारी शुरू

## ऑनलाइन परमिट से बढ़ेगा साहसिक पर्यटन, युवाओं को मिलेगा रोजगार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने राज्य में रोड एक्सपीडिशन पर्यटन नीति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई नीति के तहत फोर बाई फोर ड्राइव, मोटरसाइकिल अभियान, ऊंचाई वाले दुर्गम मार्गों पर स्व-चालित यात्राएं और कारवां पर्यटन को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश को आय का नया स्रोत मिलेगा और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित व सुव्यवस्थित सुविधाएं मिल सकेंगी।

जानकारी के अनुसार प्रस्तावित नीति में ऑनलाइन परमिट प्रणाली लागू करने की तैयारी है, जिससे पर्यटक पहले ही अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमित गतिविधियों पर रोक लगेगी। साथ ही वाहन की उपयुक्तता प्रमाणन, अनिवार्य बीमा, तय सुरक्षा मानक और आपातकालीन सहायता तंत्र को भी नीति का हिस्सा बनाया जाएगा, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

- ◆ **ऑनलाइन परमिट व्यवस्था से पारदर्शिता और सुरक्षा होगी मजबूत**
- ◆ **सालभर पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा सहारा**
- ◆ **स्थानीय युवाओं और कारोबारियों के लिए खुलेंगे नए अवसर**

प्रबंधन स्तर पर बताया गया है कि परमिट शुल्क, पंजीकरण, आयोजन शुल्क और संबंधित करों के माध्यम से सरकार को सीधी आय प्राप्त होगी। नीति के लागू होने से साहसिक पर्यटन गतिविधियां नियमबद्ध होंगी और पर्यटकों का विश्वास मजबूत होगा। इससे हिमाचल की छवि एक सुरक्षित साहसिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

नई व्यवस्था से होटल, होमस्टे, भोजनालय, ईंधन केंद्र, स्थानीय परिवहन और मार्गदर्शक सेवाओं की मांग बढ़ेगी। विशेषकर ऑफ सीजन में भी साहसिक ड्राइव के शौकीनों की आमद बनी रहने से पर्यटन कारोबार को सालभर सहारा मिलेगा। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को निर्धारित मार्ग, डिजिटल अनुमति और स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएंगे।

### साहसिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में मिलेगी पहचान

**नीति** लागू होने के बाद स्थानीय युवाओं, वाहन किराये पर उपलब्ध करवाने वालों, मैकेनिकों और होमस्टे संचालकों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# चिट्टा मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया स्थानीय मुख्य तस्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जनवरी माह में चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए पंजाब के युवक के मामले में आगामी जांच के आधार पर अब धर्मशाला पुलिस ने चिट्टे के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 24 जनवरी को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तरनतारन निवासी मुख्य तस्कर 34 वर्षीय ललित कुमार उर्फ टिंकू निवासी तरनतारन को 10.58 ग्राम चिट्टा सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस संदर्भ में इसके विरुद्ध पुलिस थाना धर्मशाला में मादक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पजीकृत हुआ था।

उपरोक्त आरोपी से गहन पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण व ट्रांजैक्शन हिस्ट्री से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस को यह महत्वपूर्ण सुराग मिला कि उक्त आरोपी ने बरामदा चिट्टा धर्मशाला में मुख्य तस्कर अनिकेत को उपलब्ध करवाना था। इसके उपरांत तुरंत उक्त तस्कर को पकड़ने के लिए विशेष गुप्त टीम का गठन करके लगातार छापामारी व तलाश की गई । रविवार को आरोपी अनिकेत (23) निवासी सराह, तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा उम्र को धर्मशाला में गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी अनिकेत आदतन अपराधी है जिस पर पहले भी मादक पदार्थ अधिनियम के दो मामले दर्ज हैं। उसे इससे पहले 19 फरवरी 2022 को पुलिस थाना शाहपुर के तहत 8.05 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 8 अगस्त 2025 को उसे पुलिस थाना धर्मशाला के तहत 8.05 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि कांगड़ा पुलिस निरन्तर नशा माफिया के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है।

## डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने सुजानपुर में की बड़ी घोषणा, बोले-

# अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा सुजानपुर होली मेला

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर का राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला अगले वर्ष से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। इसको लेकर अधिसूचना जल्द जारी होगी। यह जानकारी प्रदेश उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुजानपुर के चार दिवसीय राष्ट्रीय होली उत्सव के शुभारंभ पर कही है। मुरली मनोहर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने के बाद मीडिया से रू-ब-रू होते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि मुझे आज इस मेले का आगाज करने का मौका मिला है । यहां के ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में विशेष पूजा में भाग लेने का सौभाग्य मिला है।

उन्होंने कहा कि इस मेले का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री ने करना था, लेकिन राजधानी दिल्ली में अहम बैठक में उनका भाग लेना था, जिसके चलते उन्हें वहां जाना पड़ा और मुझे यहां मेले का शुभारंभ करने के लिए आना पड़ा। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रदेश मुख्यमंत्री ने होली मेले के स्तर को बढ़ाने की घोषणा की थी। उनके निर्देश पर अब आने वाले समय में सुजानपुर का होली मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर का मनाया जाएगा, क्योंकि जिस तरह का यहां आयोजन हुआ है जिस तरह से यहां मेले की तैयारी की गई है, उसको देखकर यह बात सत्य है कि इस मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलना चाहिए, जिसकी मैं आज विधिवत यहां घोषणा करता हूं।



होली उत्सव का शुभारंभ करते डिप्टी सीएम मुकेश। अनंत ज्ञान

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश देवी देवताओं का प्रदेश है देवभूमि है यहां लगातार मेले त्यौहार उत्सव होते रहते हैं और हमारा दायित्व है कि प्रदेश की संस्कृति को बचाया जाए इन मेलों का इन त्योहारों का इन उत्सवों का आगाज भव्य स्तर पर हो इसको लेकर लगातार सरकार प्रयास कर रही है।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने सुजानपुर बस स्टैंड से मुरली मनोहर मंदिर तक निकाली गई भव्य शोभा यात्रा की अगुवाई की। प्रशासन की ओर से मुख्यातिथि को सुजानपुर बस स्टैंड पर पगड़ी पहनाई गई। ढोल-नगाड़ों के बीच उपमुख्यमंत्री मुरली मनोहर मंदिर पहुंचे यहां पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने मेला ग्राउंड में पहुंचकर विभागीय प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया।

# निजी स्कूलों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक

## शिक्षा विभाग का कड़ा आदेश, अभिभावकों को राहत देने की पहल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाते हुए विद्यालय परिसरों में वर्दी, जूते, टाई, बेल्ट, बैज और अन्य सहायक सामग्री की बिक्री पर रोक लगा दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थान केवल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए हैं, न कि किसी प्रकार के व्यापारिक लाभ के लिए। हाल के दिनों में अभिभावकों से मिली अनेक शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि कोई भी निजी विद्यालय छात्रों या अभिभावकों को किसी विशेष दुकान या विक्रेता से सामान खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। नियमों के उल्लंघन की

- ◆ **नियमों का उल्लंघन करने पर मान्यता होगी रद्द**

स्थिति में संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द की जा सकती है। अधिकारियों ने सभी जिला उपनिदेशकों और विद्यालय प्रबंधन को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार का मानना है कि निजी स्कूलों में बढ़ती फीस और अनिवार्य खरीददारी की व्यवस्था से मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई मामलों में विद्यालयों पर कमीशन के आरोप भी लगे थे। ऐसे में नए निर्देशों का उद्देश्य पारदर्शिता लाना, अभिभावकों के हितों की रक्षा करना और शिक्षा को व्यावसायिक गतिविधियों से अलग रखना है।

### निजी स्कूलों को नसीहत : शिक्षा ही प्राथमिक जिम्मेदारी

**यह** निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब प्रदेश में निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या और शिक्षा लागत को लेकर व्यापक बहस चल रही है। शिक्षा विभाग ने दोहराया है कि स्कूलों को अपनी प्राथमिक भूमिका यानी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए और किसी भी प्रकार की लाभकारी गतिविधि से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए फ्लाइंग स्क्वॉयड की नई कार्यप्रणाली जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड (उड़नदस्तों) की नई कार्यप्रणाली निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे बनाए रखने की मुख्य जिम्मेदारी फ्लाइंग स्क्वॉड की होगी।

डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी उड़नदस्ते पारदर्शिता और नियमों के तहत अपने कर्तव्यों का पालन करें, ताकि परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और तनाव-मुक्त वातावरण बना रहे। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी छात्र पर अनावश्यक मानसिक दबाव न पड़े और उनकी एकाग्रता और समय प्रबंधन प्रभावित न हो।

बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नकल करने वाले छात्रों और इसमें संलिप्त शिक्षकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। किसी भी शिक्षक को नकल करवाते हुए पाया गया तो उस पर तुरंत सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा, और केंद्र अधीक्षक तथा उप-अधीक्षकों की जवाबदेही भी तय की गई है।

# हिमाचल में चिट्टा-मुक्ति के लिए 145 जगहों पर मारे छापे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा आरंभ किए गए 'चिट्टा-मुक्त हिमाचल' अभियान के दूसरे चरण में पुलिस ने राज्य के सभी जिलों में समन्वित कार्रवाई की। राज्य गुप्तचर विभाग, सशस्त्र बल और जिला पुलिस की संयुक्त टीमों ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक मार्च को तलाशी और छापेमारी अभियान चलाया।

इस कार्रवाई में ड्रग डिटेक्शन किट का उपयोग किया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की गई। प्रदेशभर के 145 स्थानों पर तलाशी के दौरान 406 ग्राम चरस, 19.236 ग्राम चिट्टा, 124 ग्राम चूरा-पोस्त और 4,65,100 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत छह और आबकारी अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने कहा कि नशामुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभियान को शून्य-सहिष्णुता नीति के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की गई है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या निकटतम पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के सशक्त नेतृत्व और जनता की सक्रिय सहभागिता से प्रदेश में नशे के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

# जिला कोषाधिकारी कांगड़ा की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने जिला कोषाधिकारी कांगड़ा की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। मोर्चा का कहना है कि जब उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश मौजूद हैं, तो फिर उन्हें लागू करने से किसके निर्देश पर रोका जा रहा है। मोर्चा ने पूछा है कि वास्तविक शक्तियां किसके पास हैं, निदेशालय, उपनिदेशालय, डीडीओ या फिर ट्रेज़री और यदि शिक्षा निदेशालय लिखित रूप में निर्देश दे चुका है, तो फिर लाभ देने में अड़चन क्यों डाली जा रही है। मोर्चा के अनुसार शिक्षा विभाग में लंबे समय से चले आ रहे विरोधाभास के कारण शिक्षक कर्मचारियों की सर्विस बुक लगभग दो वर्ष तक शिक्षा निदेशालय में लंबित रही। बाद में इन्हें जिलों के उपनिदेशालयों को सौंपते हुए एसीपी और एचआरए का निपटारा उपनिदेशालय स्तर पर करने के निर्देश दिए गए। उपनिदेशालय धर्मशाला सहित अन्य स्थानों से संबंधित अभिलेख डीडीओ को भी भेजे जा चुके हैं, इसके बावजूद ट्रेजरी द्वारा यह कहकर लाभ रोके जा रहे हैं कि निदेशालय से टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। मोर्चा ने स्पष्ट कहा है कि यह मामला उच्च न्यायालय के निर्णय से जुड़ा है और आदेशों की अवमानना होने की स्थिति में अवमानना याचिका दायर करने पर विचार किया जाएगा। मोर्चा संस्थापक प्रवीण शर्मा, राज्य अध्यक्ष अमन शर्मा आदि ने कहा कि कर्मचारी वर्ग को उसका वैधानिक अधिकार हर हाल में मिलना चाहिए।

- ◆ **हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी का आरोप**

# रामलाल ठाकुर को राज्यसभा भेजने की उठी प्रदेशव्यापी मांग

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामलाल ठाकुर को राज्यसभा भेजने की मांग अब पूरे प्रदेश में जोर पकड़ चुकी है। बिलासपुर से उठी यह आवाज शिमला, सिरमौर और कांगड़ा तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सामूहिक मांग बन गई है।

सन् 1985 से सक्रिय राजनीति में रहे रामलाल ठाकुर को अनुभव और संगठनात्मक संतुलन का मजबूत स्तंभ माना जाता है। स्वास्थ्य, आयुर्वेद, उद्योग, कानून, शहरी विकास, वन, खेल एवं युवा सेवाएं जैसे महत्वपूर्ण विभागों का नेतृत्व कर उन्होंने प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। विशेषकर खेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में प्रदेश में खेल अधोसंरचना का उल्लेखनीय विस्तार हुआ और ग्रामीण क्षेत्रों तक सुविधाएं पहुंचीं। प्रदेश कांग्रेस में विभिन्न जिम्मेदारियों के दौरान उनका नेतृत्व के साथ संतुलित समन्वय रहा है। संगठन और सरकार के बीच तालमेल बनाने की क्षमता ने उन्हें भरोसेमंद और स्वीकार्य नेता के रूप में स्थापित किया। बिलासपुर जिला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा है, जहां से जगत प्रकाश नड्डा और अनुराग ठाकुर जैसे भाजपा नेता उभरे। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि इसी क्षेत्र से अनुभवी चेहरे को राज्यसभा भेजना रणनीतिक दृष्टि से अहम होगा।

सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि जब-जब पार्टी ने लोकसभा चुनाव में दावेदारी की बात की, रामलाल ठाकुर ने कभी पीछे हटने का विकल्प नहीं चुना। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के संदर्भ में यह चर्चा रही कि उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया था, किंतु रामलाल ठाकुर ने सदैव संगठन के निर्णय को सर्वोपरि माना। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बेहद कम अंतर से मिली हार उनकी जनस्वीकार्यता का संकेत देती है। कार्यकर्ताओं के अनुसार यह केवल पद का नहीं, बल्कि अनुभव और निष्ठा को सम्मान देने का अवसर है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हिमाचल की आवाज को मजबूत प्रतिनिधित्व दे सकती है।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** रविवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। भीड़ का आलम यह था कि श्रद्धालुओं की दोहरी कतारें 'होटल संतोष' तक पहुंच गईं। माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों को तीन से चार घंटे का समय लग रहा है।

भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होमगार्ड और पूर्व सैनिकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि, मंदिर न्यास द्वारा टेंट की व्यवस्था न किए जाने के कारण श्रद्धालुओं को खुले में खड़े रहकर धूप से परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में आए बदलाव और तापमान में बढ़ोतरी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी और उनकी संख्या में काफी इजाफा हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक, देर शाम तक 20,000 से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन करने की उम्मीद है।



माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

### बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था

**प्रशासन** द्वारा लागू 'सुगम दर्शन व्यवस्था' के तहत बुजुर्गों और दिव्यांगों को दर्शन करने में काफी सुविधा हो रही है। इसके साथ ही, मैड़ी में 'होला मोहल्ला' का मेला होने के कारण भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरने पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि होला मोहल्ला उत्सव का समापन 4 मार्च को होगा।

# किन्नौर की संस्कृति और साहित्य को बचाने का मिलकर करें प्रयास : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में आयोजित दिल्ली किन्नौर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम 'तोशिम' में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए किन्नौर की संस्कृति, बोली और साहित्य को सहेजने के लिए साझा प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि हिमाचल देवभूमि है तो किन्नौर उसका मणिमुकुट है।



तोशिम कार्यक्रम में संबोधित करते सांसद अनुराग ठाकुर।

किन्नौर की वेशभूषा, परंपराएं और इतिहास विश्व भर में सराहे जाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सामूहिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के 75 सीमावर्ती गांवों को शामिल किया गया है, जिनमें 55 गांव किन्नौर के हैं। नाको, लियो और छितकुल जैसे क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और पर्यटन ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांव देश के अंतिम नहीं बल्कि प्रथम गांव हैं और विकास की पहली किरण वहीं पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने चिंता व्यक्त की कि किन्नौरी भाषा यूनेस्को की संकटग्रस्त भाषाओं की सूची में है और इसे बोलने वालों की संख्या सीमित है। किन्नौर का मौखिक और लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है, जिसे संरक्षित करना समय की मांग है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाषा और संस्कृति के संरक्षण के हर प्रयास में उनका पूरा सहयोग रहेगा।

## सरोकार

## 18,925 आंगनबाड़ी केंद्र सक्रिय, 5.34 लाख विद्यार्थियों को मिल रहा पौष्टिक आहार

# नौनिहालों का बेहतर स्वास्थ्य व पोषण सुक्खू सरकार की प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चे को जीवन की शुरुआती अवस्था से ही संतुलित पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर मिलें। इसी उद्देश्य से बाल्यावस्था देखभाल और समग्र विकास के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं, ताकि बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास सुनिश्चित हो सके।

प्रदेश में संचालित 18,925 आंगनवाड़ी केंद्र छह वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य मानकों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में आंगनबाड़ी सेवा योजना के तहत 113 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, जबकि विशेष पोषाहार कार्यक्रम पर 1516.09 लाख रुपए व्यय हुए हैं। स्वीकृत 1030 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में से 100 केंद्र जिला चंबा में स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सह-स्कूल घोषित कर प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत आधार देने की पहल की गई है।



आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को परोसा जा रहा पौष्टिक आहार। अनंत ज्ञान

- ◆ **किचन गार्डन पहल से मिल रहा ताजा और पौष्टिक भोजन**
- ◆ **मुख्यमंत्री बाल पोषण आहार योजना से लाखों विद्यार्थियों को लाभ**

स्कूल स्तर पर भी पोषण सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री बाल पोषण आहार योजना लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के 15,181 सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 5.34 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं के मानदेय में 500 रुपए की वृद्धि कर इसे 5000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है, जिससे 21,115 कार्यकर्ताओं को लाभ मिल रहा है।

### स्वस्थ और खुशहाल भविष्य की रखी जा रही नींव

**पोषणयुक्त** आहार हर बच्चे का अधिकार है। संतुलित भोजन बच्चों को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत करता है। सरकार की योजनाएं इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, जिससे प्रदेश में एक स्वस्थ, खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखी जा सके।

इसके अलावा, 14,464 विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित किए गए हैं। स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों, मिड-डे मील कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों की सहभागिता से उगाई जा रही मौसमी सब्जियां और जड़ी-बूटियां मिड-डे मील में उपयोग हो रही हैं। इस पहल से बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन मिल रहा है तथा वे प्राकृतिक खेती के महत्व से भी परिचित हो रहे हैं।

# मैड़ी मेले में वन्यजीवों के अवैध प्रदर्शन पर वन विभाग सख्त

अनंत ज्ञान

**पंजवार।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के अंब क्षेत्र में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध बाबा बड़भाग सिंह (मैड़ी) मेले में वन्यजीवों के संरक्षण हेतु वन विभाग पूरी तरह सतर्क है। हाल ही में वन परिक्षेत्र कार्यालय अंब को प्राप्त एक गुप्त सूचना के आधार पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अन्य राज्यों से आए सपेरों के कब्जे से इंडियन रॉक पाइथन (भारतीय अजगर) को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इस वन्यजीव को विभाग द्वारा उसके प्राकृतिक आवास (जंगल) में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया है।

**पिछली शिकायतों के आधार पर वन विभाग की कड़ी चेतावनी:** पूर्व में प्राप्त शिकायतों और सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई अवैध गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग उन सभी व्यक्तियों और बाहरी राज्यों से आने वाले सपेरों को सख्त चेतावनी देता है कि कानूनी प्रतिबंध: इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) और कोबरा जैसे वन्यजीवों को पकड़ना, उन्हें कैद में रखना या व्यावसायिक लाभ (जैसे मेले में प्रदर्शन कर पैसे वसूलना) के लिए उपयोग करना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एक गंभीर और गैर-जमानती अपराध है।

**कठोर कार्रवाई:** यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के वन्यजीव को बंधक बनाकर उनका प्रदर्शन करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अधिनियम की धाराओं के तहत तत्काल प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

- ◆ **7 बाहरी राज्यों से आए सपेरों से 7 इंडियन रॉक पाइथन (अजगर) बरामद**

### सजा का प्रावधान

**इस** अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माने के साथ-साथ कारावास की सजा का भी सख्त प्रावधान है। वन विभाग नें श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों से अनुरोध है कि वे मेले के दौरान ऐसे किसी भी अंधविश्वास या वन्यजीवों के अवैध प्रदर्शन को बढ़ावा न दें। यदि आपको मैडी मेला क्षेत्र या आस-पास के क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति सांपों या अन्य वन्यजीवों का प्रदर्शन करता हुआ दिखाई दे, तो तुरंत स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करें।

# क्लस्टर और कांप्लेक्स सिस्टम का विरोध

## धर्मशाला में सड़कों पर उतरे प्राइमरी टीचर्स, बोले- 15 तक वार्ता नहीं हुई तो बनाएंगे अगली रणनीति

◆ परिवारों सहित भी आंदोलन शुरू कर सकते हैं टीचर्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** क्लस्टर और कांप्लेक्स सिस्टम के विरोध लगातार जारी है। रविवार को जिलेभर के हजारों प्राइमरी शिक्षक अपनी मांगों को लेकर जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में सड़कों पर उतरे। प्राइमरी टीचर फेडरेशन (पीटीएफ) जिला कांगड़ा का कहना है कि क्लस्टर और कांप्लेक्स सिस्टम और मांगों पर वार्ता के लिए सरकार ने पीटीएफ की प्रदेश कार्यकारिणी को नहीं बुलाया तो आगामी रणनीति बनाई जाएगी। इससे भी बात नहीं बनी तो प्राइमरी टीचर अपने परिवारों सहित धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।



जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे प्राइमरी शिक्षक। अनंत ज्ञान

### पिछले साल जारी हुई थी कांप्लेक्स सिस्टम की अधिसूचना

23 सितंबर, 2025 को शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश की ओर से न्यू कांप्लेक्स सिस्टम पर एक अधिसूचना जारी की गई। इस अधिसूचना में प्राथमिक स्कूलों में कार्य कर रहे हजारों एचटी, सीएचटी, बीईईओ की प्रशासनिक शक्तियों को छीनकर कार्य क्षेत्र को सीमित कर दिया गया, ताकि भविष्य में इन पदों को समाप्त किया जा सके। 15 से 20 स्कूलों का एक परिसर बना दिया गया और समस्त प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन का कार्य प्रिंसिपल को दे दिया गया। इससे प्रिंसिपल के ऊपर कार्य का बोझ बढ़ेगा। सीबीएसई स्कूल बनाते समय सभी वर्ग के पदों को बनाए रखा गया, परंतु इन स्कूलों से सीएचटी के पदों को समाप्त कर दिया गया। 3,000 से अधिक जेबीटी से एचटी पदों पर प्रमोशन को समाप्त करने पर कार्य किया जा रहा है। इस जारी अधिसूचना से हजारों मिड-डे मील वर्कर्स की नौकरी आने वाले समय में खतरे में पड़ने वाली है। जेबीटी के 4,500 से अधिक पद खाली चल रहे हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। प्राथमिक स्कूलों में 6200 से अधिक नर्सरी टीचर्स तथा इतने ही आया के पद खाली चल रहे हैं। पीटीएफ का आरोप है कि हर तरफ से प्राथमिक शिक्षा को तबाह करने का कार्य किया जा रहा है।

### जल्द वार्ता नहीं की तो होगा उग्र आंदोलन: कुलदीप

**पीटीएफ** जिला कांगड़ा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि शीघ्र सरकार ने प्रदेश कार्यकारिणी से वार्ता नहीं की तो आंदोलन उग्र किया जाएगा। क्लस्टर, कांप्लेक्स सिस्टम लागू किया गया, सीएचटी के पदों को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूलों को बंद कर दिया गया, जेबीटी को सीएचटी लगा दिया गया। जिसके चलते प्राइमरी शिक्षकों में खासा रोष देखा जा रहा है। पिछले दो साल से वार्ता के माध्यम से समस्याओं का हल करने का प्रयास किया जा रहा है। अब सरकार से आग्रह है कि 15 मार्च से पहले प्रदेश कार्यकारिणी से वार्ता करे, अन्यथा प्राइमरी शिक्षकों को उग्र आंदोलन छेड़ना पड़ेगा। पहले उत्कृष्ट स्कूल, फिर अटल विद्यालय की योजना फेल हुई, अब सीबीएसई के नाम पर बच्चे तक सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सरकार ने मांगों को अनसुना किया तो प्राइमरी टीचर अपने परिवारों के साथ भी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

### प्रताड़ित महसूस कर रहे प्राइमरी शिक्षक: संदीप कुमारी

**पीटीएफ** जिला कांगड़ा महिला विंग अध्यक्ष संदीप कुमारी ने कहा कि क्लस्टर और कांप्लेक्स सिस्टम प्राइमरी शिक्षकों के हित में नहीं है। रैली में उमड़ी भीड़ ने दर्शा दिया है कि क्लस्टर और कांप्लेक्स सिस्टम से हर प्राइमरी शिक्षक प्रताड़ित महसूस कर रहा है, जिससे शिक्षक रोष में है। प्रधानाचार्य के प्राइमरी स्कूलों को करने से दिक्कतें बढ़ जाएंगी, क्योंकि प्रधानाचार्य के भी अपने कार्य होते हैं। सरकार लगातार प्रयोग करती जा रही है, जो कि सहन नहीं होगा। 1984 से पहले भी इसी तरह की व्यवस्था थी, उस समय के शिक्षकों ने सड़कों पर उतरकर अलग से व्यवस्था करवाई थी। वर्तमान क्लस्टर प्रणाली को ही यथावत रखते हुए सुदृढ़ किया जाए।

# सुक्खू राज में कुशासन, भ्रष्टाचार और जनविरोधी शासन: राकेश

## कहा- कांग्रेस सरकार वित्तीय स्थिति संभालने में असफल

अनंत ज्ञान

◆ सरकार श्वेत पत्र जारी कर बताए पैसा कहां खर्च किया

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा सुक्खू सरकार पर कुशासन, भ्रष्टाचार और जनविरोधी शासन का आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ रुपए ऋण लेने के बाद भी सरकार खजाना खाली होने का ढोंग कर रही है।



इससे साफ है कि सरकार ने बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रखा है। उन्होंने कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता के समक्ष श्वेत पत्र जारी करे कि सरकार ने करोड़ों का ऋण कहां खर्च किया, जबकि पिछले 3 सालों से प्रदेश में विकास रुका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल करने वाले युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि 2000 संस्थान बंद कर दिए गए, हिमकेयर, जनमंच और शगुन जैसी योजनाएं समाप्त कर दी गईं। अब सब्सिडी, वृद्धावस्था पेंशन, डीए और एरियर पर संकट की चर्चा हो रही है। कर्मचारियों में वेतन को लेकर असमंजस है। उन्होने कहा कि कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंची है। इसके विपरीत, प्रदेश में कांग्रेस सरकार वित्तीय स्थिति संभालने में असफल रही है।

# भवारना में 3 दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुदर्शन आर्ट्स होली कमेटी भवारना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय होली महोत्सव का आगाज हो गया। इसका शुभारंभ पूर्व प्रधान, उप प्रधान तथा प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक तनु भारती ने किया। भारती ने कहा कि भवारना की होली अपनी पारंपरिक संस्कृति, आपसी भाईचारे और भव्य झांकियों के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस पर्व को सौहार्द, प्रेम और उल्लास के साथ मनाएं तथा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें। इससे पहले राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित बैठक में आगामी होली महोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि भवारना में पारंपरिक झांकियां 28 फरवरी, 1 मार्च तथा 2 मार्च को निकाली जाएंगी। 28 फरवरी पहली होली को दुर्गा माता तथा राम दरबार की झांकियां निकाली गईं, 1 मार्च दूसरी होली को खाटू श्याम जी, राधा कृष्ण तथा विष्णु शैय्या की झांकियां निकाली गईं और 2 मार्च तीसरी होली को बड़ी माता के साथ कुछ अन्य झांकियां निकाली जाएंगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक विपिन सिंह परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कमेटी प्रधान अमित अरोड़ा ने बताया कि पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच माता काली की झांकी नगर भ्रमण करेगी। झांकी के साथ भव्य धार्मिक अनुष्ठान एवं विधिवत पूजा-अर्चना भी संपन्न की जाएगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह का वातावरण है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कमेटी ने आमजन से अपील की है कि झांकियों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लए चोपहिया वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें तथा कार्यक्रम कोब सफल बनाने में प्रशासन और कमेटी का सहयोग करें। इस अवसर पर सुदर्शन आर्ट क्लब अध्यक्ष अमित अरोड़ा, महासचिव तपीन डोगर, सोनिया बंटा, शैलेंद्र सूद, विकास सूद, मनोज नागपाल, रिपन सूद, यतिन सूद, राजीव सूद आदि मौजूद रहे।



भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक ने किया शुभारंभ। अनंत ज्ञान

# तीन लाख आय सीमा से बाहर हो रहे परिवारों को मिले नौकरी

अनंत ज्ञान

◆ करुणामूलक संघ ने प्रदेश सरकार से उठाई मांग

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तीन लाख आय सीमा से बाहर हो रहे करुणामूलक आश्रितों को भी सरकार नौकरी दे। प्रदेश करुणामूलक संघ के प्रदेशअध्यक्ष रविंद्र अत्री ने कहा कि करूणामूलक परिवार विवश होकर अपनी आवाज को उठाने के लिए मजबूर हो गए है।

प्रदेशभर में करुणामूलक आश्रितों के लगभग 3234 के करीब केस हैं जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा वार्षिक आय सीमा को 3 लाख रुपए करने पर 1500 केस नौकरी के लिए पात्र हो रहे है और 1500 के करीब केस वार्षिक आय सीमा 3 लाख रुपए के दायरे से फिर बाहर हो रहे है और नौकरी से वंचित रह रहे हैं। जो करुणामूलक आश्रित 3 लाख रुपए के दायरे से बाहर हो रहे हैं, उनको भी सरकार नौकरी प्रदान करे 7 इन परिवारों ने भी अपने परिवार के कमाने वाले मुखिया को खोया है। 15 से 20 सालों से यह परिवार नौकरी के इंतजार मे दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। रविंद्र अत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व सभी करुणामूलक आश्रितों से वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी आश्रितों को बिना किसी शर्त के वन टाइम सेटलमेंट के तहत एकमुश्त नौकरी प्रदान करेंगे, लेकिन सरकार अपने वादे से अब मुकर रही है। प्रदेशभर के करुणामूलक आश्रित आपसे विनम्र प्रार्थना करते हैं कि हमारे लिए स्थाई नीति लाई जाए और बिना किसी भेदभाव के और बिना किसी शर्त के सभी को एक मुशत नौकरी दी जाए और उन्होंने सरकार से मांगो को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई। यदि सरकार ने मांगो को जल्द पूरा नहीं किया तो वह आंदोलन करेंगे व विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे।

# 15 साल के टैक्सी परमिट की मांग पूरी



टैक्सी ऑपरेटर्स ने जताया प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** 15 साल के टैक्सी परमिट की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर टैक्सी ऑपरेटर्स ने प्रदेश व केंद्र सरकार का आभार जताया है। रविवार को धर्मशाला में अपना कांगड़ा टैक्सी ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा व अन्य ने कहा कि इस मांग को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष उठाया गया था, जिन्होंने इस मामले को केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाया। आखिरकार केंद्रीय सरकार ने टैक्सी परमिट को 12 साल से बढ़ाकर 15 साल करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

इससे तमाम टैक्सी ऑपरेटर्स को बहुत बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इस अधिसूचना से जो सबसे बड़ी विसंगति थी कि 12 साल के टैक्सी परमिट के बाद अगले 3 साल तक गाड़ी का क्या किया जाए जब तब 15 साल पूरे नहीं हो जाते और गाड़ी स्क्रैपिंग पॉलिसी के अधीन स्क्रैप नहीं की जाती, वो अब एक राहत के रूप में सभी टैक्सी ऑपरेटर्स को मिल चुकी है। इस अवसर पर भागसू टैक्सी यूनियन मैक्लोडगंज, एक्स सर्विसमैन यूनियन धर्मशाला, कोतवाली बाजार टैक्सी यूनियन एवं समस्त हिमाचल प्रदेश के विभिन्न संगठन एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंडी के सेरीमंच की तर्ज पर बैजनाथ में पहली बार होगा होली महोत्सव का आयोजन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच की तर्ज पर इस वर्ष बैजनाथ में होली पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी व्यापार मंडल बैजनाथ के प्रधान मनोज कपूर, मुख्य सलाहकार मिलन राणा तथा कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा ने संयुक्त बयान में दी। उन्होंने बताया कि बैजनाथ के लोगों के विशेष अनुरोध पर तथा स्थानीय विधायक किशोरी लाल और एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम के मार्गदर्शन में इस बार होली महोत्सव का आयोजन 3 मार्च को किया जा रहा है। कार्यक्रम शिव मंदिर पार्किंग, पंजाब नेशनल बैंक बैजनाथ के समीप आयोजित होगा, जहां रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामूहिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

व्यापार मंडल ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे आपसी भेदभाव और मनमुटाव को भुलाकर रंगों के इस पावन पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा आयोजन की शोभा बढ़ाएं। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान आए हुए लोगों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग उत्सव का आनंद उठा सकें। बैजनाथ में इस प्रकार का सामूहिक होली महोत्सव पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है।

# भाजपा थुरल मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल की मासिक बैठक सर्वेश्वर मंदिर साई के पावन प्रांगण में हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास धीमान की विशेष उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी व संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

बैठक में मंडल महामंत्री विजय राणा, भंडारी राम, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, सूबेदार महेंद्र राणा, सचिव मीरा देवी, सलमा, कल्पना देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण तनोत्रा, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अशोक कटोच, महामंत्री कुशल भगोरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष निशांत चौधरी, अरुण भाटिया, सरविंदर चौधरी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष ज्ञानचंद भूरिया, राज धीमान, सुरेश कुमार, सुमन कुमार, ओंकार बलिया, सोशल मीडिया संयोजक विजय भूरिया, अश्विनी शर्मा, सुधीर गुलेरिया, रणवीर सिंह, मंडल कार्यकारिणी सदस्य मधु, लता, मांगो राम एवं यशपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संजय पराशर ने निभाया धार्मिक स्थलों में आस्था का धर्म

## जसवां-परागपुर व चिंतपूर्णी के विभिन्न मंदिरों में दिया साढ़े सात लाख रुपए से अधिक का सहयोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर और चिंतपूर्णी क्षेत्र में रविवार का दिन आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक बनकर उभरा, जब कैप्टन संजय पराशर ने अपने सहयोग से विभिन्न धार्मिक स्थलों पर करवाए गए कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें श्रद्धालुओं और साध संगत को समर्पित किया।

चिंतपूर्णी क्षेत्र के जवाल स्थित गुरु रविदास मंदिर में कैप्टन संजय पराशर द्वारा तीन लाख रुपए से निर्मित गुमटी का लोकार्पण किया गया। मंदिर में उपस्थित कमेटी सदस्यों व श्रद्धालुओं में नरेश कुमार, अमरजीत सिंह, संजीव कुमार, विनोद काजला, सतीश, राजेश, राज कुमार और सुखेदव सिंह ने पराशर द्वारा की गई इस सेवा समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इसी क्रम में जसवां-परागपुर क्षेत्र के चौकी दी बड़, रिड़ी कुठेड़ा स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर में भी कैप्टन संजय पराशर द्वारा तीन लाख इक्कीस हजार रुपए की लागत से शेड का निर्माण करवाया गया। इस शेड के निर्माण से अब मंदिर में आने वाली साध संगत और श्रद्धालुओं को मौसम की मार से राहत मिलेगी और वे अधिक सुविधा और शांति के साथ अपनी आस्था व्यक्त कर सकेंगे।

इस कार्य के समर्पण के दौरान मंदिर परिसर में भावनात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां उपस्थित स्थानीय वासियों में रत्न चंद, मलकीयत सिंह, अशोक कुमार और रछपाल सिंह ने संजय की सेवा भावना के इस प्रयास को सच्ची श्रद्धा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। पराशर ने हलेड़ पंचायत के बाबा सुखिया के मंदिर और सिद्ध चानो मंदिर में भी 82 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान कर धार्मिक स्थलों के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त संत रविदास के गुरु घर, नारी के निर्माण कार्य में भी उन्होंने 51 हजार रुपए का योगदान देकर अपनी आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। इन सभी कार्यों के माध्यम से मंदिरों में निर्माण कार्य के साथ लोगों के मन में विश्वास, सहयोग और एकता की भावना को भी मजबूत किया है। धार्मिक स्थलों के विकास व श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कैप्टन संजय पराशर द्वारा कुल मिलाकर साढ़े सात लाख रुपए से अधिक की राशि का सहयोग दिया गया।

इस अवसर पर नारी गांव से सुरेश कुमार व वीरेंद्र सिंह, हलेड़ पंचायत से रविंद्र सिंह, मंजीव कुमार, सुभाष चंद, मलकीयत सिंह, सरला देवी, नरेश कुमारी और सुमन व सीमा देवी ने कैप्टन संजय पराशर के इस योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल भौतिक सुविधाओं का विस्तार नहीं होता, यह समाज की आत्मा को सशक्त करने का कार्य भी करता है।



धार्मिक स्थलों पर करवाए कार्यों का किया लोकार्पण। अनंत ज्ञान

# ट्रिपल 'एस' से 'सेवन एस' तक, प्रदेश को संकट में धकेल रही सुक्खू सरकार: विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे विकास विरोधी और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली को ट्रिपल एस यानी सेल्फिश, स्कीम-लेस और शेमलेस की संज्ञा देते हुए कहा कि यह शासन अब सेवन एस (सेल्फिश, स्कीम-लेस, शेम-लेस, स्टैंड-लेस, सस्पेक्ट, स्लो और स्पीच-लेस) के जाल में फंसकर प्रदेश को गहरे संकट की ओर धकेल रहा है। चक्षु ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार पूरी तरह से स्टैंड-लेस हो चुकी है, जिसकी नीतियों में न तो कोई स्पष्टता है और न ही भविष्य के लिए कोई ठोस विजन, जिसके कारण बार-बार निर्णय बदले जा रहे हैं और प्रदेश में प्रशासनिक अस्थिरता का माहौल पैदा हो गया है। सरकार जनहित को ताक पर रखकर केवल अपने राजनीतिक हितों को साधने में लगी है, जिससे नई जनकल्याणकारी योजनाओं का अकाल पड़ गया है और सरकार पूरी तरह स्कीम-लेस दिखाई दे रही है। उन्होंने विकास की स्लो रफ्तार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति ठहर गई है। सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए साइलेंट रणनीति अपना रही है, जो लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हिमाचल की जनता इस ट्रिपल एस मॉडल की सच्चाई को समझ चुकी है।

**खेलकूद** पंचरुखी में 22वीं अखिल भारतीय डॉ. यशवंत सिंह परमार वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# नशे का खात्मा व खेलों को प्राथमिकता सरकार का लक्ष्य: गोमा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पंचरुखी में आयुष युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने 22वीं अखिल भारतीय डॉ. यशवंत सिंह परमार वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों, खेल अधिकारियों एवं स्थानीय जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशे का खात्मा और खेलों को प्राथमिकता सरकार का लक्ष्य है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चिट्टे जैसे नशे से बचाने के लिए युवाओं को खेलों के प्रति पोत्साहित करें। विभाग की ओर से खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान किया जाएगा और इस संबंध में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। खेल विभाग की ओर से प्रदेशभर में खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी 8 टीमों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए तीन दिवसीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कांगड़ा रविशंकर द्वारा मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। खेल विभाग की ओर से उन्हें विशेष स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आई 8 टीमें भाग ले रही हैं तथा कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी शिमला, कांगड़ा, कुल्लू-मंडी, बिलासपुर से क्रमशः राकेश धौटा, रवि शंकर, कविता ठाकुर, उत्तम डाढ, अंतरराष्ट्रीय कोच सतीश शर्मा एवं रविंद्रा बांश्टू, राजकीय आईटीआई सल्याणा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, स्थानीय कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प दोहराया गया।



वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाते मंत्री यादविंद्र गोमा। अनंत ज्ञान

# शहीदों की याद में लगाए रक्तदान शिविर में 100 से ज्यादा लोगों ने किया महादान




विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत थपकौर गांव में शहीदों की याद में रक्तदान शिविर लगाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत थपकौर गांव में रामलीला क्लब थपकौर तथा डैंकवा की ओर से शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

वहीं, एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए नौजवानों तथा सभी उम्र के लोगों ने पवन खिंड दौड़ में हिस्सा लेकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का प्रयास लिया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी एवं गो रक्षक राजीव विशिष्ट ने बताया कि हर साल की भांति पहली मार्च को यह भारत की आजादी के लिए दिए गए बलिदान को लेकर उन शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है तथा नशे के विरुद्ध मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया जाता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर वीरेंद्र पठानिया डायरेक्टर भारतीय कोस्ट गार्ड, दविंदर मलकोटिया, आईजी रमेश सिंह कमांडेंट राजेंद्र सिंह, डीसीपी संजीव यादव ,उदय सिंह पठानिया, नरेंद्र सिंह पठानिया आदि मौजूद रहे। इस मौके पर पठानकोट के अमनदीप हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया।

# पालमपुर में शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय होली मेले का आगाज

## विधायक आशीष बुटेल ने किया शुभारंभ, शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर में राज्यस्तरीय होली मेले का रविवार को शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज, लोक वाद्यों की मधुर धुनों और रंग-बिरंगी झांकियों के बीच निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर को उत्सव के रंग में रंग दिया।

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने इसका शुभारंभ किया। शोभायात्रा पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पालमपुर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी ग्राउंड तक पहुंची। इसमें विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं, महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों तथा स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



पारंपरिक पहाड़ी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अनंत ज्ञान

### सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का आह्वान

**विधायक** आशीष बुटेल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोकर रखें तथा समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विधायक ने आयोजन समिति एवं प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों और हस्तशिल्पियों को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने मेले में स्वच्छता बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की भी अपील की। इस दौरान एसडीएम एवं मेला समिति अध्यक्ष ओपी यादव, वूल फेडरेशन डायरेक्टर मंडल सदस्य त्रिलोक चंद , महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राज कुमार, अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद गण, व्यापार मंडल के सदस्य, स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### लोकनृत्य से लूटी वाहवाही

**पारंपरिक** पहाड़ी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण और भी उल्लासमय बन गया। इसके पश्चात गांधी मैदान में महा नाटी का आयोजन किया गया।

# होली उत्सव समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक : किशोरी

## शोभायात्रा के साथ जिलास्तरीय पपरोला होली महोत्सव का शुभारंभ, बाबा ज्ञान दास मंदिर में की पूजा



बाबा ज्ञान दास मंदिर से पपरोला बाजार तक शोभायात्रा निकाली गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जिलास्तरीय पपरोला होली महोत्सव का रविवार को शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय इस पारंपरिक उत्सव की शुरुआत बाबा ज्ञान दास मंदिर पपरोला से शोभायात्रा निकालकर पपरोला बाजार में की गई। इस अवसर पर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

विधायक किशोरी लाल ने बाबा ज्ञान दास मंदिर पपरोला में विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों, होली मेला कमेटी, व्यापार मंडल तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। विधायक ने कहा कि होली उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है, जिसे देशभर में हर्षोल्लास और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पपरोला की होली प्राचीन और ऐतिहासिक होली है, जो कई दशकों से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सहेजते हुए निरंतर आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व अनुसूचित जाति सैल के उपाध्यक्ष रविंदर बिट्टू, प्रदेश युवा महासचिव रविंदर राव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी, नायब तहसीलदार गुरमुख सिंह, जमना गोयल, रमेश चड्ढा, राजकुमार कौंडा, सचिन शर्मा, पुष्पेंद्र सूद, मनोज सूद, विशाल सूद, रितेश सूद, गौरव सूद, के जगदीश राणा, गौरव मैहरा, कार्तिक राणा, सुरेश शर्मा, निशा मैहरा, प्रताप मैहरा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 60 करोड़ की राशि से स्थापित होगा विद्युत सब स्टेशन

**विधायक** ने बताया कि पपरोला में विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 60 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आए दिन आने वाली बिजली की समस्या से आम जनता को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए की लागत से इनडोर स्टेडियम तथा 2 करोड़ रुपए की लागत से खीरगंगा घाट के जीर्णोद्धार के लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पपरोला में होली महोत्सव के लिए स्थायी मैदान उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि भविष्य में यह आयोजन और अधिक व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित हो सके। उन्होंने पपरोला होली महोत्सव के सफल आयोजन के लिए 21 हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा की और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।

# तीन दिवसीय परौर छिंज मेला 19 से

अनंत ज्ञान

◆ **बड़ी माली विजेता को बाइक और उपविजेता को दिए जाएंगे 31 हजार रुपए**

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत छिंज मेला कमेटी परौर की बैठक रविवार को पंचायत सामुदायिक केंद्र परौर में रोजी राणा की अध्यक्षता में हुई। 19 मार्च से शुरू होने वाले छिंज मेला को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष भी परौर छिंज मेला धूमधाम से मनाया जाएगा।

मेले का मुख्य आकर्षण बड़ी कुश्ती के विजेता पहलवान को बाइक और उपविजेता को 31000 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। इसके साथ ही छोटी कुश्ती के विजेता पहलवान को 15000 रुपए तथा उपविजेता को 9000 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। इसी तरह खेलों में वॉलीबाल तथा कबड्डी की विजेता टीम को 11000 रुपए तथा उपविजेता को 7100 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। इस बार मेले में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें विजेता टीम को 3100 रुपए तथा उपविजेता को 2100 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। मेले में महिला रस्साकसी का भी आयोजन होगा, जिसमें विजेता टीम को 11000 रुपए तथा उपविजेता को 7100 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। मेला कमेटी के प्रधान अश्वनी चौधरी ने बताया कि मेले में दुकानों के लिए भूमि आवंटन 11 मार्च को किया जाएगा।

इस अवसर पर मेला कमेटी के सचिव नवीन आनंद, प्रीतम चौधरी, अशोक चौधरी, राहुल चौधरी, ओमी मैहरा, अंकुश शर्मा तथा विजय मनकोटिया मौजूद रहे।

# जनता के हितों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त : परमार

अनंत ज्ञान

◆ **बोले- प्रदेश सरकार कर रही सुलह की उपेक्षा, जल्द अधूरे कार्य हों पूरे**

**डरोह।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने रविवार को सुलह विधानसभा क्षेत्र के भाटिलू व डरोह गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुलह में आधे-अधूरे पड़े भवन और अधूरी योजनाएं सरकार की नाकामी का जीता जागता प्रमाण है।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 'जो भवन अधूरे पड़े हैं, जो योजनाएं लटकी हुई हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से शुरू कर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, अन्यथा सरकार बड़े जनांदोलन के लिए तैयार रहे। सुलह में प्रस्तावित फार्मेसी कॉलेज, जिसकी घोषणा और भूमि आवंटन भाजपा सरकार के समय हुआ, आज तक अपने पूर्ण स्वरूप में नहीं बन पाया। छात्र-छात्राएं किराए के भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। 14 नई पंचायतों के भवनों के लिए 33-33 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। कई स्थानों पर निर्माण शुरू हुआ, लेकिन आज भी पंचायतें किराए के भवनों में संचालित हो रही हैं। परमार ने कहा कि क्या कांग्रेस सरकार को ग्रामीण प्रशासन की मजबूती से कोई सरोकार नहीं है।



विधायक ने भाटिलू व डरोह गांव में जनसमूह को किया संबोधित। अनंत ज्ञान

उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस सरकार ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। करोड़ों रुपए की योजनाओं को लटकाकर क्षेत्र की प्रगति को बाधित किया गया है। यह प्रशासनिक अक्षमता और राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा है। परमार ने मांग की कि भवारना अस्पताल भवन, थुरल अस्पताल, आईटीआई भवन, फार्मेसी कॉलेज, किसान भवन और पंचायत भवनों सहित सभी अधूरी परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो भाजपा व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। विपिन सिंह परमार ने सुलह की जनता से अपील की कि वे विकास के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करें और सरकार से जवाब मांगें।

## न्यूज ब्रीफ

### 600 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सीआईए टीम ने तखनार गांव में एक आवासीय परिसर में तलाशी अभियान के दौरान एक युवक से 600 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपी की पहचान 43 वर्षीय दविंदर कुमार निवासी गांव तखनार, डाकघर भाली, तहसील जवाली के रूप में की गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना जवाली में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है कि मादक पदार्थ की तस्करी में अन्य कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आम जनता से भी अपील की जाती है कि नशे से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें ।

### गगल में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, गगल।** केसीसी बैंक गगल की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बैंक ने सरकार की ओर से चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। शाखा प्रबंधक सुयेश शर्मा ने जीवन सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना की जानकारी देने के साथ डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर किरण कुमारी,और विनय कुमार उपस्थित रहे।

### दरकाटा में लगाया रक्तदान शिविर, 40 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुहिम शहीदों से शहीदों तक के अंतर्गत प्रदेश का पहला रक्तदान शिविर निफा कांगड़ा इकाई द्वारा आशा मॉडल हाई स्कूल दरकाटा (रानीताल के पास) में आयोजित किया गया। यह शिविर महिला उपप्रधान नितिका धीमान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में कांगड़ा सेवियर के प्रधान वीरेंद्र चौधरी एवं उपाध्यक्ष पवन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला की ब्लड बैंक टीम भी उपस्थित रही, जिसमें डॉक्टर गरिमा, किरण, सुशील बख्शी, विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। निफा हिमाचल प्रदेश की ओर से प्रदेश अध्यक्ष एवं कांगड़ा सेवियर के उपप्रधान तरुण धीमान, राज्य कार्यकारिणी सदस्य राघवेंद्र ठाकुर तथा जिला कांगड़ा अध्यक्ष शालीमा शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# भौतिकविद दिनेश बने अन्वेषिका कार्यक्रम के राष्ट्रीय समन्वयक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद के तहत संचालित नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया के नए राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में हिम आईएपीटी अन्वेषिका, धर्मशाला के राज्य समन्वयक दिनेश कुमार का चयन किया गया है।



इससे पूर्व इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन देश के प्रख्यात भौतिक विज्ञानी एवं पद्मश्री से अलंकृत शिक्षाविद एचसी वर्मा द्वारा किया जा रहा था। इनके मार्गदर्शन में नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रयोगात्मक भौतिकी शिक्षा को नई दिशा प्रदान की और इसे जन-जन तक पहुंचाया। इस समय देशभर में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में 28 अन्वेषिकाएं कार्य कर रही हैं। 19 फरवरी 2026 को आयोजित ऑनलाइन बैठक में, आईएपीटी की कार्यकारिणी परिषद द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुसार दिनेश कुमार का चयन किया गया था, जिसकी आज घोषणा की गई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिनेश के नेतृत्व में अन्वेषिका कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा प्रोफेसर वर्मा द्वारा सिंचित इस कार्यक्रम को एवं देशभर में भौतिकी शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाएगा। वर्तमान में दिनेश कुमार राजकीय वरिष्ठ विद्यालय टंग नरवाना में भौतिकी के प्रवक्ता हैं और मूलतः देहरा क्षेत्र के नलेटी गांव से संबंध रखते हैं।

# पब्बू माता सेवा सदन खुंडियां ने बलाहरा के शिक्षक राकेश राणा को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के अंतर्गत नाहलियां पंचायत के अधीन आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राकेश राणा ने बदलाव की लौ जलाई है। वह अपने कार्य कौशल की वजह से हमेशा चर्चा में रहते हैं। रविवार को पब्बू माता सेवा सदन खुंडिया ने राणा को पहले जुजपुर और अब बलाहरा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए शान ए चंगर से नवाजा। मात्र दो साल के कार्यकाल में ही उन्होंने स्कूल की दशा और दिशा बदल दी है। स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सीमा देवी ने कहा कि उनके किए गए कार्यों की तो सबसे पहले उन्होंने स्थानीय विधायक विधायक के सहयोग से खेल मैदान का विस्तारीकरण किया, बच्चों के लिए टाई बेल्ट, आईकार्ड, होमवर्क डायरी अपने पैसों से बनवाएं अभिभावकों के सहयोग से बच्चों के लिए ट्रैक सूट बनवाए, खेलों में भी बच्चे जिलास्तरीय टीमों में खेलने लगे।

बच्चों को पढ़ाने के लिए दो ब्लैकबोर्ड दो माइक का प्रबंध किया स्कूल में बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए छह पंखे लगवाए, दानी सजनों के सहयोग से ही स्कूल के कार्यालय और बरामदे के साथ साथ एक क्लास रूम में भी टाइलें डलवाईं। ऑफिस में सोफा सैट लगवाया। स्कूल के रसोईघर में खुद के पैसों से टाइलें डलवाकर मिसाल पेश की। स्कूल में पानी की कम ना हो इसके लिए टैंक से डायरेक्ट लाइन डलवा दी और अब दानी सजनों के सहयोग से एक भव्य स्कूल गेट का निर्माण भी करवा रहे हैं। राकेश राणा ने कहा की 90 साल पुराना यह स्कूल आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्कूल में चारदीवारी, शौचालय और कमरों का अभाव है।

# बरोट-भगाल घाटी से कांग्रेस सरकार कर रही सौतेला व्यवहार : मुल्खराज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में पत्रकारवार्ता में भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने बरोट-भगाल घाटी की अनदेखी को लेकर वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण घाटी विकास के मामले में पिछड़ती जा रही है। उन्होंने मुल्थान कॉलेज को बंद किए जाने संबंधी चल रहे भ्रामक प्रचार पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उनका कहना था कि कांगड़ा और मंडी जिले की करीब 15 पंचायतों के लिए जमा दो के बाद यही एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है और इसे बंद करना क्षेत्र के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा खोली गई आईटीआई को डी-नोटिफाई किए जाने से लोगों में भारी रोष है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर भी उन्होंने चिंता जताई। इस अवसर पर कई पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी आदेश की अवहेलना पेंशनर्स के साथ अन्याय : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल सरकार के वित्त विभाग द्वारा 25 फरवरी को जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के एरियर बिल ट्रेजरी कार्यालयों में न तो स्वीकार किए जा रहे हैं और न ही पारित किए जा रहे हैं। इसे सरकारी आदेशों की खुली अवहेलना बताया जा रहा है।



प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि जनवरी 2016 और जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनर्स लंबे समय से अपने वित्तीय लाभों के भुगतान की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने परागपुर में राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान लगभग 12 से 15 हजार चतुर्थ श्रेणी पेंशनर्स को ग्रेच्युटी का 50 प्रतिशत और लीव इनकैशमेंट का 70 प्रतिशत भुगतान करने की घोषणा की थी, जिसकी अधिसूचना 27 जनवरी 2026 को जारी हुई। 25 फरवरी को विभागाध्यक्षों को लंबित बिल तत्काल ट्रेजरी में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि भुगतान में देरी न हो। इसके बावजूद बिलों को लंबित रखना प्रशासनिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। भंडारी ने चेतावनी दी कि शीघ्र भुगतान न होने पर पेंशनर्स लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# अनुराग शर्मा ने एशिया माउंटेन साइक्लिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जताया सीएम का आभार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** तीन दिवसीय एशिया माउंटेन साइक्लिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के अध्यक्ष एवं बीपीए अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। जारी बयान में अनुराग शर्मा ने कहा कि बीड़-बिलिंग में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता ने न केवल प्रदेश बल्कि जिला कांगड़ा का नाम राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और खेलों के प्रति सकारात्मक सोच के कारण ही इस प्रकार के बड़े आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका है। उन्होंने प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश सरकार में आयुष, कानून, युवा एवं खेल सेवाएं मंत्री यादविंदर गोमा का भी विशेष आभार जताया। अनुराग ने बताया कि उन्होंने मंत्री यादविंदर गोमा के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखी थीं, जिसमें ग्राम पंचायत चौगान में आधुनिक बैडमिंटन और टेनिस कोर्ट का निर्माण तथा मनाली की तर्ज पर पर्वतारोहण विशेषज्ञों की नियुक्ति शामिल है। उन्होंने कहा कि मंत्री ने आयोजन के दौरान स्थानीय जनता एवं खेल प्रेमियों द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही अपनी निजी निधि से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने पर जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा ने उनके प्रति विशेष आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के हित में सकारात्मक एवं ठोस कदम उठाती रहेगी।

# प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब प्रशासनिक समितियां संभाल रहीं पंचायतों की जिम्मेदारी

◆ **सचिव करेंगे चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन**

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश में पंचायत प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब पंचायतों की जिम्मेदारी प्रशासनिक समितियों को सौंप दी गई है। 31 दिसंबर के बाद पंचायतों के भंग होने के साथ ही सरकार ने अंतरिम व्यवस्था लागू करते हुए समितियों का गठन किया है, जो पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और आवश्यक प्रशासनिक कार्यों का संचालन कर रही हैं। सरकार के निर्देशों के अनुसार, अब पंचायत सचिव ग्रामवासियों के चरित्र प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर रहे हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सुभाषा अत्री ने बताया कि नई व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक समितियां पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं और कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को समस्या या दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कत आती है, तो वह संबंधित समिति अध्यक्ष या सीधे खंड विकास अधिकारी कार्यालय फतेहपुर में संपर्क कर सकता है। प्रशासन का दावा है कि इस नई व्यवस्था से पंचायती स्तर पर पारदर्शिता बनी रहेगी और विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आने दी जाएगी।

# शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार : पठानिया

## लंज कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बोले उपमुख्य सचेतक

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी तरह के शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया है जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। न्यू चंडीगढ़ की तरह बनेगा न्यू चंगर। यह बात उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लंज कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में छात्र जीवन का समय ऐसा समय होता है, जो हमारे जीवन के भविष्य की दिशा को बनाने का काम करता है। उन्होंने कहा यह समय हमारी मेहनत करने का समय होता है जो छात्र इस समय का सदुपयोग करते हैं कठिन परिश्रम करते हैं उनका भविष्य उज्जवल बनता है उन्होंने कहा वह स्वयं एवं छात्र राजनीति से निकलकर आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं वे स्वयं खिलाड़ी बेहतर रहे हैं। उन्होंने सभी से छात्रों से छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के तकनीकी, टाउन एवं कंट्री प्लानिंग मंत्री जल्दी इस क्षेत्र में आएंगे और टाउनशिप प्लानिंग योजना की जगह का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा चंगर क्षेत्र की तस्वीर बदलने जा रही है विभिन्न सेक्टर में इस पूरे क्षेत्र में टाउनशिप बनेंगी। उन्होंने पंचायत अपर लंज के सिद्ध भेड़ा, गोठ का दौरा कर जनता की समस्या को समझते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिद्ध भेड़ा और गोठ गांव को सड़क से जल्द जोड़ने का कार्य शुरू करेंगे। मालधु में पानी की समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों को जल्द हैंडपंप लगाने और पानी की पाइपों को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने चकवन लंज की पशुपालन डिस्पेंसरी को गोठ या सिद्ध भेड़ा में खोलने की बात कही।



स्टूडेंट्स से कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। अनंत ज्ञान

# लोअर खैरा में वॉलीबाल टूर्नामेंट के विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने रविवार को पंचायत बाहे दा पट्ट के लोअर खैरा में होली के उपलक्ष्य पर आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का संचार भी करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को खेल और रचनात्मक कार्यों में लगाएं।

उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोअर खैरा में पिछले 11 वर्षों से निरंतर इस खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 10 टीमों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खेल मंत्री ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम के दौरान होली मेला वॉलीबॉल टूर्नामेंट कमेटी के प्रधान राजीव भंगलिया व स्थानीय पूर्व प्रधान विनोद राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली मेले का उपमुख्यमंत्री ने किया आगाज

## मुकेश अग्निहोत्री ने मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना और राधा-रानी पर गुलाल लगाकर किया चार दिवसीय मेले का पारंपरिक शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** 1 से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली मेले का रविवार को विधिवत आगाज हो गया है प्रदेश उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस मेले का विधवत शुभारंभ किया। यहां पहुंचे उपमुख्यमंत्री का विधायक सुजानपुर कैप्टन रंजीत सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

उपमुख्यमंत्री ने सुजानपुर शहर में पहुंचकर सबसे पहले बेनी प्रसाद गेट से रिबन काटकर इस मेले का शुभारंभ किया यहां से पैदल मार्च करते हुए भव्य शोभा यात्रा की अगुवाई की इसके बाद उपमुख्यमंत्री प्रशासनिक अम्ल के साथ मध्य बस स्टैंड पहुंचे। यहां उन्हें जिला प्रशासन की ओर से पगड़ी बांधी गई। इस दौरान अन्य मुख्य अतिथियों को भी पगड़ी बांधी गई। पगड़ी बांधने के बाद उपमुख्यमंत्री ने बस स्टैंड सुजानपुर में झांकियां का अवलोकन किया। यहां देव रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों की पूजा-अर्चना की। यहां अप्पर बाजार और लोअर बाजार द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों को देव रूप बनाकर झांकियां निकाली जाती हैं। मेले का शुभारंभ होने से पहले इन झांकियां में पहुंचकर मुख्य अतिथि विशेष पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं और यहां एक लिखित संदेश भी जनता के नाम करते हैं। मुख्य अतिथि इसके बाद बस स्टैंड सुजानपुर से पैदल मार्च करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर के द्वार पर उन्होंने नगाडा बजाकर पुरानी रस्मों को निभाया और उसके बाद मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। यहां मंदिर प्रबंधक एवं पुजारी रवि नंदन अवस्थी द्वारा तमाम रस्मों को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपूर्ण करवाया गया। प्रबंधक ने मुख्य अतिथि के हाथों से राधा-रानी के चेहरे पर गुलाल लगाकर विधिवत इस मेले का शुभारम करवाया। मुख्य अतिथि यहां से पूजा-अर्चना करने के बाद मेला ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले विभागीय प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया। प्रदर्शनियों का निरीक्षण करके कौन-कौन से विभाग ने यहां प्रदर्शनी लगा रखी है सरकार की कौन सी योजनाएं धरातल पर चल रही हैं तमाम बातों को लेकर जानकारी ली।

मुख्य अतिथि मेले का शुभारंभ करने के बाद होली मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में पहुंचे। यहां उन्होंने दीप जलाकर विधिवत मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया। जिला प्रशासन एवं विधायक सुजानपुर की ओर से मुख्य अतिथि को साल टोपी एवं स्मृति चिह्न सप्रेम भेंट किया गया।


स्वागत


अवलोकन


पूजा-अर्चना

# सीएम सुक्खू ने सुजानपुर के ऐतिहासिक होली मेले को बनाया राजनीतिक तमाशा : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक होली मेले का मजाक बनाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर जोरदार हमला बोला है। राजेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री जनता के गुस्से और आक्रोश से इतने भयभीत हैं कि स्वयं सुजानपुर आकर मेले का उद्घाटन करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और डिप्टी मुख्यमंत्री को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी और सरकार की विफल नीतियों से जनता पहले ही परेशान है, इसलिए मुख्यमंत्री को अपनी फजीहत का डर सताने लगा है। यही कारण है कि सदियों पुरानी आस्था और परंपरा से जुड़े इस आयोजन में आने से उन्होंने दूरी बना ली।

राणा ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस ऐतिहासिक होली मेले की पहचान संस्कृति और परंपरा से थी, उसकी गरिमा को मुख्यमंत्री ने तार-तार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आमंत्रण कार्ड में अपना नाम तक छुपाना इस बात का संकेत है कि मुख्यमंत्री को अपनी ही लोकप्रियता पर भरोसा नहीं रहा। लेकिन अपने मित्रों और चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्होंने मेले की परंपराओं तक को तोड़ दिया, जिससे साफ हो गया कि सरकार के लिए जनता नहीं बल्कि अपने करीबी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

कहा कि हर वर्ष सुजानपुर और आसपास के छोटे व्यापारी मेले में स्टॉल लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन इस बार सरकार ने उन्हें हटाकर पूरे आयोजन का व्यापारीकरण कर दिया और ठेके अपने करीबियों को सौंप दिए। इससे अनेक परिवारों का रोजगार छिन गया, जो सरकार की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब समझ चुकी है कि मुख्यमंत्री जनता के प्रति कितने गंभीर हैं और अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। हिमाचल की परंपराओं और गरीबों की आजीविका पर चोट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


पूर्व विधायक राजेंद्र राणा कार्यकर्ताओं के साथ। अनंत ज्ञान

## हैप्पी क्लब धमरोल के नरेश बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत धमरोल में हैप्पी क्लब धमरोल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। आयोजित बैठक में क्लब के सभी सदस्यों ने भाग लिया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में नरेश कुमार ज्योली को अध्यक्ष, अंकुश सिंह को सचिव, हर्ष धीमान को प्रधान, उत्तम कौंडल को उप-प्रधान तथा रवि राज को सह-सचिव चुना गया। संजय धीमान को कोषाध्यक्ष और सचिन धीमान को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त शुभम भारद्वाज, टिंकू कुमार, करणपाल गर्ग, नितिन कुमार, मोहित अत्राव, पंकज कुमार, कुणाल धीमान, मलिक कुमार, अंकित कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, विक्रम कुमार व प्रतीक कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश कुमार ज्योली ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब सामाजिक कार्यों, युवा गतिविधियों और जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहेगा तथा क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुलकर कार्य करेगा।

# नए क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ निकाली रोष रैली

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीसी के माध्यम से सीएम व शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ ने रविवार को नए क्लस्टर सिस्टम के खिलाफ रोष रैली निकाली। इस दौरान राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश की जिला कार्यकारिणी और हमीरपुर जिला के लगभग सभी प्राथमिक शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष देश राज की अध्यक्षता में गांधी चौक से उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली निकाल कर विरोध जताया। वहीं जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश व शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किया।

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर, 2025 को नई परिसर प्रणाली पर एक अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना से पूर्व भी शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 29 नवंबर, 2023 को नए क्लस्टर निर्माण पर एक अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना का प्राथमिक शिक्षक संघ ने उस समय विरोध किया था व वार्ता उपरांत प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षकों के हितों को सुरक्षित रखते हुए 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी की थी। इस अधिसूचना में बनाए गए कलस्टर सिस्टम को रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रखने पर सहमति बनी थी। यह भी निर्णय हुआ था कि नर्सरी से पांचवी कक्षा तक प्राथमिक शिक्षा का प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन पूर्व की तरह मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पास ही रहेगा। जबकि छठी से 12वीं कक्षा तक स्कूलों का प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन पूर्व की तरह प्रिंसिपल के अधीन रहेगा। 23 सितंबर, 2025 को जारी अधिसूचना के दिशा-निर्देशों में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को दे दिया है, जो कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ कुठाराघात है। वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा अलग ढांचा कार्य कर रहा है व प्राथमिक शिक्षा के प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन के लिए अलग क्लस्टर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2024 में असर की रिपोर्ट में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पिछले वर्ष राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में भी हिमाचल ने तीसरी कक्षा के सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह सब प्राथमिक शिक्षा के अलग ढांचे तथा प्राथमिक शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इसमें प्रिंसिपल का कोई योगदान नहीं है। पूरी प्रणाली को प्रिंसिपल के अधीन करने से समस्त कार्य प्रभावित हो जाएंगे और एक ही स्थान पर सारा बोझ पड़ जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवता में गिरावट आएगी। इस अधिसूचना के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों से पदोन्नत होने वाले मुख्य शिक्षकों, केंद्रीय मुख्य शिक्षकों और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के प्रशासनिक शक्तियां व कार्य क्षेत्र सीमित रह जाएगा और भविष्य में यह पद निरर्थक हो जाएंगे। इस अधिसूचना के जारी दिशा निर्देशों में विरोधाभास की स्थिति है और प्राथमिक शिक्षकों को दो-दो प्रशासनिक इकाइयों के अधीन किया जा रहा है। इसमें प्राथमिक शिक्षा को भविष्य में बहुत नुक्सान होने वाला है। यह प्राथमिक शिक्षक संघ के 43 दिनों तक चले संघर्ष के उपरांत शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा किए गए वादों के भी खिलाफ है।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते प्राथमिक शिक्षक। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### 22 मार्च को होगा 200 कन्याओं का पूजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुर द्वारा गोशाला जमली धाम की मासिक रविवार को बैठक चेयरमैन रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान लक्ष्मी नारायण गोशाला भडोली भगौर के संस्थापक सुखदेव शास्त्री के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। गोशाला में गो मंदिर व कल्प वृक्ष की स्थापना करने के लिए संसार चंद सोनी व उत्तम ढटवालिया का धन्यवाद किया। इसके अलावा होली उत्सव गोशाला में 4 मार्च को मनाने का निर्णय लिया। बाबा बालकनाथ जयंती हर वर्ष की भांति इस बार भी 14 मार्च को मनाई जाएगी। इस दिन बाबा बालकनाथ को मीठे रोट से भोग लगा कर श्रद्धालुओं में वितरण करने का निर्णय लिया। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ कार्यक्रम इस बार भी 14 वां बेटी बचाओ, बेटी पढाओ कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को 200 कन्याओं का सामूहिक पूजन करने निर्णय लिया। इस अवसर पर कमेटी के सर्व श्री चालक राम, जगदीश चन्द ओंकार चन्द सुनील सिंह राजेश दीवान रजिंद्र कुमार, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा तिलक राज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### धनराशि के लिए सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** खेरिया महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस सहायता से क्षेत्र में सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रूबल सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने महिला मंडल की सराहना करते हुए कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। महिला मंडल की प्रधान एवं अन्य सदस्यों ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सहयोग उनके लिए प्रेरणादायक है और इससे गांव में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# बाबा बालकनाथ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

## रविवार सुबह से ही लगी लंबी कतारें, 15 हजार भक्तों ने लिया आशीर्वाद


सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालकनाथ मंदिर में मार्च माह के पहले रविवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं थीं। दिनभर करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा के दर पर माथा टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे। मंदिर परिसर 'जय बाबा बालकनाथ' के जयकारों से गूंजता रहा। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग और सुचारू दर्शन व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे।

पुलिस कर्मियों व स्वयंसेवकों की तैनाती के कारण दर्शन प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संचालित होती रही। आगामी चैत्र मास मेले को लेकर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंदिर परिसर और आसपास साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मेले के दौरान आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंदिर ऑफिसर जोगिंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पूरे बंदोबस्त किए गए हैं। चैत्र मास का मेला शुरू होने वाला है और उसके लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## एमसी की चेतावनी के बाद भी दुकानदार कर रहे अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर में दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान सजाकर किए जा रहे अतिक्रमण को नगर निगम ने कार्रवाई का असर कुछ दिन ही देखने को मिला। हाल ही में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा के निर्देश पर अतिक्रमण नियंत्रण कमेटी ने शहर का मुआयना किया था। इस दौरान एक दुकानदार का सामान जब्त कर लिया गया है व 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि दो दुकानदारों ने अपना सामान उठा लिया था। सड़क सामान सजाने का क्रम अभी जारी है। वहीं अतिक्रमण की मार से शहर के फुटपाथ भी अछूते नहीं हैं। जिला प्रशासन द्वारा राहगीरों की सुविधा के लिए फुटपाथ बनाए गए हैं, लेकिन इन भी दुकानदार अपना सामान सजा देते हैं। यही नहीं रही सही कसर दोपहिया वाहन चालक पूरी कर देते हैं। इस बारे में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर शहर का फिर से दौरा किया जाएगा। यदि फुटपाथ पर किसी दुकानदार का सामान मिला तो उस दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सैनिक स्कूल परीक्षा में हमीरपुर की 'अपनी पाठशाला' का परचम

अनंत ज्ञान

◆ **100% रिजल्ट से रचा इतिहास, आरुषि प्रदेशभर में आई सेकेंड**

**हमीरपुर।** एपी कोचिंग क्लासेस (अपनी पाठशाला) ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा जगत में अपनी मजबूत पहचान को और सशक्त किया है। अकादमी की मेधावी छात्रा आरुषि ने गर्ल्स कैटेगरी में पूरे हिमाचल प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर न केवल संस्थान बल्कि पूरे हमीरपुर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष अकादमी का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रमाण है।

प्रबंधन के अनुसार कक्षा 6 के 10 विद्यार्थियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जबकि कक्षा 9 के 2 छात्रों ने भी क्वालीफाई कर संस्थान का नाम रोशन किया। अकादमी के प्रबंधक परीक्षित चंदेल ने बताया कि इस वर्ष संस्थान का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रहा, जो पिछले वर्ष के 261 अंकों के रिकॉर्ड से अधिक है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल अंकों की नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, सही दिशा और सकारात्मक वातावरण का परिणाम है।

परीक्षित चंदेल ने अपनी समर्पित शिक्षण टीम, मेहनती विद्यार्थियों और सहयोगी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी एपी कोचिंग क्लासेस (अपनी पाठशाला) हमीरपुर सैनिक स्कूल जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी। इस उपलब्धि ने न केवल अकादमी की प्रतिष्ठा बढ़ाई है, बल्कि जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता को भी मजबूती दी है।

# स्मार्ट मीटरों की प्राथमिकता को लेकर एसई के खिलाफ 5 को हमीरपुर में होगा विरोध-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के हमीरपुर जोन के मुख्य अभियंता (संचालन) द्वारा जारी पत्र दिनांक 26 फरवरी के माध्यम से क्षेत्रीय इकाइयों को बोर्ड के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के पुराने बिजली मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटरों से बदलने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के विरुद्ध यूनियन एवं पेंशनर्स फोरम ने कड़ा विरोध जताते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो 5 मार्च को हमीरपुर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

बिजली बोर्ड इम्प्लॉइज यूनियन एवं पेंशनर्स फोरम ने मुख्य अभियंता के निर्देशों को पूर्णत: मनमाना एवं भेदभावपूर्ण करार देते हुए स्पष्ट किया कि यह आदेश इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 47(5) तथा प्रासंगिक विद्युत विनियमों की भावना के प्रतिकूल है, जो आपूर्ति एवं मीटरिंग के मामलों में किसी विशेष उपभोक्ता वर्ग के साथ चयनात्मक या अधिमान्य व्यवहार की अनुमति नहीं देता।

फोरम के महासचिव प्रशांत शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा कहा है कि प्रबंधन द्वारा यह कदम बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं एवं पेंशनभोगियों के स्मार्ट मीटर के विरोध को कमजोर करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि देशभर में बिजली कर्मचारी एवं अभियंता राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट मीटरिंग का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि यह महंगी एवं आम जनता के लिए अनावश्यक तकनीक है, जिसे प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक, 2025 के माध्यम से निजीकरण एवं निजी कंपनियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में यह तकनीक औद्योगिक क्षेत्रों, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं तथा विद्युत उपकेंद्रों के फीडरों तक सीमित रखी जानी चाहिए थी, जहां से बोर्ड एवं सरकार को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकता था।

कर्मचारी एवं पेंशनर्ज़ प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि बोर्ड प्रबंधन की कमजोर योजना के कारण स्मार्ट मीटरिंग को पूरे प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं पर लागू किया जा रहा है, जिससे लगभग 2500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ उत्पन्न हुआ है, जिसकी भरपाई अंतत: उपभोक्ताओं से बिजली बिलों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 13 लाख उपभोक्ताओं की खपत 125 यूनिट से कम है, जहाँ इस प्रकार के मीटरों की अनिवार्यता तर्कसंगत नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड के कर्मचारी एवं पेंशनभोगी अपनी व्यक्तिगत हैसियत में उपभोक्ता हैं तथा राज्य के अन्य सभी उपभोक्ताओं के समान अधिकार रखते हैं। वर्तमान विनियमों के अंतर्गत 'कर्मचारी' या 'पेंशनभोगी' के रूप में कोई पृथक उपभोक्ता वर्ग परिभाषित नहीं है। इस प्रकार की कोई शर्त कार्यान्वयन एजेंसी को दिए गए अनुबंध का हिस्सा नहीं है और न ही बोर्ड द्वारा इस आशय का कोई औपचारिक नीतिगत निर्णय अधिसूचित किया गया है।

**सुविधा** सीएम के निर्देश पर एक सप्ताह में शहरी विकास विभाग के नाम ट्रांसफर होगी 25 कनाल भूमि

# नादौन में 100 करोड़ से बनेगा मॉडर्न बस स्टैंड

अनंत ज्ञान

**नादौन।** मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र नादौन में मॉडर्न मल्टी स्टोरी बस स्टैंड बनेगा, जिसके लिए भूमि का चयन फिलहाल कर लिया गया है। जो शॉपिंग कांप्लेक्स, अंडर ग्राउंड पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं से लैस होगा। इस बस स्टैंड पर करीब 100 करोड़ लागत आएगी। इस मॉडर्न बस स्टैंड के लिए नादौन की इंद्रपाल मार्किट में स्थित वर्तमान बस स्टैंड का ही विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर इस करीब 30 कनाल भूमि पर बनने वाले मॉडर्न बस स्टैंड के लिए करीब 25 कनाल को शहरी विकास विभाग के नाम स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की में तेजी से कार्य हो रहा है। नादौन बस स्टैंड के साथ लगती राजस्व विभाग की जमीन/कानूनगो व पटवारी कार्यालय व परिसर वाली भूमि, नगर परिषद कार्यालय व कृषि विभाग का स्टोर व जमीन, बस स्टैंड के साथ लगती पंचायत समिति (ग्रामीण विकास विभाग) की भूमि की एनओसी जारी हो चुकी है। जबकि फोरेस्ट विभाग की भूमि को भी स्क्वायर किए जाने की प्रक्रिया जारी है। एफआरए समिति ने भी इस भूमि पर कम्युनिटी हाल बनाए जाने के लिए सहमति जताई है। जिसकी स्वीकृति आते ही यह करीब 5 कनाल भूमि भी एक्वायर कर ली जाएगी। नए बस स्टैंड को शानदार बनाने के लिए नादौन बस स्टैंड की मार्किट में स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की बिल्डिंग आस पास के खोखों सहित करीब 100 दुकानों को भी डिस्मेंटल किया जाएगा ताकि बढ़िया बस स्टैंड व शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाया जा सके। इस बस स्टैंड में अंडर ग्राउंड बड़ी पार्किंग भी प्रस्तावित है। जिससे पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगी। प्रस्तावित बस स्टैंड में अंडर ग्राउंड पार्किंग सहित चार मंजिला होगा। जो सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। करीब 100 दुकानों का शॉपिंग कांप्लेक्स के अलावा करीब 100 चार पहिए वाहनों के लिए अंडर ग्राउंड पार्किंग होगी। उसके धरातल मंजिल पर करीब दो दर्जन बसों के एक साथ खड़े होने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा इस बस स्टैंड के भवन में कम्यूनिटी हॉल, सिनेमा हॉल, 16 शौचालय, मेल-फीमेल वेटिंग रूम, क्लॉक रूम, पुलिस कंट्रोल रूम, विभागीय रूमस, सीड़ियों के अलावा लिफ्ट की सुविधा भी होगी।


नादौन बस स्टैंड की फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

◆ **शॉपिंग कांप्लेक्स व पार्किंग सहित आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस**

> **नादौन** बस स्टैंड मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। जिसकी पहली किस्त जारी हो चुकी है। सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस इस बस स्टैंड की ऊपरी मंजिल पर नगर परिषद का शानदार कार्यालय बनाया जाएगा। इस आधुनिक बस स्टैंड के लिए नादौन शहर मुख्यमंत्री का धन्यवादी है।
>
> **-शम्मी सोनल, अध्यक्ष, नगर परिषद नादौन।**



> **मुख्यमंत्री** के निर्देश पर नादौन बस स्टैंड के लिए भूमि की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। एक सप्ताह के भीतर विभिन्न विभागों की करीब 25 कनाल भूमि शहरी विकास विभाग के नाम स्थानांतरित कर ली जाएगी। उसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सरकार ने पहली किस्त 25 करोड़ रुपए जारी कर दी है।
>
> **-निशांत शर्मा, एसडीएम, नादौन।**



न्यूज ब्रीफ

## पुलिस चंबा की कार्रवाई, दो अभियोग दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में कॉलेज परिसर में हुए विवाद को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए हैं। दोनों मामलों में अन्वेषण जारी है व पुलिस तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पहला मामला अभियोग संख्या 40/26 के तहत पुलिस थाना सदर में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता राजेश कुमार निवासी बाथी ने प्रदीप व तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, जब एबीवीपी संगठन सुल्तानपुर कॉलेज में एसएफआई के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहा था, तब आरोपियों ने प्रदर्शन में बाधा डालते हुए गाली-गलौज की तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। दूसरा मामला अभियोग संख्या 41/26 के तहत पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता इकबाल निवासी बड़ेथी ने ललित व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार, कुछ युवक उन्हें घूर रहे थे और हमला करने की तैयारी में थे। आरोप है कि जब वे लाइब्रेरी की ओर जा रहे थे, तो उक्त व्यक्तियों ने प्रदीप को धक्का दिया, उसके मुंह पर वार किया और उसके साथियों के साथ मारपीट की। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधीक्षक, चंबा ने बताया कि घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच की जा रही है व दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कॉलेज परिसर में हुई इस घटना से छात्रों व अभिभावकों में चिंता का माहौल है। प्रशासन ने सभी छात्र संगठनों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

## कैंसर पीड़ित की मदद कर दिखाई इंसानियत



**अनंत ज्ञान, सलूणी।** भांदल क्षेत्र के गांव जैंथल, डाकघर संघणी, तहसील सलूणी के रहने वाले प्रवीन कुमार (पुत्र प्यार सिंह) इस समय कैंसर जैसी भयानक बीमारी से जूझ रहे हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही अच्छे-अच्छों का हौसला डगमगा जाता है। मगर प्रवीन कुमार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि वे अपने इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हो गए हैं, जब यह दर्दभरी खबर समाजसेवा के लिए सदैव अग्रणी रहने वाले शिव शक्ति यूथ क्लब डलहौजी के अध्यक्ष प्रवीण टंडन तक पहुंची, तो उन्होंने बिना किसी विलंब के मानवता का असली फर्ज निभाया। उन्होंने चंबा से लेकर एम्स बिलासपुर तक मरीज के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था अपने निजी धन से करवाई। सिर्फ यही नहीं, बल्कि वहां उनके रहने व खाने का पूरा प्रबंध स्वयं के खर्च पर किया। आज के समय में, जब लोग अक्सर अपने स्वार्थ तक सीमित रहते हैं, ऐसे में किसी जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आना इंसानियत की बड़ी मिसाल है। प्रवीण टंडन का यह कदम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में उन्होंने इंसानियत की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए किहार क्षेत्र के त्रिभोल निवासी फारूक को भी उपचार के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज जाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समाज में ऐसे उदाहरण यह साबित करते हैं कि मानवता अभी जिंदा है, बस जरूरत है एक संवेदनशील दिल और मदद करने की भावना की।

## 'छड्डी गेया तू वो संसार' गीत यूट्यूब पर रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वर्गीय प्रसिद्ध लोक गायक शेर सिंह की याद में ऑडियो गीत 'छड्डी गेया तू वो संसार' जालपा माता प्रोडक्शन के बैनर तले यूट्यूब पर रिलीज हुआ। चंचल कुमार सरोलवी द्वारा लिखित व कंपोज गीत को करण प्रिय मधुर संगीत से नरेंद्र निंदू ने संवारा है और हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक जगदीश सोनी ने अपनी मधुर आवाज से सजाया है। प्रोड्यूसर वरिष्ठ साहित्यकार चंचल कुमार सरोलवी ने संगीत प्रेमियों व आम जनता से अपील की है कि यूट्यूब पर रिसर्च करके जालपा माता प्रोडेक्शन चैनल में शेर सिंह की याद में लिखा गीत जरूर सुनें।

# चंबा में क्लस्टर प्रणाली के विरोध में शिक्षकों की हुंकार

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में लागू की गई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ जिला मुख्यालय चंबा में प्राथमिक शिक्षकों का आक्रोश खुलकर सामने आया। हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जिला अध्यक्ष पुनीत निराला के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने एक विशाल रैली निकालकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

रैली की शुरुआत भरमौर चौक से हुई, जो मुख्य बाजार से होते हुए डीसी कार्यालय तक पहुंची। हाथों में तख्तियां व बैनर लिए शिक्षकों ने सरकार से क्लस्टर प्रणाली की अधिसूचना तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि सरकार ने मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो शिक्षक 'आर-पार' की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होंगे। जिला अध्यक्ष पुनीत निराला ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्ष 1984 में लंबे संघर्ष के बाद बने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के अस्तित्व पर अब खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि नई क्लस्टर प्रणाली से जेबीटी शिक्षकों की भविष्य में होने वाली पदोन्नतियां प्रभावित होंगी। निराला ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में शिक्षकों को अवकाश व अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए स्कूल के मुख्य शिक्षक के साथ-साथ क्लस्टर हेड व बीईईओ को भी रिपोर्ट करना पड़ रहा है, जिससे प्रशासनिक दुविधा व कार्यभार बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में वे मुख्यमंत्री से छह बार मिल चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने 23 सितंबर, 2025 को जारी क्लस्टर प्रणाली की अधिसूचना को प्राथमिक शिक्षा ढांचे के लिए घातक बताते हुए कहा कि अब 'पानी सिर से ऊपर' जा चुका है और शिक्षक अपनी एकजुटता का परिचय देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रैली में जिले के सभी खंडों से शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।



सैकड़ों शिक्षकों ने निकाली विशाल रैली, सरकार को दी 'आर-पार' की चेतावनी। अनंत ज्ञान

## साइबर क्राइम पर विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** गैहरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तर पर बेस्ट एसएमसी अवॉर्ड, समुदाय जागरूकता कार्यक्रम, ग्रैंड पेरेंट्स-डे, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस तथा शिक्षा संवाद के अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पाठशालाओं से आए अध्यापकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खंड परियोजना अधिकारी सुदिर कुमार ठाकुर ने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय-समुदाय सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। बेस्ट एसएमसी अवॉर्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छतराड़ी को तथा माध्यमिक स्तर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय हिबरा को प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति गैहरा के अध्यक्ष देवराज मुख्यातिथि तथा छतराड़ी के एसएमसी अध्यक्ष सुखपाल शर्मा विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता ने बालिकाओं के स्वास्थ्य पर जागरूकता व्याख्यान दिया, जबकि साइबर क्राइम पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में भाषण, क्विज और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्यातिथि एवं खंड परियोजना अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## प्राइमरी स्कूल कठवाड़ भवन पर भ्रष्टाचार के आरोप, एसएमसी ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

अनंत ज्ञान



**ओपी शर्मा, भरमौर।** एनएचपीसी की सीएसआर योजना के तहत स्वीकृत 15.50 लाख रुपए से बने ग्राम पंचायत ब्रेही के प्राइमरी स्कूल कठवाड़ के नए भवन को लेकर स्कूल प्रबंधन कमेटी (एसएमसी) और स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसएमसी अध्यक्ष व ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं।

स्कूल की छत पर लगाई गई टिन चादर को कमजोर बताते हुए कहा गया है कि उसे सही तरीके से फिट नहीं किया गया है, जो तेज हवा में उड़ सकती है। इसके अलावा स्कूल परिसर के चारों ओर लगाई गई रेलिंग भी हिल रही है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बताया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल भवन निर्माण के दौरान ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह से दरकिनार किया गया है। इससे भविष्य में काफी खतरा पैदा हो सकता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब निर्माण कार्य में खामियां स्पष्ट हैं, तो संबंधित विभाग ने किस आधार पर भवन को लगभग तैयार मान लिया। जानकारी के अनुसार भवन निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को सौंपी गई थी, जबकि निगरानी की जिम्मेदारी विकासखंड अधिकारी मैहला की ओर से सुनिश्चित की गई थी। बताया जा रहा है कि यह स्कूल पिछले करीब दस वर्षों से एक निजी भवन में संचालित हो रहा है। वर्तमान भवन के मालिक को किराया भी नहीं मिल रहा है और घर के मुखिया की बीमारी के चलते स्कूल को जल्द शिफ्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है। हाल ही में आयोजित एसएमसी बैठक में स्कूल को जल्द टेकओवर करने का मुद्दा उठा, इसी दौरान निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं की बात सामने आई। स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्षा खितो देवी ने भी आरोप लगाया कि छत की चादरों पर नट-बोल्ट सही तरीके से नहीं लगाए गए हैं और रेलिंग भी असुरक्षित है, जिससे बच्चों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं, ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान राकेश कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भवन पूरी तरह तैयार है और यदि कहीं कोई कमी है तो उसे तुरंत ठीक कर दिया जाएगा।

## चुराह के विकास को मिली नई रफ्तार किरेन रिजिजू का दौरा ऐतिहासिक : बट्ट

अनंत ज्ञान



**चंबा।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के चुराह दौरे को ऐतिहासिक करार देते हुए दिलदार अली बट्ट ने कहा कि यह दौरा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री के आगमन पर करोड़ों रुपए की विकासात्मक योजनाओं की सौगात चुराह को मिली है, जिससे युवाओं को रोजगार, शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में व्यापक लाभ मिलेगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अब दूरदराज क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है व चुराह भी इससे अछूता नहीं रहेगा। मंत्री ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना व संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी दी कि युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वरोजगार योजनाएं तथा बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शिक्षा संस्थानों के उन्नयन और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दिलदार अली बट्ट ने कहा कि यह दौरा न केवल विकास योजनाओं की घोषणा तक सीमित है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में भी निर्णायक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में चुराह विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## नाग राज चैलेंज कप का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** क्षेत्र में खेल व युवा ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित नाग राज चैलेंज कप सीजन-2 का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी मंडल सलूणी के अध्यक्ष मदन ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि आपसी भाईचारे व अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में कर्म सिंह (कार्यालय सचिव), हिमिया राम (कर्मचारी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक), देस राज (एसटी मोर्चा जिला चंबा महामंत्री), प्रवीन शर्मा (युवा मोर्चा महामंत्री), प्रवीन शर्मा (उपाध्यक्ष एवं मोर्चा मंडल डलहौजी) और रवि शर्मा (चुनाव प्रकोष्ठ मंडल संयोजक) विशेष रूप से उपस्थित रहे। टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## चंबा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# रंगोली प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, पूर्णिमा द्वितीय

अनंत ज्ञान

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में विज्ञान संकाय के प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भू-विज्ञान, गणित तथा कंप्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026' के उपलक्ष्य पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. बिपन राठौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से किया गया। तत्पश्चात आयोजकों ने उन्हें बैज, टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पीपीटी प्रस्तुति, विज्ञान मॉडल व भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न विज्ञान-आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में विज्ञान के विभिन्न विभागों के पुरुष व महिला वर्ग के मध्य रस्साकस्सी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही।



मुख्यातिथि ने कहा कि यह दिवस केवल एक वैज्ञानिक खोज का उत्सव नहीं, बल्कि जिज्ञासा, तर्कशीलता, नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करने का अवसर है। विज्ञान हमें अंधविश्वास से मुक्त कर सत्य के मार्ग पर अग्रसर करता है तथा राष्ट्र की प्रगति और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने, प्रश्न पूछने और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विज्ञान की ऐतिहासिक उपलब्धियों और आधुनिक युग में उसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। निर्णायकों के अंतिम परिणामों के अनुसार भाषण प्रतियोगिता में पवित्रा राणा प्रथम तथा याशिका द्वितीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में स्नेहा ने प्रथम एवं पूर्णिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अक्षय, तुषार और रुपाली की टीम प्रथम तथा पंकज, रोहित और साहिल की टीम द्वितीय रही। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में ऐशना, भूमिका, कृतिका और इशिका की टीम प्रथम तथा कृति और अक्षय की टीम द्वितीय रही। पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता में श्रेया प्रथम एवं अक्षय द्वितीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# लक्ष्मी बाजार के निजी होटल में व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लक्ष्मी बाजार स्थित निजी होटल के एक कमरे से व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जाटू राम पुत्र सौजू राम, निवासी गांव लपास, तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाटू राम ने बीती रात होटल में ठहरने के लिए कमरा किराए पर लिया था। सुबह के समय संबंधित कमरे से धुआं निकलता देख होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया, जहां व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने कमरे का गहन निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए और घटनास्थल की परिस्थितियों की वैज्ञानिक जांच शुरू की। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## सड़क हादसे में अमृतसर के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** किरतपुर मनाली फोरलेन पर पंडोह के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब के अमृतसर निवासी 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजिन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार, निवासी गांव गोपालपुरा, जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिन्द्र कुमार अपने एक साथी के साथ बाइक पर अमृतसर से मणिकर्ण की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक भी कुल्लू की दिशा में जा रहा था। पंडोह के पीवीटी मोड़ के पास अचानक बाइक और ट्रक मे टककर हो गई, जिससे दोनों सवार सड़क पर गिर गए। हादसे के दौरान राजिन्द्र कुमार का सिर ट्रक के अगले टायर के नीचे आ गया, जिससे उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक को मंडी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इसे मृत घोषित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पंडोह पुलिस मौके पर पहुंची । मामले की पुष्टि करते हुए विनोद कुमार , एसपी मंडी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद पंजाब से आए गुस्साए बाइकरों ने आक्रोश में ट्रक के शीशे तोड़ दिए। स्थिति बिगड़ती देख ट्रक चालक अपनी जान बचाकर वहां से भाग गया और सीधे पंडोह पुलिस चौकी पहुंचकर शरण ली।

# गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध की यात्रा

## महोग से सुंदरनगर तक की पैदल यात्रा की कमेटी ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** सुकेत रियासत के गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध की ऐतिहासिक देव यात्रा को लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा देव कमेटी द्वारा जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि राजशाही के बाद 180 वर्षों के उपरांत सुंदरनगर पहुंचने पर इस बार राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम सीमा पर है। कारदार टीसी ठाकुर, मुख्य भंडारी हुक्म चंद ठाकुर और मंदिर कमेटी के प्रधान ध्यान सिंह ठाकुर ने कहा कि गढ़पति श्री नाग च्वासी सिद्ध की सुंदरनगर यात्रा 18 मार्च को महोग मंदिर से विधिवत रूप में शुरू हो जाएगी। इस लगभग 170 किलोमीटर की पैदल यात्रा को लेकर विभिन्न स्थानों पर ठहराव, भोजन और स्वागत की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

यात्रा के पहले दिन 18 मार्च को देवता महोग मंदिर से प्रस्थान कर करसोग पुराना बाजार पहुंचेगी। दोपहर का भोजन केलोधार में होगा, जबकि रात्रि पड़ाव श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर करसोग में रहेगा। यहां भोजन की व्यवस्था पूर्व प्रधान महोग एवं समाजसेवी रूप लाल ठाकुर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को दूसरे दिन सुबह का भोजन करसोग में होगा। चिण्डी में चाय-पान की व्यवस्था ठाकुर मान सिंह और उनके भतीजे सोनू ठाकुर द्वारा की जाएगी। रात्रि पड़ाव श्री महामाया मंदिर पांगणा में रहेगा, जहां भोजन की व्यवस्था पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी बसंत लाल द्वारा की जाएगी। 20 मार्च को तीसरे दिन सुबह का भोजन पांगणा में होगा और रात्रि पड़ाव श्री कमरूनाग मंदिर रोहांडा में रहेगा। यहां भोजन की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जाएगी। 21 मार्च को चौथे दिन सुबह का भोजन रोहांडा में होगा और रात्रि पड़ाव श्री कामाक्षा भगवती मंदिर जयदेवी में रहेगा, जहां भोजन की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की जाएगी।

22 मार्च को पांचवें दिन सुबह का भोजन जयदेवी में करने के बाद देव यात्रा सुंदरनगर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि 22 से 24 मार्च तक रहने और खाने की व्यवस्था सुंदरनगर शहर के रोपा में मनाली स्वीट्स द्वारा की गई है, जबकि 24 से 25 मार्च तक सुपर बाजार सुंदरनगर में देवलुओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी। देवता के कारदार टीसी ठाकुर, मुख्य भंडारी हुक्म चंद ठाकुर और मंदिर कमेटी के प्रधान ध्यान सिंह ठाकुर ने समस्त च्वासी वासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक रथ यात्रा में सहयोग करें और इस पावन अवसर के साक्षी बनें।

# सुहाना ठाकुर ने जिलास्तरीय विज्ञान मॉडल स्पर्धा में पाया द्वितीय स्थान



सुहानी ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा की कक्षा 10+1 की मेधावी छात्रा सुहाना ठाकुर ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इससे पूर्व ब्लॉक सरकाघाट स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने जिला स्तर के लिए चयन सुनिश्चित किया था। जिला प्रतियोगिता में सुहाना ने नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि में प्रधानाचार्य कमलेश ठाकुर, शिक्षक राकेश ठाकुर (प्रवक्ता, रसायन शास्त्र) तथा पाठशाला के समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन रहा। सुहाना के माता-पिता विनय ठाकुर एवं शशि ठाकुर ने इसे उसकी मेहनत और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम बताया। प्रधानाचार्य कमलेश ठाकुर, समस्त प्रवक्ता व अध्यापकगण, एसएमसी अध्यक्ष लेख राज राठौर, पूर्व एसएमसी अध्यक्षा कुसम वर्मा तथा एसएमसी कार्यकारिणी सदस्यों ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता | 218 रन बनाकर एलाइट 11 को 50 रन से हराया, भरत ठाकुर ने 4 ओवर में झटके 4 विकेट

# रॉयल 11 बनी व्यापार मंडल क्रिकेट लीग सीजन-1 की चैंपियन

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** व्यापार मंडल क्रिकेट लीग सीजन-1 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रॉयल 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलाइट 11 को 50 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान अजय बावा के मार्गदर्शन में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 218 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अजू ने 22 गेंदों में 47 रन की विस्फोटक पारी खेली। पंकज कुमार ठाकुर ने 41 रन, होशियार लगवाल ने 36 रन तथा केवल ने 27 रन का योगदान दिया। टीम को अतिरिक्त रनों के रूप में 36 रन प्राप्त हुए, जिसने स्कोर को मजबूत आधार प्रदान किया। 218 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलाइट 11 की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 168 रन ही बना सकी। एलाइट 11 की ओर से सुनील कुमार ने 39 गेंदों में शानदार 70 रन बनाकर संघर्ष किया, जबकि प्रताप सिंह ने 30 रन और अरिंदम ने 28 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई। रॉयल 11 की जीत के नायक भरत ठाकुर रहे, जिन्होंने किफायती और घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 16 रन देकर 4 विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। फाइनल मुकाबले में समाजसेवी संजीव भंडारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लीग के सफल आयोजन के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा क्रिकेट मैट भेंट की। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी।

व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने 'अतिथि देवो भव' की परंपरा निभाते हुए मुख्य अतिथि को शाल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महासचिव सतवीर शर्मा ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने पर आभार व्यक्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में सुनील कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रताप ठाकुर को बेस्ट बल्लेबाज ऑफ द सीरीज तथा भरत ठाकुर को बेस्ट गेंदबाज ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। रूही गारमेंट्स की ओर से खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया।लीग का पहला सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की।



व्यापार मंडल क्रिकेट लीग सीजन-1 की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

# बरसात में उजड़ा आंगन हुआ गुलजार : धियूं गांव के धर्मपाल का फिर से बनने लगा आशियाना

अनंत ज्ञान

- सुक्खू सरकार की मदद से आपदा प्रभावित परिवारों का पुनर्वास संभव
- प्रदेश सरकार की सहायता ने पीड़ित परिवार को दी राहत और सहारा

**मंडी।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार एक मजबूत सहारा बन रही है। गत बरसात के मौसम में अपने घर खो चुके प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से बढ़ी हुई सहायता राशि मिलने पर अब उनका अपने उजड़े आशियाने फिर से बसाने का सपना सच हो रहा है।

मंडी जिला के सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत बीर के धियूं गांव निवासी धर्मपाल सिंह ने बताया कि 16 अगस्त, 2025 की रात हुई भारी बारिश से उन पर ऐसा कहर बरपा कि उनका पांच कमरों का मकान आंखों के सामने क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही एक पशुशाला और करीब अढ़ाई बीघा जमीन भी भारी बारिश से बह गई। ऐसे में सुक्खू सरकार ने उनकी पीड़ा को समझा और आपदा प्रभावितों के लिए घोषित विशेष राहत पैकेज के तहत उन्हें घर बनाने तथा गौशाला के लिए उचित राहत राशि मंजूर की।

धर्मपाल बताते हैं कि इस आपदा के बाद वे अपने परिवार सहित बेघर हो गए और रिश्तेदारों के पास शरण लेनी पड़ी। राज्य सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए अब सात लाख रुपये की राशि तथा घरेलू सामान के लिए भी एक लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। पहली किस्त के रूप में उन्हें 4 लाख रुपए प्राप्त हो चुके हैं। इससे उन्होंने अपने मकान का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है। साथ ही पशुशाला के लिए भी उचित राशि जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और सरकारी सहायता के बिना मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी रही, जिससे उनके जीवन में फिर से आशा की किरण जगी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए धर्मपाल कहते हैं कि प्रदेश सरकार की मदद से हमारे टूटे घर और गौशाला को दोबारा बनाने का सपना साकार हो रहा है। उम्मीद है कि अगली बरसात से पहले ही घर बन कर तैयार हो जाएगा।

> **अविश्वास** आदमी की प्रवृत्ति को जितना बिगाड़ता है, विश्वास उतना ही बनाता है।
>
> -धर्मवीर भारती

## संपादकीय

# टोल टैक्स पर जनाक्रोश

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में वाहनों के प्रवेश शुल्क में की गई बढ़ोतरी ने राज्य के ट्रक ऑपरेटरों, निजी बस मालिकों और आम जनता में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। सैकड़ों ट्रक चालक और वाहन ऑपरेटर सड़क पर उतर आए हैं और सरकार के इस निर्णय को मनमाना और जनविरोधी बताते हुए आए दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। निजी बस ऑपरेटर संघ और बस एंड कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य इकाई भी इस बढ़ोतरी के खिलाफ मोर्चा खोल चुकी है। यह विरोध आर्थिक दबाव के कारण ही नहीं हो रहा है, बल्कि प्रशासनिक असंतोष के खिलाफ भी हो रहा है।

हल्के वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए शुल्क 70 रुपए से बढ़ाकर 170 रुपए कर दिया गया है। राज्य में इस समय कुल 55 टोल बैरियर हैं और अब फास्टैग भी अनिवार्य कर दिया गया। बड़े व्यावसायिक वाहनों, विशेषकर सात या अधिक एक्सल वाले ट्रकों के लिए शुल्क बढ़ाकर 900 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया, जो पहले 720 रुपए था।

इस बढ़ोतरी का असर केवल ट्रक और बस ऑपरेटरों पर ही नहीं, बल्कि आम जनता, व्यापारियों और पर्यटकों पर भी पड़ रहा है। माल भाड़ा महंगा होगा, जिससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी। रोजाना ड्यूटी पर जाने वाले छोटे व्यवसायी और आम नागरिक इस अतिरिक्त बोझ को सीधे झेलेंगे। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन और परिवहन पर आधारित है। यदि एंट्री टैक्स और टोल दरें बढ़ी रहीं, तो पर्यटकों की संख्या घट सकती है और राज्य की आर्थिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

सरकार ने इस निर्णय के पीछे अपनी आमदनी बढ़ाने का कारण बताया है, लेकिन नीति के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को नजरअंदाज किया गया है। आर्थिक दृष्टि से यह बढ़ोतरी अस्थायी लाभ दे सकती है, लेकिन लंबी अवधि में इसके नकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। आंदोलन अब उग्र रूप ले चुका है। विरोध प्रदर्शन करने वाले ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि टोल टैक्स बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया गया, तो राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिए जाएंगे। इससे न केवल परिवहन कारोबार पर असर पड़ेगा, बल्कि आम जनता को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि नीति निर्माण में जनता की सहमति और उनकी क्षमता को समझना कितना महत्वपूर्ण है।

सरकार को चाहिए कि वह इस मामले में पुनर्विचार करे और टोल दरों में इस अचानक और भारी वृद्धि को वापस लेकर सबके लिए रियायत प्रदान करे। एक अच्छा प्रशासन केवल राजस्व जुटाने में सफल नहीं होता, बल्कि वह जनता की सुविधा, व्यापारिक हितों और राज्य की स्थिरता का भी संतुलन बनाए रखता है। यदि केवल वित्तीय लाभ पर ध्यान केंद्रित किया गया, तो लंबे समय में यह असंतोष और विरोध की स्थिति पैदा करेगा। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ पर्यटन है। यदि वाहनों पर प्रवेश शुल्क और टोल दरों में भारी वृद्धि होती रही, तो छोटे और मध्यम व्यापारियों की आय घटेगी। इससे रोजगार अवसर घट सकते हैं और प्रदेश की आर्थिक स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पर्यटन पर नकारात्मक असर राज्य के लिए गंभीर चुनौती है।

इसके साथ ही, नीति निर्माताओं को यह समझना होगा कि आर्थिक निर्णय केवल राजस्व बढ़ाने तक सीमित नहीं रह सकते। प्रशासनिक निर्णयों का प्रभाव सीधे जनता, व्यवसाय और राज्य की सामाजिक-आर्थिक संरचना पर पड़ता है। इसलिए निर्णय लेते समय सामाजिक न्याय, आर्थिक संतुलन और जनता की सहमति को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

आखिरकार, हिमाचल प्रदेश में टोल टैक्स बढ़ोतरी का मामला यह स्पष्ट करता है कि नीति केवल लिखित आदेश नहीं, बल्कि जनता के जीवन और उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों पर प्रभाव डालने वाली प्रक्रिया है। यदि सरकार जनता के हितों को नजरअंदाज करती है, तो यह विरोध, असंतोष और आंदोलन को जन्म देती है। नीति केवल वित्तीय लाभ का साधन नहीं, बल्कि समाज, व्यापार और पर्यटन के हितों का संतुलन बनाए रखने का माध्यम भी होनी चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रमुख तीरंदाज

**जयन्त तालुकदार** भारत के अग्रणी तीरंदाज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वर्ष 2006 में विश्व के नंबर एक तीरंदाज का खिताब प्राप्त किया। इसी वर्ष उनके खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।



जयन्त तालुकदार
जन्म : 2 मार्च, 1986

जयन्त का जन्म गुवाहाटी, असम में हुआ। वे अपने परिवार के सबसे छोटे सदस्य हैं और उनके पिता खदान के मालिक हैं। बचपन से ही खेलों में रुचि रखने वाले जयन्त ने गुवाहाटी में तीरंदाजी के कैंप में प्रतिभा दिखाई। बाद में उन्होंने टाटा तीरंदाजी अकादमी, जमशेदपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी शारीरिक क्षमता तथा निशानेबाजी की कुशलता से कोचों को प्रभावित किया।

2004 में जयन्त ने जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और ब्रिटेन में भारतीय टीम को रजत पदक दिलाया। इसके बाद 2005 में कोच्चि में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने कई बड़े नामी खिलाड़ियों को परास्त किया। इसी वर्ष क्रोएशिया के पोरेक में हुए 'फीटा माटेकसन आर्चरी वर्ल्ड कप' में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर विश्व स्तर पर नंबर दो की रैंकिंग प्राप्त की।

वर्ष 2006 में कोलंबो में हुए दक्षिण एशियाई (सैफ) खेलों में जयन्त ने पुरुषों का तीरंदाजी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप में टीम रजत पदक और 2006 के दोहा एशियाई खेलों में टीम कांस्य पदक भी उनके नाम रहे। जयन्त तालुकदार भारतीय तीरंदाजी में ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने व्यक्तिगत और टीम दोनों स्तरों पर विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने अपनी मेहनत, कौशल और समर्पण से न केवल पदक और पुरस्कार जीते, बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। आज भी वे विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और भारतीय तीरंदाज़ी का गौरव बढ़ा रहे हैं। ■



कविता

### रंग बिरंगी होली

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, टावा स्कूल, त. बल्ह, जिला मंडी, मो. 89882-23448

**आओ** सब मिलकर हम मंगल गा लें
होली के अवसर पर हम खुशियां मना लें ।
आओ रंग-बिरंगे फूलों से हम थालियां सजा लें
फिर सब शहर वासियों को हम पास बुला लें।
पहला रंग फूलों संग राधा कृष्ण को चढ़ा लें
फिर माता-पिता के चरणों पर हम शीश नवा लें।
भैया भाभी,चाचा चाची,बेटे बेटियों को हम बुला लें
बहन बहनोई को भी इकट्ठे होली का हम रंग लगा लें।
आपसी बैर विरोध की भावना को हम जड़ से मिटा लें
फिर आपसी प्रेम प्यार से रंग और गुलाल उड़ा लें।
आओ सब मिलजुल कर रंग भरी पिचकारियां चला लें
प्रेम से गलियों मोहल्लों में हम ढोल नगाड़े बजा लें।
एक-दूसरे का सम्मान करके हम फूलमालाएं पहना लें
रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाकर घर आंगन सजा लें।
सभी कुप्रथाओं, कुविचारों को अग्नि में जला लें
सद विचारों से हम अपने मन मंदिर सजा लें।
आओ प्रेम प्यार से होली का रंग आपस में लगा लें
होली के पावन अवसर पर हम जश्न मना लें।
एक दूजे पर रंग डालकर रूठे भाई बहनों को मना लें
रिश्तों में मिठास बनी रहे इसलिए मिठाई मिल बांट कर खा लें।

# क्या जाति हिंदू समाज की समस्या है या औपनिवेशिक व्याख्या की उपज?

कभी-कभी लगता है कि हम अपने ही इतिहास को किसी और की आंखों से पढ़ रहे हैं। जब आप अपनी सभ्यता को अपनी दृष्टि से नहीं, बल्कि अपने शासक की दृष्टि से देखते हैं, तब फिर ये तय है कि धीरे-धीरे आप अपने ही समाज को दोष की स्थायी कहानी में बदल देते हैं। जाति विमर्श के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है और हो रहा है ।




दीपक कुमार द्विवेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज जो कथन सामान्य हो गया है, जैसे '3000 वर्षों तक कुछ जातियों ने कुछ जातियों का शोषण किया', 'ब्राह्मण शाश्वत शोषक हैं', 'सामान्य वर्ग ऐतिहासिक अपराधी है', 'जाति ही हिंदू समाज की सबसे बड़ी समस्या है', इन वाक्यों की जड़ें सिर्फ समकालीन राजनीति में नहीं हैं। इनकी बौद्धिक पृष्ठभूमि औपनिवेशिक लेखन, मिशनरी रणनीति, एंग्लिसिस्ट इतिहास, जनगणना आधारित वर्गीकरण और आधुनिक वामपंथी बाइनरी सिद्धांतों में निहित है।

सबसे पहले उस तथ्य को समझें, जिसे प्राय: पीछे कर दिया जाता है। 1816 में फ्रांसीसी मिशनरी अब्बे जां आंत्वान डुबोआ ने अपनी पुस्तक Description of the Character, Manners and Customs of the People of India में लिखा कि जाति व्यवस्था हिंदू विधान की श्रेष्ठतम कृति है और इसी व्यवस्था के कारण भारत अराजकता में नहीं डूबा। उन्होंने माना कि जातिगत अनुशासन ने सामाजिक संगठन को स्थिर रखा। यह कथन किसी सनातनी दार्शनिक का नहीं, बल्कि एक यूरोपीय मिशनरी का था जो मतांतरण के उद्देश्य से भारत आया था। इसका अर्थ यह है कि प्रारंभिक बाहरी दृष्टि में जाति को केवल दमन तंत्र के रूप में नहीं देखा गया। फिर दृष्टि बदली और 1857 के बाद अंग्रेजों ने यह निष्कर्ष निकाला कि भारत को नियंत्रित करने के लिए केवल सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं है, समाज को वर्गीकृत करना होगा। यहीं से तथाकथित नृवंशविज्ञानिक राज्य की अवधारणा जन्म लेती है।

1872 की पहली अखिल भारतीय जनगणना ने जाति को स्थायी प्रशासनिक श्रेणी बना दिया। हजारों स्थानीय और लचीली पहचानों को कठोर सांख्यिकीय खांचों में बांध दिया गया। आगे चलकर एच एच रिस्ले ने 1901 की जनगणना में जाति को नस्लीय सिद्धांतों से जोड़ने का प्रयास किया। नाक की लंबाई और कपाल की बनावट तक को आधार बनाया गया। इस प्रकार जाति एक जीवंत सामाजिक संरचना से अधिक औपनिवेशिक नियंत्रण का उपकरण बनती चली गई। इसी काल में मिशनरी विमर्श ने दूसरा आयाम जोड़ा।



अनेक मिशनरियों ने कहा कि ब्राह्मण, ईसाई मतांतरण की सबसे बड़ी बाधा हैं। एमए शेरिंग ने लिखा कि जाति ब्राह्मणों की रचना है। ब्राह्मण को योजनाबद्ध रूप से षड्यंत्रकारी और तानाशाही सिद्ध किया गया। यहां दानवीकरण की प्रक्रिया स्पष्ट दिखाई देती है। जब किसी एक समुदाय को समस्त सामाजिक दोष का प्रतीक बना दिया जाता है, तो समाज की नैतिक संरचना कमजोर होती है।

जेम्स मिल ने अपनी History of British India में मनुस्मृति को पूरे हिंदू समाज का प्रतिनिधि विधान मानकर यह स्थापित किया कि भारतीय समाज दमनकारी है और राजनीतिक रूप से दुर्बल है। इस कथा ने अंग्रेजी शासन को नैतिक औचित्य प्रदान किया कि वे भारत को सभ्य बनाने आए हैं। यहीं से अत्याचार साहित्य की धारा प्रबल हुई, जिसमें भारतीय समाज को सहस्राब्दियों से स्थायी अत्याचार तंत्र के रूप में चित्रित किया गया।

अब दार्शनिक पक्ष पर विचार करें। भारतीय चिंतन कहता है कि सृष्टि त्रिगुणात्मक है। सत्व, रजस और तमस के विविध अनुपात से व्यक्तियों के गुण और प्रवृत्तियां निर्मित होती हैं। जब सृष्टि ही विविध है, तब समाज को पूर्ण समानता के एकरूप सांचे में ढालने का आग्रह प्रकृति विरोधी माना गया। भिन्नता अपने आप में अन्याय नहीं है। अन्याय तब है जब गरिमा और अवसर छीन लिए जाएं। भारतीय सामाजिक संगठन का मूल भाव कर्तव्य विभाजन और परस्पर निर्भरता था। यदि यह केवल दमन तंत्र होता, तो सहस्राब्दियों तक सांस्कृतिक निरंतरता संभव न होती।

आधुनिक सामाजिक न्याय का विमर्श अक्सर 'हजारों वर्षों के शोषण' की एकरेखीय कथा प्रस्तुत करता है, पर इतिहास न तो पूरी तरह रेखीय होता है और न हर काल-प्रदेश में शक्ति संबंध समान रहते हैं। यदि आज समुदायों को स्थायी दोषी और स्थायी पीड़ित घोषित कर दिया जाए, तो न्याय व्यक्ति से हटकर सामूहिक दोषारोपण में बदल जाता है। पश्चिम में नस्लीय संदर्भ में विकसित सिद्धांतों को भारतीय संदर्भ में यथावत लागू करने से जटिल सामाजिक वास्तविकताएं सरल द्वंद्वों में सिमट जाती हैं।

स्वतंत्रता के बाद आरक्षण ऐतिहासिक वंचनाओं की स्वीकृति था, किंतु विस्तृत पिछड़ा वर्ग सूची ने वर्गीकरण को और जटिल बना दिया। जब बहुसंख्यक आबादी स्वयं को पिछड़ा श्रेणी में पाए, तो यह प्रश्न उठता है कि यह सामाजिक यथार्थ है या राजनीतिक संरचना।

सामाजिक विकृतियों का सुधार आवश्यक है-अस्पृश्यता अन्याय थी और उसका उन्मूलन अनिवार्य था, पर संपूर्ण सभ्यता को स्थायी अपराध कथा में बदल देना समाधान नहीं। एकता विविधता के उन्मूलन से नहीं, उसके सम्मान और समरसता से आती है। संतुलित पुनर्पाठ ही आगे का मार्ग है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बदलते सामाजिक परिवेश में युवाओं में बढ़ता अवसाद : कारण और समाधान

वर्तमान समय में देश के युवाओं के बीच डिप्रेशन (अवसाद) के बढ़ते मामले समाज के लिए गहरी चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। तेजी से बदलती जीवनशैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, करियर की अनिश्चितता और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।



केशव शर्मा
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला, घुमारवीं, जिला बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक चुनौती है, जिसे नजरअंदाज करना भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह समस्या आत्मघाती प्रवृत्तियों तक पहुंच सकती है। डिप्रेशन केवल साधारण उदासी नहीं है, बल्कि एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य विकार है। इसमें व्यक्ति लंबे समय तक निराशा, थकान, आत्मग्लानि, एकाकीपन और किसी भी कार्य में रुचि की कमी महसूस करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्वभर में करोड़ों लोग अवसाद से प्रभावित हैं और युवाओं में इसकी दर तेजी से बढ़ रही है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि मानसिक स्वास्थ्य को अब प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। युवाओं में डिप्रेशन के बढ़ने के पीछे कई कारण हैं।

सबसे प्रमुख कारण है अत्यधिक प्रतिस्पर्धा और सफलता की दौड़। आज का युवा परीक्षा, करियर और भविष्य को लेकर निरंतर दबाव में रहता है। अभिभावकों और समाज की अपेक्षाएं भी उस पर मानसिक बोझ डालती हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की अनिश्चितता और आर्थिक असुरक्षा उसे और अधिक चिंतित करती है।

सोशल मीडिया का प्रभाव भी एक महत्वपूर्ण कारक है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दूसरों की 'संपूर्ण' और 'सफल' जीवनशैली देखकर युवा तुलना करने लगते हैं। इससे उनमें हीनभावना, असंतोष और आत्मविश्वास की कमी पैदा होती है। डिजिटल रूप से जुड़े होने



के बावजूद भावनात्मक दूरी बढ़ रही है। कई युवा अपनी समस्याएं खुलकर साझा नहीं कर पाते और भीतर ही भीतर घुटते रहते हैं। अवसाद के लक्षणों को पहचानना बेहद आवश्यक है। लगातार उदासी या चिड़चिड़ापन, नींद में कमी या अत्यधिक नींद आना, भूख में बदलाव, आत्मविश्वास में गिरावट, पढ़ाई या काम में रुचि कम होना और आत्महत्या जैसे विचार आना इसके प्रमुख संकेत हैं। यदि ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें, तो विशेषज्ञ की सलाह लेना अनिवार्य हो जाता है। इन संकेतों को नजरअंदाज करना स्थिति को और गंभीर बना सकता है।

युवाओं को मानसिक अवसाद से बचाने में परिवार, विद्यालय और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बातचीत नहीं होती। इसे कमजोरी या शर्म से जोड़ दिया जाता है, जबकि यह एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है। अभिभावकों और शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर ध्यान दें और उनके साथ खुला संवाद स्थापित करें। स्कूलों और कॉलेजों में काउंसलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करना समय की मांग है। विद्यार्थियों को यह भरोसा दिलाया जाना चाहिए कि उनकी समस्याओं को समझा और सुना जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्व दिया जाना चाहिए। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक दिनचर्या अपनाने से मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। योग और ध्यान जैसी गतिविधियां तनाव कम करने में प्रभावी सिद्ध हुई हैं।

सोशल मीडिया का सीमित और सकारात्मक उपयोग आवश्यक है। युवाओं को अपनी भावनाएं किसी विश्वसनीय व्यक्ति से साझा करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मनोवैज्ञानिक या काउंसलर की मदद लेने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी है। युवाओं में बढ़ता अवसाद केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। समय पर जागरूकता, सहानुभूति और उचित परामर्श से इस संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की अर्थव्यवस्था : वादों का बोझ, जनता की टूटी कमर

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियां देखने में जितनी खूबसूरत हैं, उतनी ही गहरी खाई इस राज्य की आर्थिक स्थिति में बनती जा रही है। सरकार जितना दावा कर रही है, सच्चाई उतनी ही चिंताजनक है।



साहिल शर्मा
बहल अर्जुन, हमीरपुर (हि.प्र.)
मो. 8544705033, ईमेल : sahilsharma0400@gmail.com

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राज्य लगातार कर्ज के जाल में उलझता जा रहा है और अफसरशाही की सुस्ती ने इस संकट को और विकराल बना दिया है। जनता सब समझ रही है-वादे बहुत हो चुके, अब हिसाब चाहिए। सरकार की आर्थिक नीति की यह हालत है कि हर नई योजना हेडलाइन बनती है, लेकिन जमीन पर पहुंचने से पहले ही फाइलों की कब्रगाह में दफ्न हो जाती है। दलीलें हमेशा तैयार रहती हैं-'अनुदान नहीं मिला', 'केंद्र ने पैसा नहीं दिया', 'कर्ज की सीमा पार हो गई', लेकिन जनता को उसका हक कब मिलेगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं। ऐसा लगता है मानो सरकार पहाड़ों की चट्टानों पर नहीं, कर्ज के ढेर पर खड़ी है, जो जरा सा दबाव आते ही खिसक सकता है। राज्य की कमाई का बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन और ब्याज पर खर्च हो रहा है। विकास के लिए बहुत कम पैसा बचता है। सरकारी खजाने की हालत यह है कि बजट बनाते समय योजनाएं बड़ी दिखाई जाती हैं, लेकिन सालभर में सबसे पहले इन्हीं योजनाओं की बलि चढ़ा दी जाती है। क्या जनता को यही विकास का सपना दिखाया गया था? अफसरशाही की अकर्मण्यता राज्य को भीतर से खोखला कर रही है।

फाइलों को आगे बढ़ाने की रफ्तार धीमी हो चुकी है। नीचे स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की आवाज शायद ऊपर के कमरों तक पहुंचती ही नहीं। कोई सुनवाई नहीं, कोई न्याय नहीं-बस इंतजार। यही इंतजार पहाड़ के लाखों परिवारों की जिंदगी का सबसे बड़ा बोझ बन गया है, पर सवाल यह भी है कि क्या सारी जिम्मेदारी केंद्र पर डालकर राज्य अपनी





नाकामियों पर पर्दा डाल सकता है? नहीं। हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाएं होते हुए भी राजस्व नगण्य है। उद्योगों के लिए न कोई नीति स्पष्ट है, न ईमानदार प्रोत्साहन। कृषि और बागवानी को वैज्ञानिक और बाजार आधारित दिशा देने की बजाय, उन्हें बस भाषणों तक सीमित रखा गया। सरकार खुद कमाई बढ़ाने की हिम्मत नहीं जुटा पाई, और नतीजा यह कि कर्ज से विकास चलाने की आदत बन गई। जनता ये नहीं पूछती कि आप कितने बड़े मंच से बोलते हैं-जनता पूछती है कि जीवन में क्या बदला? क्या रोजगार मिला? क्या सुविधाएं बढ़ीं? क्या युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ? सरकार के पास न जवाब है, न योजना। बस पुरानी फाइलों पर नए नाम लिखकर उन्हें 'नई नीति' घोषित कर दिया जाता है। यह धोखा नहीं तो और क्या है? हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा मार उन कर्मचारियों पर पड़ती है जो सिस्टम को असल में चलाते हैं। नीचे स्तर के कर्मचारी कई सालों से अपने हक का इंतजार करते-करते मानसिक, पारिवारिक और आर्थिक दबाव में टूटते जा रहे हैं। नियम बदलते हैं, अफसर बदलते हैं, सरकारें बदलती हैं, लेकिन उनका जीवन वैसा ही अटका हुआ रहता है। सरकार हर मंच पर खुद को 'कर्मचारी हितैषी' कहती नहीं थकती, लेकिन कर्मचारियों को न्यूनतम अधिकार पाने के लिए वर्षों संघर्ष करना पड़ता है। सवाल उठता है कि जब सरकार 'विकास, तरक्की और रोजगार' की बातें करती है, तो सच्चाई उलट क्यों दिखती है?

क्या वादों में दम नहीं है, नीतियों में खोट है, या नीयत में कमी? जनता जान चुकी है-समस्याओं को छुपाना समाधान नहीं। आर्थिक सुधार केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं होते, वे जनता के जीवन में दिखाई देने चाहिए। अब समय है कि सरकार जनता से आंख मिलाकर सच्चाई स्वीकार करे। कर्ज पर निर्भरता कम हो, राजस्व के नए स्त्रोत खड़े हों, अफसरशाही जवाबदेह बने और योजनाओं का कार्यान्वयन ईमानदारी से हो।

हिमाचल की अर्थव्यवस्था को 'तिनके का सहारा' वाली नीतियों से नहीं, बल्कि साहसिक और कठोर फैसलों से उबारा जाना चाहिए। जनता केवल भरोसा नहीं, बदलाव चाहती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर आखिर कब लगेगी लगाम?

आज प्रदेश में शिक्षा से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर प्रश्न आम जनमानस को परेशान कर रहा है-निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष वसूली जाने वाली भारी-भरकम वार्षिक शुल्क। शिक्षा, जो मूल रूप से समाज निर्माण का आधार मानी जाती है, धीरे-धीरे व्यवसाय का रूप लेती प्रतीत हो रही है।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जागरूक अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना चाहते हैं, लेकिन निजी स्कूलों की लगातार बढ़ती फीस ने आम आदमी और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है।

स्थिति यह है कि कई क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव और शिक्षा के वातावरण की कमजोरी के कारण अभिभावक मजबूर होकर अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाते हैं। यह मजबूरी ही निजी संस्थानों की ताकत बनती जा रही है। परिणामस्वरूप, वार्षिक शुल्क, विकास शुल्क, गतिविधि शुल्क, स्मार्ट क्लास शुल्क और अन्य कई प्रकार की फीस के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जाती है। हर वर्ष इन शुल्कों में बढ़ोतरी कर दी जाती है, परंतु इस पर नियंत्रण या पारदर्शिता का अभाव साफ दिखाई देता है।

सबसे अधिक प्रभावित निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवार होते हैं। महंगाई पहले ही जीवन को कठिन बना चुकी है। ऐसे में शिक्षा का खर्च लगातार बढ़ना परिवारों के लिए गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर देता है।

कई अभिभावक अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल फीस भरने में खर्च कर देते हैं, जिससे अन्य आवश्यकताओं पर समझौता करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक तनाव का कारण भी बनती है। शिक्षा का व्यवसायीकरण समाज के लिए चिंताजनक संकेत है। यदि शिक्षा केवल धनवान वर्ग तक सीमित होती चली गई, तो सामाजिक संतुलन बिगड़ना तय है। सरकार





की जिम्मेदारी है कि वह निजी स्कूलों की फीस संरचना पर स्पष्ट और कठोर नीति बनाए। फीस निर्धारण की एक पारदर्शी प्रक्रिया हो, जिसमें अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, हर वर्ष मनमाने ढंग से की जाने वाली बढ़ोतरी पर नियामक तंत्र के माध्यम से अंकुश लगाया जाए।

इसके साथ ही सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना भी उतना ही आवश्यक है। यदि सरकारी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक, आधुनिक संसाधन और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए, तो अभिभावकों का विश्वास स्वत: बढ़ेगा और निजी स्कूलों पर निर्भरता कम होगी। शिक्षा का अधिकार केवल कागजों तक सीमित न रहकर व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए।

समाज के युवाओं, अभिभावकों और जागरूक नागरिकों का भी नैतिक दायित्व है कि वे इस मुद्दे को समय-समय पर सरकार और शिक्षा विभाग के समक्ष उठाते रहें। मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनहित के प्रश्नों को व्यापक स्तर तक पहुंचाना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।

हिमाचल प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों और नीति-निर्माताओं से अपेक्षा है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें। निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर नियंत्रण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश, निगरानी समिति और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए। शिक्षा कोई विलासिता नहीं, बल्कि मौलिक आवश्यकता है। यदि आज इस दिशा में मजबूत नीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। समय की मांग है कि सरकार जनहित में साहसिक निर्णय ले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज़ ब्रीफ

### सत्संग व सेवा भाव को अपनाना आवश्यकः सुरजीत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत स्नलत नगारवीं में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुई। कथा व्यास पंडित सुरजीत शर्मा ने कहा कि भगवद्गीता में मनुष्य योनि को श्रेष्ठ बताया गया है, क्योंकि मनुष्य को ही भक्ति, सत्कर्म और आत्मचिंतन का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सांसारिक मोह-माया के कारण व्यक्ति अशांति की ओर बढ़ रहा है, इसलिए भगवान स्मरण, सत्संग और सेवा भाव अपनाना आवश्यक है। कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की तपस्या तथा परीक्षित-शुकदेव संवाद के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया गया। अंतिम दिन हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### 18 अप्रैल को होने वाले दंगल को लेकर अखाड़े की पूजा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आगामी 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक दंगल चैहड़ के शुभारंभ से पूर्व दंगल कमेटी ने विधिवत रूप से मन्नत की चादर चढ़ाकर आयोजन का आगाज किया। इस अवसर पर कमेटी सदस्यों ने अखाड़े की वंदना कर दंगल की सफलता की कामना की। इस वर्ष दंगल को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने की तैयारियां जोरों पर हैं। दंगल कमेटी के प्रधान जोगेंद्र जोगी, सचिव कमल ठाकुर तथा भारतीय शैली कुश्ती संघ के महासचिव दिनेश ठाकुर व सचिव विशाल ने बताया कि इस बार इंडियन स्टाइल कुश्ती एसोसिएशन के दिशा-निर्देशानुसार बड़े खिताब की एक विशेष कुश्ती भी करवाई जाएगी। इस बार देशभर से बेहतरीन पहलवानों को आमंत्रित कर अखाड़े को नए रूप में कुश्ती प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर जोगेंदर जोगी, कमल ठाकुर, दिनेश ठाकुर, हरिया राम, बलवंत पटयाल, विशाल एडवोकेट राजेश शर्मा, विक्रम शर्मा, अश्वनी कुमार, अक्षु, संतोष रतवान, कैप्टन भाग सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम में 40 लाख से निर्मित सराय तैयार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मुक्तिधाम निर्माण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक नवनिर्मित सराय में प्रधान रतनलाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें समिति द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम मुक्तिधाम परिसर में बनकर तैयार हुई सराय के कार्य पर चर्चा हुई, जो कि पूर्ण रूप से बनकर तैयार है। इस भवन पर समिति द्वारा 40 लाख रुपए का व्यय किया गया है। परिसर में सुंदर पार्क का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। इसके साथ ही मुख्य द्वार का कार्य भी प्रगति पर है। समिति के प्रवक्ता अनीश ठाकुर ने बताया कि बैठक में श्मशान घाट के मुख्य स्थल के फर्श पर टाइल्स लगाने व उपयुक्त ढलान देकर उसे नालीदार बनाने का निर्णय भी लिया गया, ताकि मुख्य परिसर को स्वच्छ रखा जा सके। इस सारे कार्य की अनुमानित लागत 10 लाख रुपए तक होगी। कार्य को प्रारंभ करने के लिए कुछ दानकर्ता स्वेच्छा से सामने आए, उन्होंने निर्माण सामग्री व आर्थिक सहयोग की पहल आज बैठक में ही कर दी। समिति ने आग्रह किया है कि बिलासपुर की प्रबुद्ध जनता इच्छानुसार इस कार्य में सहयोग करें।

### नैन गुजरा-बल्ह चुरानी मार्ग का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर सदर क्षेत्र के अंतर्गत नैन गुजरा से बल्ह चुरानी (बल्ह गांव) तक नव मरम्मत व अपग्रेड की गई सड़क का उद्घाटन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बंबर ठाकुर ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती है। इस मार्ग के सुधारीकरण से न केवल स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को भी सीधा लाभ होगा। अब लोगों को खराब सड़क और धूल-मिट्टी से जूझना नहीं पड़ेगा तथा बरसात के मौसम में आने वाली कठिनाइयों से भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत और उन्नयन की मांग की जा रही थी। सड़क के अपग्रेड होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

### देशराज मिस्टर व भूमिका बनीं मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात के कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्याध्यापक डॉ. रमेश शर्मा सहित दोनों कक्षा अध्यापक रश्मि गौतम व शिवाली शर्मा तथा अन्य अध्यापक अरुण भारद्वाज, शाची मोहन, चंद्रकांता, रामप्यारी, विपिन शर्मा, निशा, मनीषा, आशुतोष शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रवेश द्वार पर अपने वरिष्ठ छात्रों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। कक्षा नौवीं की सारा खान ने मंच का सफल संचालन किया। कनिष्ठ छात्रों ने अपने वरिष्ठ छात्रों को विभिन्न टाइटल्स से नवाजा। इस समारोह में देशराज को मिस्टर फेयरवेल तथा भूमिका को मिस फेयरवेल चुना गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने भी सभी अध्यापकों को टाइटल्स देकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अंत में सभी बच्चों ने एक दूसरे को उपहार देकर खूब मौज-मस्ती की।

### पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों से दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत सत्र 2025-26 के लिए सामाजिक उपयोगी उत्पादक कार्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से जमा दो तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों से पांच-पांच छात्राएं और एक एस्कॉर्ट शिक्षक उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में तैयार शैक्षणिक मॉडल, हस्तनिर्मित वस्तुएं, चार्ट और पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्रधानाचार्य अशिमा कुमारी ने किया। इस अवसर पर डाइट समन्वयक दिग्विजय मल्होत्रा और अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की।

### खनन गतिविधियों के समय में आंशिक संशोधन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला प्रशासन ने खनन गतिविधियों के संचालन समय में आंशिक संशोधन करते हुए नए आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी ऊना एवं उपायुक्त जतिन लाल द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी आदेश के अनुसार अब खनन व लोडिंग कार्य प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक किया जा सकेगा। इससे पूर्व यह समय सायं 5 बजे तक निर्धारित था। आदेश में कहा गया है कि सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक खनन संबंधी सभी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं, खनन सामग्री की ढुलाई (टिप्पर/ट्रक) की अनुमति प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगी। यह निर्णय पुलिस विभाग की अनुशंसा तथा अन्य व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। डीसी ने स्पष्ट किया कि सभी गतिविधियां केवल वैध परमिट व लाइसेंस के अनुरूप संचालित होंगी तथा अवैध खनन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। नए आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

### शीला सिंह ने भेंट कीं अपनी पुस्तकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के सर्किट हाउस में आयोजित एक साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात साहित्यकार शीला सिंह ने पर्यटन एवं सामाजिक खेलकूद क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों को अपनी पुस्तकों की प्रतियां व्यक्तिगत रूप से भेंट कीं। इस अवसर पर गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर व हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के महासचिव इशान अख्तर, लाडली फाउंडेशन की जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट तथा हिमाचल रेनबो स्टार क्लब की मुख्य सलाहकार निर्मला राजपूत को शीला सिंह ने स्वयं अपनी लिखित पुस्तकें प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और शुभकामनाएं दीं।

### रागी जत्थों ने कथा-कीर्तन से संगत को किया निहाल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना नगर के संस्थापक व गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह जी बेदी के दमदमा अस्थान पर रविवार को त्रयोदशी दिवस गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सर्बजोत सिंह जी बेदी व समूह साध संगत ऊना द्वारा श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के पश्चात विभिन्न रागी जत्थों भाई गोपाल सिंह बालीवाल, भाई हरदीप सिंह, भाई अरुणीत सिंह, इकबाल सिंह, भाई भूपिंदर सिंह आदि ने कथा कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी ने गुरुओं द्वारा दिए उपदेश पर चलने की प्रेरणा दी।

# ऊना ने बनाई विकास की नई पहचान : अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना जिले ने बीते वर्षों में विकास की नई पहचान बनाई है। औद्योगिक, शैक्षणिक तथा आधारभूत ढांचे सहित विकास के प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने सभी से सामूहिक प्रयास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जिले की पहचान को देश-विदेश में और ऊंचा उठाने का आह्वान किया। वे रविवार को हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद ऊना के 52वें राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने परिषद के संस्थापक स्वर्गीय कंवर हरि सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें दूरदर्शी व कर्मठ व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी सोच ने नई दिशा प्रदान की। हिमोत्कर्ष कॉलेज की स्थापना कर उसे दो दशकों तक सफलतापूर्वक संचालित करना उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अब सरकार इस कॉलेज का संचालन कर रही है। उन्होंने परिषद के जनकल्याण और सेवा के कार्यों की खुले मन से तारीफ की। कार्यक्रम में परिषद ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 1 लाख 1 हजार रुपए का अंशदान भी भेंट किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मेधावी छात्रों के साथ। अनंत ज्ञान

### ◆हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता तीन विभूतियां हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री पुरस्कार से सम्मानित

जिले में लगभग 2500 करोड़ रुपए लागत की बल्क ड्रग पार्क परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। भूमि समतलीकरण कार्य आरंभ हो चुका है तथा अन्य निर्माण कार्यों के टेंडर जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में स्थापित हो रही तीन राष्ट्रीय बल्क ड्रग पार्क परियोजनाओं में से एक का ऊना में स्थापित होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना में पीजीआई का सैटेलाइट सेंटर निर्माणाधीन है, इंडियन ऑयल का डिपो स्थापित हो चुका है तथा गैस पाइपलाइन जिले तक पहुंच चुकी है। ये सब परियोजनाएं जिले विकास की कहानी कहती हैं । उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोबिंद सागर झील में जल परिवहन की संभावनाओं पर कार्य जारी है, जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों से अब घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध हैं तथा खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंची है। नकदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है। ऊना नगर निगम का गठन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिले में अनेक अन्य पुलों का निर्माण भी प्रगति पर है। वहीं हरोली सोमभद्र सेतु ने कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया है। हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार के अंतर्गत कांगड़ा जिला के शाहपुर से संबंधित शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार (सेना मेडल) को अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता शौर्य पुरस्कार (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी माता, पत्नी और पुत्र ने ग्रहण किया। ऊना जिला के बाथू गांव से बीएसएफ के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक व्यास देव को 'ऑपरेशन सिंदूर' में प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता (राष्ट्र समर्पण एवं प्रेरणास्त्रोत) पुरस्कार प्रदान किया गया। सिरमौर जिले के शिलाई की भारतीय महिला कबड्डी टीम की उपकप्तान पुष्पा राणा को स्व. इंजीनियर मनमोहन सिंह कुंवर एवं प्रोमिला कुंवर स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता (श्रेष्ठ युवा प्रतिभा - खेल) पुरस्कार से अलंकृत किया गया। हमीरपुर जिला से पंजाब केसरी टीवी हिमाचल के राज्य प्रमुख डॉ. संजीव शर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए अमर शहीद लाला जगत नारायण स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता श्रेष्ठ पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया गया।

घुमारवीं से संबंधित तथा डॉ. वाईएस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिकेता शर्मा को समाज के प्रति उत्कृष्ट चिकित्सीय सेवाओं के लिए स्व. इंजीनियर पंडित राम शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता (उत्कृष्ट चिकित्सक) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा (पंजीकृत), दिल्ली को नेत्र चिकित्सा एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्व. डॉ. डी.आर. गर्ग स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता उत्कृष्ट नेत्र आयुर्विज्ञान पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री पुरस्कार 2025-26 के अंतर्गत झारखंड राज्य न्यायिक सेवा में जिला जज (वरिष्ठ न्यायिक सेवा) पद पर चयनित ऊना जिला के डंगोली गांव के शिव करण राणा को स्व. रोशन लाल शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री शान-ए-ऊना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके भाई बहादुर सिंह राणा ने प्राप्त किया। हिमाचल महासभा, चंडीगढ़ को स्व. संतोष कंवर एवं स्व. कंवर हरिसिंह स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री (उत्कृष्ट समाजसेवी संस्था) पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बिलासपुर के साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव, हिमाचल प्रदेश विधानसभा शिमला, श्याम लाल शर्मा को राणा शमशेर सिंह स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचल श्री श्रेष्ठ लेखन, साहित्य एवं संस्कृति पुरस्कार से अलंकृत किया गया। इसके अतिरिक्त बीएससी माइक्रोबायोलॉजी में प्रदेश टॉपर दीपिका को 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। 10वीं व 12वीं कक्षा में मेरिट में रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## उपमुख्यमंत्री का आश्वासन, चिंतपूर्णी कॉलेज नहीं होगा बंद

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी को बंद किए जाने की अटकलों के बीच क्षेत्रवासियों की एकजुटता व लगातार चल रहे विरोध ने आखिरकार रंग ला दिया है, अब यह कॉलेज बंद नहीं होगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के स्पष्ट आश्वासन के बाद कॉलेज के विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ समय से कॉलेज को बंद करने की चर्चाओं ने क्षेत्र में चिंता का माहौल बना दिया था। स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य लगातार कॉलेज को बचाने की मांग को लेकर आवाज उठा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा का मुख्य केंद्र है, ऐसे में इसके बंद होने से सैकड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही थी। मुद्दे के बारे में अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से छापा था, जिसके बाद यह विषय और अधिक चर्चा में आया। क्षेत्रवासियों का कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए दूर शहरों में पढ़ाई करना संभव नहीं है, इसलिए इस कॉलेज का संचालन जारी रहना बेहद जरूरी है।

# बिजली की तार से निकली चिंगारी बनी कहर

## किसान संदीप ठाकुर का 5 लाख रुपए का सामान जलकर राख

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत पंचायत चूरूड़ू में शनिवार 28 फरवरी की सायंकाल एक भीषण अग्निकांड ने किसान की वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। पूर्व ब्लॉक वाइस चेयरमैन व प्रगतिशील किसान संदीप ठाकुर का गन्ने का रस निकालने वाला बेलना (क्रशर), उसके ऊपर निर्मित शैड तथा तुड़ी तैयार करने वाला रिप्पर आग की भेंट चढ़कर पूरी तरह नष्ट हो गए।

संदीप ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस हादसे में लगभग 5 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। शनिवार शाम क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। संदीप ने बताया कि जैसे ही बिजली बहाल हुई, उनके शैड के ऊपर से गुजर रही तार से अचानक चिंगारी निकली, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों ने शेड को अपनी चपेट में



लेते हुए नीचे रखी मशीनरी को भी घेर लिया और कुछ ही समय में पूरा ढांचा धू-धू कर जल उठा। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए व बिना किसी संसाधन के अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया, लेकिन अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचने तक ग्रामीणों की सूझबूझ व त्वरित प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन तब तक गन्ना बेलना, शैड व तुड़ी बनाने वाला रिप्पर पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि ग्रामीण समय रहते एकजुट होकर प्रयास न करते, तो आग आसपास के अन्य ढांचों तक फैल सकती थी व नुकसान कहीं अधिक गंभीर हो सकता था। सौभाग्यवश इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन किसान को भारी आर्थिक आघात सहना पड़ा है। संदीप ने प्रशासन से हुए नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों ने बिजली विभाग से क्षेत्र में लटकती व जर्जर बिजली तारों की समय रहते जांच एवं मरम्मत सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस संबंध में तहसीलदार अंब राहुल शर्मा ने बताया कि संबंधित हल्का पटवारी को मौके पर भेजकर नुकसान का विस्तृत आकलन कराया जाएगा तथा नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## भाजपा की ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सुकड़ियाल-पीपलू ग्राम केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने शिरकत कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। प्रवास के दौरान उन्होंने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा की चुनावी रणनीति की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर निरंतर सक्रिय रहें व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। भुट्टो ने कहा कि भाजपा की ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है यदि प्रत्येक बूथ पर संगठन मजबूत होगा, तो आगामी चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।

## शिक्षा पर नौकरशाही का कब्जा नहीं सहेंगे बिलासपुर में 1200 शिक्षकों की हुंकार


अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने नई कांप्लेक्स प्रणाली के खिलाफ ऐसा शंखनाद किया कि प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई। 23 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना को शिक्षकों ने प्राथमिक शिक्षा की जड़ों पर प्रहार बताते हुए सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया।

संघ का आरोप है कि सभी प्रशासनिक शक्तियां प्रिंसिपल के अधीन केंद्रीकृत कर सरकार प्राथमिक शिक्षा को एक व्यक्ति के नियंत्रण में सौंपना चाहती है। इससे न केवल कार्यों का असंतुलन होगा, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता धराशायी हो जाएगी। शिक्षकों का कहना है कि मुख्य शिक्षक, केंद्रीय मुख्य शिक्षक व खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जैसे पदों को अधिकारविहीन बनाकर सरकार शिक्षा ढांचे को खोखला कर रही है। शिक्षकों ने दो टूक कहा कि उन्हें दो-दो प्रशासनिक इकाइयों के अधीन कर भ्रम व दबाव की स्थिति पैदा की जा रही है, जो सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने इसे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा 43 दिन के संघर्ष के बाद किए गए आश्वासनों से खुला विश्वासघात करार दिया। बिलासपुर के अध्यक्ष राकेश के नेतृत्व में लगभग 1200 शिक्षकों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर से उपायुक्त कार्यालय तक जबरदस्त रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में प्रदेशाध्यक्ष रमेश शर्मा सहित जिला और खंड स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। राकेश पटियाल ने चेतावनी दी कि यदि अधिसूचना तुरंत वापस नहीं ली गई, तो प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्राथमिक शिक्षा को कमजोर करने की हर साजिश का सड़क से सदन तक जवाब दिया जाएगा।

## डाहड स्कूल के 3 बच्चों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** आयुषी कटोच, शीतल व शौर्य तीनों बच्चों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा को उत्तीर्ण करके अपनी पाठशाला का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि के मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति और स्कूल स्टाफ के द्वारा बच्चों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला डाहड पूरे प्रदेश में इकलौती ऐसी सरकारी पाठशाला है। इसमें से हर वर्ष 2-3 बच्चे सैनिक स्कूल या नवोदय स्कूल की परीक्षा को उत्तीर्ण करते हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन चंदेल ने राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला डाहड के संपूर्ण स्टाफ व केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजेंद्र पाल को बधाई दी है। इसमें विशेष भूमिका जेबीटी अजय कहोत्रा की रहती है, जिनको 2025 में राज्य शिक्षक के पुरस्कार से नवाजा गया था। अजय स्कूल की छुट्टी होने के बाद से ओवरटाइम और छुट्टी वाले दिन भी बच्चों को इन परीक्षाओं के लिए फ्री में कोचिंग देते हैं। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला दहाड़ दिनों दिन उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रदेश भर में सबसे चर्चित पाठशाला बन चुकी है। पाठशाला की इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

## होटल में मिले आरोपियों व पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा जिला प्रवक्ता व नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कमल गौतम ने एआई इंपैक्ट समिट-2026 प्रकरण को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। चिड़गांव के एक होटल में मिले तीन आरोपियों के मामले ने प्रदेश सरकार का देश विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। गौतम ने आरोप लगाया कि 20 फरवरी को दिल्ली में आयोजित समिट के दौरान हुए अर्धनग्न प्रदर्शन ने 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के सामने देश की छवि को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों को हिमाचल सदन में ठहराया गया, जिसकी पुष्टि मुख्यमंत्री स्वयं कर चुके हैं। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन आरोपियों को प्रदेश सरकार ने चिड़गांव के एक होटल में ठहराया था, जब दिल्ली पुलिस उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत वापस ले जा रही थी, तब हिमाचल पुलिस ने हस्तक्षेप कर दिल्ली पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## चौकीमन्यार डिग्री कॉलेज के मुद्दे पर विधायक बबलू से मिले स्थानीय ग्रामीण

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत स्थित चौकीमन्यार डिग्री कॉलेज को बंद किए जाने की चर्चाओं से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया था। कॉलेज के भविष्य को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्थानीय लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए यह संस्थान उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, ऐसे में इसके संभावित बंद होने की खबर ने व्यापक चिंता पैदा कर दी। इसी मुद्दे को लेकर कॉलेज की पीटीए कमेटी, पूर्व उपप्रधान पंचायत चौकीमन्यार जीवन बाली तथा समाजसेवी सुरिंदर शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यह कॉलेज दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के



विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, के लिए उच्च शिक्षा का एकमात्र सुलभ विकल्प है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बच्चों को बाहरी शहरों में भेजना संभव नहीं है। समाजसेवी सुरिंदर शर्मा ने कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, बौद्धिक और आर्थिक विकास की आधारशिला है। उन्होंने सरकार से कॉलेज को बंद करने के बजाय इसे सुदृढ़ करने, नए विषय आरंभ करने, स्टाफ की कमी दूर करने तथा आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने की मांग की। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि कॉलेज को किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा और नए शैक्षणिक सत्र से नए कोर्स शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक के आश्वासन के बाद पीटीए, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जताई कि कॉलेज में शीघ्र ही शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

# हिमाचल पुलिस का 'हार्मनी ऑफ द पाइंस बैंड' होली महोत्सव में देगा प्रस्तुति

**हिमाचल** प्रदेश पुलिस के प्रतिष्ठित बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस रविवार को सुजानपुर टीहरा में आयोजित ऐतिहासिक होली महोत्सव में अपनी संगीतमय प्रस्तुति देने के लिए रवाना हो रहा था, तभी बिलासपुर जिले के औहर में 'अनंत ज्ञान' ने उनसे भेंट कर आत्मीय बातचीत की। पेश है ब्यूरो प्रभारी **अरुण डोगरा रीतू** से हुई उनकी विशेष बातचीत के मुख्यांश:-

***'सुजानपुर टीहरा का मंच हमारे लिए गौरव की बात': विजय कुमार।***

बैंड लीडर विजय कुमार ने कहा कि सुजानपुर टीहरा का होली उत्सव हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे भव्य और ऐतिहासिक मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलना उनके दल के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने विशेष रूप से होली महोत्सव के लिए देशभक्ति गीतों, लोकसंगीत और लोकप्रिय धुनों का आकर्षक संगम तैयार किया है, ताकि दर्शकों को एक यादगार और उल्लासपूर्ण अनुभव मिल सके।

***नशा मुक्ति अभियान में भी निभा रहे अहम भूमिका।***

जब विजय कुमार से हिमाचल प्रदेश सरकार के 'चिट्टा मुक्त अभियान' में उनकी भागीदारी को लेकर प्रश्न किया गया, तो उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने बताया कि 'हार्मनी ऑफ द पाइंस बैंड विभिन्न जिलों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों और स्कूल-कॉलेज अभियानों में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत कर रहा है। संगीत के माध्यम से दिया गया संदेश सीधे हृदय तक पहुंचता है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायता मिलती है।



औहर में पुलिस हार्मनी ऑफ द पाइंस बैंड की टीम। अनंत ज्ञान

### सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा बैंड




**'अनंत ज्ञान'** की ओर से बैंड के सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस का यह बैंड न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शोभा बढ़ा रहा है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उल्लेखनीय है कि सुजानपुर टीहरा का होली महोत्सव प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक आयोजनों में से एक है, जहां दूर-दूर से कलाकार और दर्शक पहुंचते हैं। ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' बैंड की प्रस्तुति निश्चित रूप से महोत्सव की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगी।

### पूर्व पुलिस महानिदेशक के प्रयासों से मिली राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान

**बैंड** के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि संजय कुंडू (पूर्व पुलिस महानिदेशक) के दूरदर्शी प्रयासों और प्रोत्साहन के कारण ही पुलिस बैंड को प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में बैंड को आधुनिक स्वरूप, बेहतर प्रशिक्षण और बड़े मंचों पर प्रस्तुति के अवसर प्राप्त हुए, जिससे इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ी। सदस्यों ने आगे कहा कि वर्तमान पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी के नेतृत्व में 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान को नई दिशा मिल रही है। उनके मार्गदर्शन में संगीत को जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बनाते हुए विशेष प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि युवाओं तक सकारात्मक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंच सके। बैंड का मानना है कि जब सुर और संदेश एक साथ चलते हैं, तो समाज में परिवर्तन की ध्वनि और अधिक प्रभावशाली हो जाती है।

## परमवीर चक्र विजेता कैप्टन संजय की सेवानिवृत्ति पर बकैन में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** झंडूता उपमंडल के गांव बकैन, जिला बिलासपुर में रविवार को गर्व व उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 30 वर्षों की गौरवशाली सैन्य सेवा पूर्ण कर 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन संजय कुमार का स्थानीय निवास पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय सेना की 13 जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स (जैक राइफल्स) में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले इस वीर सपूत के सम्मान में गांववासियों, पूर्व सैनिकों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जयघोषों के बीच जब कैप्टन संजय कुमार अपने गांव पहुंचे, तो वातावरण 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा। पूर्व सैनिकों ने उन्हें पारंपरिक सम्मान देते हुए शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किए। ग्रामीणों ने इसे अपने क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया। कारगिल के रणबांकुरे कैप्टन संजय कुमार को वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान अद्वितीय साहस और वीरता के लिए देश के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। दुश्मन की भारी गोलीबारी के बीच अदम्य साहस दिखाते हुए उन्होंने अकेले ही कई शत्रु सैनिकों का सामना किया व गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मोर्चा नहीं छोड़ा। उनकी वीरता ने भारतीय सेना को महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त दिलाई।

## न्यूज ब्रीफ

### मांगों के बारे में डीसी को करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक व परिचालक महासंघ जिला कुल्लू का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू से मिला। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तुले राम ने की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने महासंघ की मांगों के बारे में डीसी को अवगत करवाया। महासंघ के जिला अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि डीसी ने भविष्य में चालक संघ की मांगों को पूर्ण करने पर विश्वास दिलाया है। इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष जगनाथ, महासंघ के जिला महामंत्री वेद राम ठाकुर, सदर कुल्लू के अध्यक्ष इच्छा राम व महासचिव हर सिंह शामिल रहे।

### होली गीतों के साथ उत्सव का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू से आए बैरागी समुदाय के लगभग एक सौ महंतों ने पीहोरी बाबा जी महाराज में माथा टेका व पारंपरिक होली गीतों के साथ उत्सव का शुभारंभ किया। सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर आनंदमय वातावरण बनाया। इसके उपरांत महंतों की टोली कृष्ण मंदिर ठावा पहुंची, जहां पर भी होली खेली गई व भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक उल्लास प्रकट किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संत कुमार शर्मा ने बताया कि महंतों का स्वागत कमेटी के सदस्यों द्वारा विशेष रूप से किया गया। उनके बैठने की व्यवस्था की गई थी तथा चाय, हलवा व मिष्ठान का प्रबंध किया गया। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य शिव चंद, दयालु राम, मनोज शर्मा, पुष्पेंद्र ठाकुर, कृष्ण लाल, हीरा लाल, हरबंस लाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम रहा।

# आपदा में गिरे स्कूल भवन को बनवाने में नाकाम, पद से हटाई एसएमसी प्रधान

## 31 मार्च के बाद कहां पढ़ेंगे आपदा पीड़ित विद्यालय के बच्चे, बच्चों का भविष्य दांव पर

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा



आपदा में जमींदोज हुआ गुशैणी स्कूल भवन। अनंत ज्ञान

**बंजार।** उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी का वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। वर्ष 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं ने गुशैणी स्कूल भवन को पूरी तरह जमींदोज कर दिया था। इसके बाद करीब 400 बच्चों की पढ़ाई एक निजी भवन में करवाई जा रही है, जिसे स्थानीय समाजसेवी भवन मालिक ने अस्थायी रूप से 31 मार्च 2026 तक उपलब्ध कराया हुआ है।

इसके बाद बच्चों की पढ़ाई कहां और कैसे होगी, इसको लेकर अभिभावकों में गहरी चिंता बनी हुई है। नए स्कूल भवन का निर्माण कार्य अभी तक कागजी प्रक्रियाओं में ही उलझा हुआ है, ऐसे में कई अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला आगामी सत्र से अन्य स्कूलों में करवाने पर भी विचार कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर लेकर बाड़ीरोपा स्थित अस्थायी स्कूल भवन में स्कूल प्रबंधन समिति की साधारण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माहौल काफी गरम रहा। उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान महिला एसएमसी प्रधान शिवा गौतम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। मतदान की प्रक्रिया के बाद बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया गया व उन्हें पद से हटा दिया गया। सदस्यों ने आरोप लगाया कि संकट की इस घड़ी में प्रबंधन समिति प्रभावी नेतृत्व देने में असफल रही, जिस कारण बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के साथ ही अब स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान विहीन हो गई है। प्रधानाचार्य केएल शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा निदेशक के दिशा-निर्देश अनुसार ही अब नई कार्यकारिणी के गठन पर आगामी दिनों में विचार किए जाने की संभावना है। आपदा की मार झेल रहे इस स्कूल पर प्रबंधन संकट ने एक और चुनौती खड़ी कर दी है, अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि 31 मार्च के बाद बच्चों की पढ़ाई कैसे और कहां होगी। स्थानीय लोगों के साथ अभिभावक प्रशासन व सरकार से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

# तेज हवाओं से आसमान में उड़ान भरने का रोमांच पड़ रहा फीका

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू सहित उझी घाटी में इनदिनों बदलते मौसम के मिजाज ने पैराग्लाइडिंग कारोबार की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। हर रोज दोपहर बाद तेज हवाओं व अस्थिर मौसम के कारण 'मानव परिंदे' बनकर आसमान में उड़ान भरने का रोमांच फीका पड़ रहा है।

पर्यटन सीजन की उम्मीदों के बीच मौसम की यह बेरुखी संचालकों व पर्यटकों दोनों के लिए निराशा का कारण बन रही है। जिला की उझी घाटी के दुआड़ा क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग का संचालन करने वाले विनय शर्मा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से घाटी में जिस तरह का मौसम बना हुआ है, वह इस साहसिक खेल के अनुकूल नहीं है। सुबह मौसम सामान्य रहता है, लेकिन दोपहर होते-होते तेज हवाएं चलने लगती हैं, ऐसे में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उड़ानें रोकनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग पूरी तरह मौसम पर निर्भर खेल है और हल्की बारिश के बाद वातावरण स्थिर हो जाए, तो उड़ानें ज्यादा सुरक्षित व सुगम हो जाती हैं। कुल्लू-मनाली क्षेत्र, जो साहसिक पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, यहां हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। विशेष रूप से कुल्लू और मनाली के बीच कई स्थानों पर पैराग्लाइडिंग गतिविधियां संचालित होती हैं, लेकिन इन दिनों घाटी में हवा की रफ्तार व दिशा में अचानक बदलाव से उड़ान भरना जोखिम भरा हो जाता है। संचालकों का कहना है कि तेज हवाओं में उड़ान भरना न तो सुरक्षित है और न ही पर्यटकों के लिए आनंददायक। इसी कारण कई बार बुकिंग होने के बावजूद उड़ानें रद्द करनी पड़ती हैं। स्थानीय लोगों व पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि घाटी में एक-दो दिन की अच्छी बारिश हो जाए, तो धूल व गर्मी कम होगी, वातावरण स्थिर होगा व हवाओं की तीव्रता में संतुलन आएगा।

इससे पैराग्लाइडिंग गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगी। फिलहाल सभी की निगाहें मौसम पर टिकी हैं। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही मौसम का मिजाज बदलेगा व घाटी में फिर से रंग-बिरंगी पैराग्लाइडर आसमान की ऊंचाइयों को छूते नजर आएंगे।

# मनाली की बुरुआ फागली में 'खेपरा-खेपरी' का नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

## ऋषि जमदग्नि के सभी 13 देवालयों में हर्षोल्लास के साथ फागली उत्सव संपन्न

अनंत ज्ञान



बुरुआ फागली में 'खेपरा-खेपरी' का नृत्य करते हुए। अनंत ज्ञान

**मनाली।** कुल्लू जिले के सभी 13 देवालयों में धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया।

उत्सव का मुख्य आकर्षण देव कार्यक्रम रहे। कुलंग गांव में देव कार्यक्रम में देवता जमदग्नि ऋषि व देवता पराशर ऋषि के प्रतिनिधियों ने देव वाणी के माध्यम से घाटी वासियों को देव नीति में राजनीति न करने को लेकर घाटी वासियों को सचेत किया। उन्होंने घाटी वासियों को एक जुट होकर रहने की नसीहत भी दी। इस दौरान कुलंग गांव देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठा। देवता के प्रतिनिधियों ने देव विधि द्वारा देव परंपरा को निभाया। देवता के प्रतिनिधियों ने कारकूनों सहित गांव का दौरा किया और ग्रामीणों ने सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर बुरुआ फागली में खेपरा खेपरी का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे।

खेपरा खेपरी का नृत्य देखने घाटी के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गौर हो कि कुल्लू घाटी का फागली उत्सव टूडीया राक्षस से जुड़ा है। इस उत्सव की शुरुआत मनु ऋषि के प्रांगण मनाली गांव से जुड़ा है। मनाली गांव के बाद इस उत्सव को जिला कुल्लू के कोने कोने में फागली उत्सव मनाया जाता है। रविवार को मलाणा, हामटा, जगतसुख, कुलंग, बुरुआ, मझाच, सोयल, सांगचर, जाणा, गजां,रुमसु, हालणा, शोरण सहित सभी देवालयों में फागली की धूम रही।

## लाहौल में देवता राजा घेपन ने की भविष्यवाणी

# इस वर्ष सामान्य वर्षा और अच्छी फसल होने के दिए संकेत

अनंत ज्ञान

**केलांग।** जनजातीय क्षेत्र लाहौल के अधिष्ठाता देवता राजा घेपन ने अपने भविष्यवाणी में क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण और उत्साहवर्धक संदेश दिया है।

भविष्यवाणी के अनुसार देवता ने इस वर्ष उदयपुर में देवी भगवती से मिलने की इच्छा व्यक्त की है, जिसे धार्मिक दृष्टि से बेहद ही शुभ संकेत माना जा रहा है। देववाणी में कहा गया है कि इस साल वर्षा सामान्य रहेगी व फसल भी अच्छी होगी। इसके साथ ही देवता ने लोगों को आपसी मेल-मिलाप और एकता बनाए रखने का भी संदेश दिया है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि समाज मिल-जुलकर रहेगा, तो गत वर्ष की भांति किसी प्रकार की कोई त्रासदी नहीं होगी। भविष्यवाणी में यह भी स्पष्ट किया गया कि मलाणा की यात्रा भी तभी होगी, जब वहां के अधिष्ठाता देवता जमलू की ओर से औपचारिक निमंत्रण प्राप्त होगा। धार्मिक परंपराओं के अनुसार देवताओं के बीच यह निमंत्रण व भेंट अत्यंत विशेष महत्व रखती है। उल्लेखनीय है कि राजा घेपन को फसलों का रक्षक, खुशहाली व समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

लाहौल के शक्तिशाली और अलौकिक देवताओं में उनकी विशेष मान्यता है, जिनके प्रति समस्त लाहुली समाज अगाध श्रद्धा रखता है और नतमस्तक होता है। क्षेत्रवासियों ने देववाणी को सकारात्मक संकेत मानते हुए इसे आने वाले समय के लिए शुभ संदेश बताया है।

# राधा एनजीओ ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान



स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई करते हुए। अनंत ज्ञान

**मनाली।** राधा एनजीओ के सौजन्य से रविवार को नग्गर स्थित नौतड़ नाले में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

यह अभियान देशव्यापी स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाना है। इस अवसर पर राधा एनजीओ की संस्थापक अध्यक्ष सुदर्शना ठाकुर ने बताया कि बच्चों व युवाओं को अपने आसपास के वातावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नालों व जल स्रोतों में कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि इससे जल प्रदूषण, दुर्गंध व बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नाले से प्लास्टिक, पॉलिथीन व अन्य ठोस अपशिष्ट एकत्र कर उसका सुरक्षित निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है।

इसमें से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक अपशिष्ट जल स्रोतों में पहुंचकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देशभर में करोड़ों शौचालयों का निर्माण तथा हजारों शहरों को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) घोषित किया जा चुका है, जो जनभागीदारी की शक्ति को दर्शाता है। सुदर्शना ठाकुर ने बताया कि राधा एनजीओ पिछले 26 वर्षों से समाज सुधार, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण महिला रोजगार सृजन, रोजगारपरक शिक्षा तथा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। संस्था विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर तथा स्वतंत्र रूप से जनहित में कार्यक्रम संचालित करती रही है। अंत में उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दें तथा प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

# डॉ. सीमा भारद्वाज ने तनाव प्रबंधन सकारात्मक सोच व योग के उपाय बताए

अनंत ज्ञान

**आनी।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, आनी में एक प्रेरणादायक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जसमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान व डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज को संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डिग्री कॉलेज आनी के प्रधानाचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर एवं संकाय सदस्यों द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। सभी उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ के समक्ष डॉ. सीमा ने 'मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन' के महत्वपूर्ण विषय पर गहरी जानकारी व प्रेरणादायक विचार साझा किए। डॉ. भारद्वाज ने अपने व्याख्यान में कहा कि आज के तेज-तर्रार जीवन और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में मानसिक स्वास्थ्य को समान रूप से प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने तनाव के कारणों, लक्षणों तथा उन पर नियंत्रण के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सकारात्मक सोच, स्वयं के प्रति संवेदनशीलता, समय प्रबंधन, योग और मेडिटेशन जैसे उपायों को तनाव प्रबंधन के प्रभावी तरीकों के रूप में प्रस्तुत किया।

डॉ. सीमा ने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां सामान्य हैं और समय-समय पर सही मार्गदर्शन तथा सहायता लेने से इन्हें सहजता से पार किया जा सकता है। उन्होंने ध्यान, शारीरिक गतिविधियां, सामाजिक समर्थन व स्वस्थ जीवनशैली को मानसिक सुदृढ़ता के स्तंभों के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के बीच एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और डॉ. सीमा भारद्वाज से अनेक प्रश्न पूछे। इस अवसर पर छात्रों व संकाय सदस्यों ने व्याख्यान को अत्यंत लाभकारी व प्रेरणादायक बताया। कॉलेज प्रशासन ने भी डॉ. भारद्वाज का धन्यवाद किया व भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा व्यक्त की।

# 63 युवाओं ने सीखे स्पेशल वॉटर सेफ्टी व रेस्क्यू के गुर

## पिरड़ी राफ्टिंग सेंटर में स्पेशल वॉटर सेफ्टी व रेस्क्यू कोर्स का समापन

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए सेंटर प्रभारी गिमनर। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला आपदा प्रबंधन विभाग, कुल्लू जिला द्वारा 63 युवा-युवतियों के लिए आयोजित 7 दिवसीय स्पेशल वाटर सेफ्टी एवं रेस्क्यू कोर्स का विधिवत समापन रविवार को राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी में हुआ। यह प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के माध्यम से निशुल्क आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में नेहरू युवा केंद्र के 49 तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 14 विद्यार्थी शामिल हुए। समापन समारोह में जिला राजस्व अधिकारी सुरभी नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

राफ्टिंग केंद्र द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षित आपदा मित्रों को आपदा किटें भी वितरित कीं, ताकि भविष्य में किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में वे रेस्क्यू दल के रूप में प्रभावी भूमिका निभा सकें। मुख्यातिथि ने कहा कि इन आपदा मित्रों को जल एवं थल दोनों प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए पर्वतारोहण संस्थान द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल सराहनीय है तथा इन 63 युवाओं को आपात परिस्तिथियों में सहायता के लिए पूरी तरह तैयार किया गया है। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटना, नदी में बचाव के तरीके, इमरजेंसी ब्रिज निर्माण, रैपलिंग, जुमरिंग, ट्रेकिंग, जल सुरक्षा तकनीक, लाइफ स्विमिंग, रोइंग, बोटिंग, राफ्टिंग इवैक्यूएशन तकनीक तथा फर्स्ट एंड रिस्पॉन्डर की विधिवत ट्रेनिंग दी गई। पर्वतारोहण संस्थान मनाली के उपनिदेशक लुदर सैन एवं निदेशक अविनाश नेगी ने सभी प्रतिभागियों को सफल प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि संस्थान निरंतर जल, थल, नभ एवं स्कीइंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में संस्थान के दस उपकेंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां हिमाचली एवं गैर-हिमाचली युवाओं को विभिन्न साहसिक एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा इस कोर्स को प्रायोजित करने पर आभार व्यक्त किया तथा प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# अंकुर को जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति की कमान

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ से एफिलेटेड जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है।

जिला बास्केटबॉल संघ ने सर्वसम्मति से अंकुर राणा को अध्यक्ष व मदन बौद्ध को महासचिव चयनित किया है। वरिष्ठ पदाधिकारी संजय अंगरूप को चेयरमैन और राजीव कारवा को मुख्य सलाहकार चुना गया। अध्यक्ष अंकुर राणा ने जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अली जॉन सिंह प्रेमी, दीपक शर्मा, नीलेप बौद्ध को उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह, अरविंद राणा, वीरेंद्र ठाकुर को संयुक्त सचिव, निखिल राणा को कोषाध्यक्ष, मोहन कपूर को मीडिया प्रबंधक, अमित योब्रांगपा को सोशल मीडिया कनवीनर और शैफाली बोध को सोशल मीडिया सह-कनवीनर चुना। इसके साथ ही शिरीश बौद्ध व संगीता को सलेक्शन कमेटी हेड, सूरज त्यागी व नेहा बोध टेक्निकल हेड चुना गया। करण महंत, राहुल बोध, अर्श शाशनी, प्रशांत शर्मा व पुष्प राज सदस्य होंगे।

जिला बास्केटबॉल संघ बास्केटबॉल के विकास के लिए काम करेगी व खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगी। संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष अंकुर राणा ने कहा नई कार्यकारिणी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। हम लाहौल स्पीती में बास्केटबॉल को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मदन बोध महासचिव, जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति ने कहा नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हूं। हम लाहौल-स्पीति में बास्केटबॉल के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे व खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे।

# देश के नवोदित व स्थापित कवियों ने किया कविता पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू साहित्य उत्सव-2026 में बहुभाषी कवि-सम्मेलन आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश तथा बाहर के राज्यों के नवोदित व स्थापित कवियों ने कविता पाठ किया। उत्सव के प्रथम दिवस के कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. रेखा वशिष्ठ ने की, जबकि इसमें पौमिला ठाकुर, वैशाली विष्ट, प्रो. पान सिंह, दीप्ति सारस्वत प्रतिमा, रमेश चंद्र मस्ताना, प्रभात शर्मा, प्रशांत रमण रवि, सूरत ठाकुर, रत्न चंद निहार, मुरारी शर्मा, पवन चौहान, गंगाराम राजी, प्रो. वरयाम सिंह, रूपेश्वरी शर्मा ने पर्यावरण तथा अन्य समसामयिक विषयों पर कविता पाठ किया। कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के सेवानिवृत्त सचिव एवं लेखक प्रभात शर्मा ने की। इस कवि-सम्मेलन में प्रो,. रतन नेगी, डॉ. लीना वैद्य, राजू मस्ताना, कृष्णा ठाकुर, डॉ. महि योगेश, डॉ. संजू पॉल, रेखा गक्खड़, लगन, मुस्कान मणि, प्रो. संगीता, ईशिता आर. गिरीश, रमेश पठानिया, अजेय, निरंजन देव शर्मा, अजेय तथा अनूप सेठी ने कविता पाठ किया।

**धूम** बैरागी समुदाय ने ब्रज के होली गीत गाकर परंपरा का किया निर्वहन, लूटी वाहवाही

# 'काहे को मारे नजरिया' पारंपरिक होली गीत से गूंजा अखाड़ा बाजार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में इन दिनों होली पर्व की खूब धूम है। बैरागी समुदाय के लोग होली के पारंपरिक गीतों को गा रहे हैं। रोजाना जहां पहले शाम के समय रघुनाथपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में पूजा-अर्चना होती है और बड़ों के चरणों मे गुलाल फेंककर छोटे आशीर्वाद लेते हैं। वहीं, अन्य लोग भी एक दूसरे को रंग लगाते हैं। उसके बाद बैरागी समुदाय के लोगों की मंडली शहर में जहां-जहां होली के कार्यक्रम होते हैं, वहां पर होली गीतों का गायन होता है।

इसी कड़ी में इस बार भी दुर्गा माता मंदिर अखाड़ा बाजार में फूलों की होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इा मुख्य आकर्षण बैरागी समुदाय द्वारा ब्रज की होली गीत रहे। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय भजनों और अबीर-गुलाल के बजाय फूलों की महक से सराबोर नजर आया। कलाकारों ने 'दो कुंवर जनकपुर आए' व 'शंभू आए बिहाने हिमाचल' जैसे पारंपरिक होली गीतों का गायन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन भजनों ने कुल्लू के अखाड़ा बाजार में साक्षात मथुरा व वृंदावन जैसा माहौल पैदा कर दिया। इसके पश्चात होली मंच अखाड़ा बाजार के सदस्यों ने मंच संभाला व एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। 'खेले मसाने में होली दिगंबर' और 'काहे को मारे नजरिया' जैसी प्रसिद्ध होलियों पर श्रद्धालु खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए।



फूलों की होली संध्या कार्यक्रम का दौरान गाते-झूमते लोग। अनंत ज्ञान

## बैरागी समुदाय की होली कई मायनों में खास

**कुल्लू** में बसंत पंचमी से लेकर होली तक 40 दिनों तक होली मनाई जाती है और पारंपरिक ब्रज के होली गीतों का गायन करते हैं। बैरागी समुदाय के लोगों द्वारा मनाई जाने वाली यह होली कई मायनों में बेहद खास है व इस परंपरा के निर्वहन में आपसी रिश्तों की अहमियत भी बहुत मायने रखती है। इसमें खास बात ये है कि ब्रज की भाषा में जो होली के गीत वृंदावन में सुने जा सकते हैं उसे वृंदावन के बाद सिर्फ कुल्लू में ही सुना और महसूस किया जा सकता हैं। कुल्लू में बैरागी समुदाय के लोग अलग -अलग टोलियों में हंसते गाते होली के गीत गा रहे हैं।

## फूलों की होली रही इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता

**फूलों** की होली रही रसायनों से दूर, प्राकृतिक फूलों की पंखुड़ियों के साथ खेली गई। इस होली ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा आपसी भाईचारे व संस्कृति को जीवंत रखने का एक प्रयास है। अखाड़ा बाजार की यह होली संध्या अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कुल्लू की एक पहचान बन चुकी है। जहां देव संस्कृति और ब्रज की परंपरा का अद्भुत मिलन देखने को मिलता है। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# नव ज्योति पब्लिक स्कूल कुल्लू ने मनाई फेयरवेल पार्टी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित नव ज्योति पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10 के छात्रों के लिए एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों, गीत-संगीत व यादगार पलों के साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। समारोह के दौरान विभिन्न खिताब भी प्रदान किए गए। मिस्टर फेयरवेल का खिताब आदित्य राज को, जबकि मिस फेयरवेल का खिताब वंशिका कौंडल को दिया गया। इसी तरह मिस्टर पर्सनेलिटी के रूप में वंश को और मिस पर्सनेलिटी के रूप में वंशिका ठाकुर को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें सफलता की राह पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# बंजार कॉलेज में शिक्षकों के रिक्त पदों पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक : शौरी

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय बंजार में अंग्रेजी, केमिस्ट्री व संस्कृत विषयों के प्रवक्ताओं के पद पिछले लगभग एक वर्ष से रिक्त पड़े हैं।

यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व चिंताजनक है। इन महत्वपूर्ण विषयों में नियमित शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है तथा विद्यार्थी पलायन को मजबूर हो रहे हैं। कभी लगभग 1100 विद्यार्थियों की संख्या वाला यह कॉलेज आज घटकर मात्र 600 विद्यार्थियों तक सिमट गया है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि सरकार की शिक्षा नीति की विफलता का प्रमाण है, जब विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध नहीं होगी, तो वे अन्य स्थानों की ओर रुख करेंगे ही। यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि निकटवर्ती कुल्लू महाविद्यालय में केमिस्ट्री विषय के 7 प्रवक्ता कार्यरत हैं यदि सरकार वास्तव में संवेदनशील होती, तो प्रतिनियुक्ति के माध्यम से कम से कम एक या दो प्रवक्ताओं को बंजार कॉलेज में भेजकर पढ़ाई को सुचारू किया जा सकता था, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार बंजार क्षेत्र को पूरी तरह अनदेखा करने की नीति पर चल रही है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय उपेक्षा का स्पष्ट उदाहरण है। सरकार की सुसुप्त अवस्था के कारण हमारे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

शिक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकता पर भी यदि सरकार गंभीर नहीं है, तो यह प्रदेश के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया तथा अंतरिम व्यवस्था के रूप में प्रतिनियुक्ति नहीं की गई, तो वे छात्र-हित में व्यापक जनांदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। सरकार को यह समझना होगा कि बंजार क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 6 मार्च को

**अनंत ज्ञान सोलन ।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सोलन की बैठक 06 मार्च, 2026 को सांय 3.00 बजे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। कविता ठाकुर ने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में नए स्टैज कैरिज बसों से सम्बन्धित मामलों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा।

### पांवटा के यमुना पार्क में युवक से मारपीट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस को दी शिकायत में जतीन सैणी पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी बेहड़ेवाला ने बताया कि वह अपने मित्र निखिल के साथ यमुना पार्क में बैठा हुआ था। इसी दौरान 5-6 लोग वहां पहुंचे और उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ अभियोग घटना के संबंध में पुलिस थाना पांवटा साहिब में धारा 126(2), 115(2), 118(1), 191(2), 191(3), 190 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पांवटा साहिब में परिवार मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** महाराजा अग्रसेन सभा (रजि.), पांवटा साहिब द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम में अग्रसेन समाज के वंशजों एवं सदस्यों ने सपरिवार उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज की एकता, सौहार्द एवं भाईचारे का प्रेरणादायक संदेश दिया। ए वी एन रिसोर्ट में सायं 5:00 बजे प्रारंभ हुए इस समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हास्य कवि सम्मेलन रहा, जिसमें सुप्रसिद्ध कवयित्री योगिता चौहान, कवि सुंदर कटारिया तथा कवि सूरज ने अपनी हास्य एवं व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उनके चुटीले अंदाज़ और प्रभावशाली प्रस्तुति ने पूरे पंडाल में ठहाकों का माहौल बना दिया। इस अवसर पर सभा पदाधिकारियों ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी मेल-जोल को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज की उन्नति एवं समृद्धि के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### ज्वैलर्स नरेश वर्मा के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के जाने-माने वर्मा ज्वैलर्स के मालिक नरेश चंद वर्मा का शनिवार को सोलन में निधन हो गया। मूलतः सिरमौर जिला की पच्छाद तहसील के दाड़ो-देवरिया गांव निवासी नरेश चंद वर्मा ने न सिर्फ सोलन बल्कि पूरे प्रदेश में ज्वैलरी कारोबारी और समाजसेवी के रूप में एक अलग पहचान बनाई। सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। यहां जारी बयान में मंच के प्रधान, प्रदीप ममगाईं, महासचिवः यशपाल कपूर, के अलावा मियां प्रेम सिंह, बलदेव चौहान, डॉ.एसएस परमार व एडवोकेट गगन चौहान,अमरीश शर्मा, नवीन निश्चल शर्मा, महेंद्र गौतम,राजेंद्र शर्मा व अजय कंवर, एलआर दहिया व वरूण चौहान, डॉ.डीपी शर्मा, कंवर वीरेंद्र सिंह, अशोक चौहान, नरेंद्र चौहान, यशपाल शर्मा, नारायण सिंह चौहान, रमेश शर्मा, डॉ.एसएल वर्मा, डॉ. लोकेश ममगाईं, डॉ. रामगोपाल शर्मा,पदम पुंडीर, केआर कश्यप, विपुल कश्यप, बाबू राम शर्मा, टीआर राणा, आरके गुरंग, शिव प्रसाद, दर्शन सिंह पुंडीर व पीडी भारद्वाज, सुखदर्शन ठाकुर, कविराज चौहान, जय ठाकुर, जयचंद शर्मा, सत्यपाल ठाकुर, रामदयाल चौहान, एडवोकेट प्रदीप कंवर ,अरूण भारद्वाज, पंकज कश्यप, उमेश कमल, कुलदीप सूर्या, रमेश मेहता, विनय भगनाल, कमल सिंह कमल, शिव प्रसाद संदीप शर्मा, जय प्रकाश चौहान, बृजमोहन चौहान, जोगिंद्र सिंह चौहान, सदस्य मनोज पुंडीर, हरिंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष अत्रि, शमशेर ठाकुर समेत सभी सदस्यों ने वर्मा के निधन पर शोक प्रकट किया है और इसे समाज के लिए क्षति बताया। वर्मा को सोलन में एक व्यवसायी और समाजसेवी रूप में सदा याद किया जाएगा।

### संगड़ाह कॉलेज के छात्रों ने सीखा बिजनेस मैनेजमेंट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह जिला सिरमौर में प्री-ग्रामीण उष्मायन केंद्र के तहत विश्व बैंक एवं भारत सरकार के सहयोग से उद्योग विभाग , हिमाचल प्रदेश द्वारा संचालित रैंप ( RAMP ) योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश उद्यमिता विकास केंद्र ( HPCED ) की कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा चल रहे 3 दिवसीय EDP वर्कशॉप का आज समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. मीनू प्रभाकर (प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह) , डॉ अनिल कुमार शर्मा (अध्यक्ष द प्लैनेट एजुकेशन सोसायटी ), राजेंद्र ठाकुर (Ozio founder) , प्रो. संदीप कुमार (राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह) , राजेश शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और बिजनेस मॉडल कैनवास , डिजिटल मार्केटिंग और फाइनेंशियल लिटरेसी के गुर सीखे।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में विदाई समारोह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट में जमा एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अपने वरिष्ठ जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम उत्साह, सम्मान और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों को देव-दर्शन यात्रा के अंतर्गत माता बगलामुखी मंदिर तथा माता दुर्गाघाटी मंदिर शालाघाट में दर्शन हेतु ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर बाद विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### भाजपा पार्षद का निलंबन लोकतंत्र की हत्या: अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के आईटी विभाग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुष गुप्ता ने शिमला नगर निगम की बैठक में भाजपा पार्षद बिट्टू कुमार के विरुद्ध महापौर द्वारा की गई असंवैधानिक कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित नगर निगम में लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर विपक्ष की आवाज़ को दबाने का कुप्रयास किया जा रहा है। अरुष गुप्ता ने कहा कि नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत महापौर के पास किसी भी निर्वाचित पार्षद को आगामी बैठकों के लिए निलंबित करने का कोई सीधा कानूनी अधिकार नहीं है। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर की गई यह कार्रवाई महापौर की तानाशाही मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जानबूझकर भाजपा पार्षदों को निशाना बना रही है। सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाकर नगर निगम को विकास के केंद्र के बजाय 'राजनीतिक अखाड़ा' बना दिया गया है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि अधिनियम की धारा 59(2) के अनुसार केवल उसी बैठक से बाहर करने का प्रावधान है, वह भी चेतावनी के बाद। बिना किसी लिखित आदेश के दो बैठकों के लिए सस्पेंड करना और फिर यू-टर्न लेना यह सिद्ध करता है कि कांग्रेस सरकार और निगम प्रशासन पूरी तरह से भ्रमित है। महापौर ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन जारी रखा, तो भाजपा जनता की अदालत में इस मुद्दे को उग्र रूप से उठाएगी। कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का अपमान प्रदेश की जनता का अपमान है।

### सपरून में अधूरे फुटपाथ के निर्माण में हो रही देरी को लेकर लोग लामबंद होने लगे

# 20 लाख खर्च के बावजूद सपरून के फुटपाथ का निर्माण अधूरा, पार्षद से उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** सपरून में अधूरे फुटपाथ के निर्माण में हो रही देरी को लेकर स्थानीय वार्ड -13 और 14 के लोग लामबंद होने लगे हैं। दोनों वार्डो की कल्याण समितियों ने संघर्ष समिति का गठन कर नगर निगम और पार्षदों को घेरने की तैयारी की है। यदि निर्माण कार्य में और देरी हुई तो निगम प्रशासन का घेराव किया जाएगा। इसको लेकर पार्षदों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। लोगों को उम्मीद थी कि यह फुटपाथ समय रहते पूरा हो जाएगा। पर योजना की मंजूरी से अब तक डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि फुटपाथ निर्माण में डेवियशन के चलते इसकी लागत बढ़ गई है। इसके चलते ठेकेदार ने काम रोक रखा है। साथ ही निगम से बढ़ी हुई लागत का भुगतान करने की मांग की है। शुरू में फुटपाथ निर्माण के लिए 18 लाख के टेंडर हुए थे। डेवियशन बढ़ने से इनती राशि में काम पूरा नहीं होगा। पर इस मामले को सुलझाने में गंभीरता से नहीं दिखाई जा रही है। ऐसे में स्थानीय पार्षदों की भी मुश्किल बढ़ा दी है। कुछ महीनों में निकाय चुनाव होने है। ऐसे में यह समस्या हल नहीं हुई तो इसका असर चुनाव नतीजों पर भी पड़ेगा।



सपरून में अधूरा पड़ा फुटपाथ का निर्माण। अनंत ज्ञान

> **सपरून** में अधूरे फुटपाथ निर्माण का कार्य शुरू करवाने को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया है। लोगों की मांग को पूरा करने के लिए सरकार से धनराशि मंजूर कार्रवाई गई। उम्मीद है कि निगम प्रशासन जल्द जनहित में उचित निर्णय लेगा।

#### दो मंत्रियों की मौजूदगी में हुआ था शिलान्यास

**ज्ञात** रहे कि 19 जनवरी 2025 स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 30 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून पर शहीद स्मारक पार्क, 20 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून फुटपाथ के निर्माण कार्य और 8.08 लाख रुपए से लगभग बाई पास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी। तब दोनों मंत्रियों ने इस कार्य को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए थे। पर शिलान्यास के 11 महीने बीत जाने इतना समय बीत जाने पर भी नगर निगम इन कार्यो को पूरा नहीं कर पाया है।

#### वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर

**स्थानीय** वार्ड 13 और 14 के वासियों को उम्मीद थी कि यह कार्य 6महीने में पूरा हो जाएगा पर ऐसा संभव नहीं हुआ। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। कार्य में देरी का मुख्य कारण बजट बताया जा रहा है। बता दें कि सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगा। यदि समय रहते सपरून में फुटपाथ बने तो शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसाइटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैंकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं।

### राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में पीटीए की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट ।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पीटीए अध्यापक-अभिभावक संघ की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने की, जबकि पीटीए सचिव एवं सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की गत सत्र की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने संस्थान की निरंतर प्रगति में अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान महाविद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से परिसर में आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारी (स्वीपर) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी सत्र में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

## यदुराज चौहान बने हिमाचल टेनिस वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कोटखाई के कलबोग निवासी यदुराज चौहान को हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है। संघ की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को हिमालयन पब्लिक स्कूल नेरवा में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से यदुराज चौहान को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में गोविंद सिंह चाईक को सचिव नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मनीष ठाकुर, सीमा मेहता, रामेश्वरी खागटा, राजेंद्र डेस्टा, नारायण सिंह तथा अंजना राणा को जिम्मेदारी दी गई है। कुलभूषण मोग्टा को सहसचिव तथा नारायण सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बलवीर रोलेट और यशपाल कपूर को मीडिया प्रभारी, ज्ञान मेहता को टेक्निकल डायरेक्टर तथा केवल भंडारी को सह-निर्देशक नियुक्त किया गया है। वहीं रविंद्र दूर्गाईक और जगदीश चौहान को मुख्य सलाहकार, भादर सिंह को कार्यालय सचिव तथा पुनीत, रचना, कृतिका, उषा और गोपाल राणा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष यदुराज चौहान ने कहा कि उनका लक्ष्य प्रदेश में टेनिस वॉलीबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना रहेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया।


हिमाचल टेनिस वॉलीबॉल संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

### पांवटा में महिला के खाते से धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान,नाहन।** महिला के बैंक खाते से नेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से पैसे निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुदेश पत्नी स्व. जगबीर, वर्तमान निवासी बद्रीपुर तहसील पांवटा साहिब तथा स्थायी निवासी नलहेड़ा गुज्जर जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके बैंक खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से धनराशि निकाली गई है। शिकायत के अनुसार बिल्लू उर्फ विलाल पुत्र श्री याकूब निवासी ग्राम हतछोया, पोस्ट ऑफिस ऊन, थाना झिंझयाणा, तहसील ऊना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) ने नेट बैंकिंग और यूपीआई के जरिए उसके खाते से पैसे निकाल लिए।

## चंद्रग्रहण के चलते 3 मार्च को बाला सुंदरी मंदिर के कपाट रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** 3 मार्च 2026 दिन मंगलवार को होने वाले चंद्रग्रहण के कारण महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोक पुर कपाट दिन भर के लिए बन्द रहेंगे। चंद्र ग्रहण के कारण इस अवधि के दौरान श्रद्धालु महामाया दर्शन व पुजा अर्चना नही कर सकेंगे।
मन्दिर ट्रस्ट के सहायक आयुक्त एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि प्रात: 6:20 से लेकर सांय 6: 47 बजे तक बाला सुंदरी मन्दिर त्रिलोक पुर कपाट बंद रहंगे। इस ग्रहण का सूतक 3 मार्च, 2026 ई. को प्रात: 6घं.-20मिं. (भा.स्टैं.टा.) से ही प्रारम्भ हो जाएगा। शुद्ध (ग्रहण-मोक्ष) चन्द्र-बिम्ब के दर्शन एवं तर्पण करने के बाद ही सभी धार्मिक कार्य हो सकेंगे।



## शूलिनी विश्वविद्यालय में जैव-नवाचार और स्टार्टअप पर एक दिवसीय संगोष्ठी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शूलिनी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल ने एयुवा केंद्र (भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बिराक बीआईआरएसी द्वारा समर्थित) और आई हब शूलिनी (भारत सरकार के टीआईएच,डीएसटी के आई हब दिव्यसंपर्क और आईआईटी रुड़की द्वारा समर्थित) के सहयोग से 'जैव-नवाचार और स्टार्टअप: प्राकृतिक उत्पादों को स्वास्थ्य सेवा समाधानों में रूपांतरित करना' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर, कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने सभा को संबोधित किया और अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा नवाचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय में उपलब्ध उन्नत अवसंरचना और अनुसंधान सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो. पी. के. खोसला ने युवा विद्वानों और संकाय सदस्यों को उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए अपने शैक्षणिक और अनुसंधान दृष्टिकोण को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल के डीन और ईयूवीए केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी-बीआईआरएसी) और आईआईटी रुड़की के आईएचयूबी दिव्यसंपर्क से प्राप्त अनुसंधान अनुदान सहायता के बारे में बताया। उन्होंने नवाचार और अनुवांशिक अनुसंधान के लिए बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान में सर सी. वी. रमन के उत्कृष्ट योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी विरासत शोधकर्ताओं की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इसके अतिरिक्त, जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता के प्राकृतिक उत्पाद अध्ययन संकाय के प्रोफेसर और निदेशक डॉ. पल्लव के. हलदर ने बताया कि कैसे पारंपरिक भारतीय औषधीय पौधे चयापचय संबंधी विकारों को नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक हो सकते हैं। पंजाब विश्वविद्यालय-आईआईटी रोपड़ क्षेत्रीय समग्र नवाचार त्वरण केंद्र (पीआई-राही), पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के निदेशक डॉ. रजत संधिर ने भारत में बढ़ते स्टार्टअप कल्चर के बारे में बात की और छात्रों को अपने नवोन्मेषी विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय और सुगंधित पादप संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कपिल देव ने हृदय संबंधी बीमारियों और दर्द प्रबंधन के लिए पौधों से प्राप्त प्राकृतिक यौगिकों को औषधियों में विकसित करने पर प्रकाश डाला।

## दो युवकों से पकड़ी 500 टैबलेट प्रतिबंधित दवाईयां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू की एक टीम थाना क्षेत्र परवाणू में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतु मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि चंडीगढ़ की ओर से दो युवक एक मोटरसाइकिल पर नशीली दवाइयाँ लेकर आ रहे हैं। उक्त सूचना पर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टोल बैरियर परवाणू पर नाकाबंदी की गई तथा संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की गई। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों से पूछताछ करने पर उनके नाम क्रमशः यश कुमार, पुत्र छोटे लाल, निवासी गाँव देयुंघाट, डाकघर सपरून, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, आयु 20 वर्ष,सोनू कुमार, पुत्र रवि कुमार, निवासी गाँव देहूं चौकी, डाकघर कंडाघाट, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, आयु 24 वर्ष मालूम हुए । तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 500 टैबलेट नशीली दवा बरामद की गईं। उक्त दवाओं के संबंध में आरोपी कोई भी वैध लाइसेंस/दस्तावेज पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामद नशीली दवाइयाँ एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित श्रेणी में आती हैं।
अत: दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 18, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई। दोनों आरोपियों को बरामद नशीली दवाइयों सहित आगामी कानूनी कार्रवाई हेतु ड्रग निरीक्षक के हवाले किया गया है। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### कार में सवार 2 युवकों से 5.70 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** पुलिस चौकी जाबली की पुलिस टीम द्वारा मुकाम टीटीआर परवाणू में नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान एक आल्टो कार को जांच हेतु रोका गया। आल्टो कार में सवार 02 युवकों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 5.70 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस थाना परवाणू में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त उक्त वाहन को भी जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि मादक पदार्थ की आपूर्ति कहां से की गई थी और इस नेटवर्क में अन्य कौन-कौन शामिल हो सकते हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। साथ ही, उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। मामले में आगामी जांच जारी है।


चिट्टा तस्कर गिरफ्तार अनंत ज्ञान

## पुरुष एकल और युगल में योगेश चौहान राज्य चैंपियन बने

◆ **सोलन के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कुल्लू राज्य चैंपियनशिप में किया कमाल**


**अनंत ज्ञान, सोलन ।** कुल्लू में आयोजित राज्यस्तरीय मास्टर्स/वेटरन्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में सोलन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में सोलन के खिलाड़ियों ने कई खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया। सोलन जिला बैडमिंटन संघ के सचिव यदविंदर सेन ने बताया कि 24 फरवरी से 40+ पुरुष एकल और युगल में योगेश चौहान राज्य चैंपियन बने। वहीं, 40+ पुरुष युगल में योगेश चौहान उपविजेता रहे। 50+ डबल में रविंद्र ठाकुर ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। 55+पुरुष एकल में पी. डी. कौशल राज्य चैंपियन बने, जबकि 70+ सिंगल में जे. एस. वर्मा उपविजेता रहे। सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन 70+ डबल में रहा, जहां हरि दत्त और जे. एस. वर्मा की जोड़ी ने राज्य चैंपियन का तमगा जीता। ये सभी विजेता खिलाड़ी मार्च में गोवा में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे।


कुल्लू से विजेता बनकर लौटे खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

## रेणुका के कांग्रेसी विधायक एवं पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार नई पंचायतें बनाने में रहे नाकामः रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि रेणुका के कांग्रेसी विधायक विनय कुमार पीसीसी अध्यक्ष होते हुए भी रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र में एक भी नई पंचायत का गठन नहीं कर पाए जिससे उनकी राजनेतिक पावर का अंदाजा लगाया जा सकता है। रावत ने बताया कि पीसीसी अध्यक्ष विनय विनय कुमार के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ संबंध ठीक नहीं है जिसके कारण रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र विकास की दृष्टि से दिन प्रतिदिन पिछड़ता ही जा रहा है। रावत ने बताया कि विनय कुमार मुख्यमंत्री को रेणुका मेले में लाने में भी लगातार दो बार नाकाम रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले में मुख्यमंत्री को हर साल आना ही पड़ता है यह परंपरा भी कांग्रेस ने ही तोड़ी है इस परंपरा को तोड़ने के लिए माता रेणुका भगवान परशुराम इन्हें कभी भी माफ नहीं करेंगे। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री रेणु मंच से जिला सिरमौर के लिए विकास की घोषणाएं करते थे लेकिन मुख्यमंत्री न आने के कारण जिला सिरमौर में विकास की कोई भी घोषणा नहीं हो पाई है जिससे जिला सिरमौर के विकास में पूरी तरह से ग्रहण लग गया है। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं पंचायती राज मंत्री ने नई पंचायतो के गठन को लेकर जनता के बीच में बड़ा ढिंढोरा पीटा था जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायतों से प्रस्ताव भी मांगे थे लेकिन उसके उपरांत भी कांग्रेस सरकार सिर्फ 39 हीं नई पंचायते गठित कर पाई है। वह भी उच्च न्यायालय के माध्यम से हुई है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने 412 नई पंचायतो का गठन किया था।


प्रताप सिंह रावत भाजपा जिला प्रवक्ता सिरमौर।

**आविष्कार**

### अविनाशिलिंगम संस्थान तमिलनाडु के छात्रों ने टमाटर खाद्य शीट तकनीक को किया ईजाद

## टमाटर को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की तकनीक विकसित

अनंत ज्ञान

**सोलन ब्यूरो।** सोलन के शूलिनी विश्वविद्यालय में बीते दिनों अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन में अविनाशिलिंगम संस्थान तमिलनाडु की टीम ने 'टमाटर खाद्य शीट' तकनीक पेश की। यह नवाचार टमाटर उत्पादन के उतार-चढ़ाव से किसानों को बचाने के लिए विकसित किया गया है। यह तकनीक इस लिए खास है कि हिमाचल और देश के अन्य राज्यों में टमाटर के अधिक उत्पादन पर दाम गिर जाते हैं, जिससे फसल बर्बाद होती है, जबकि कमी पर उपभोक्ताओं को महंगे दाम चुकाने पड़ते हैं। इस तकनीक से अतिरिक्त ताजे टमाटरों को बिना रसायन या कृत्रिम रंग वाली पतली, लचीली खाद्य शीट में बदला जाता है। टमाटर का गूदा-रस प्राकृतिक खाद्य-ग्रेड सामग्री के साथ मिलाकर विशेष मशीन से शीट बनाई जाती है, जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण सुनिश्चित करता है।


अविनाशिलिंगम संस्थान की टीम 'टमाटर खाद्य शीट' प्रदर्शित करते हुए। अनंत ज्ञान

#### उपयोगिता और फायदे

**यह** शीट प्यूरी या सॉस से अलग है—इसे सैंडविच, बर्गर या रोल में सीधे इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसमें प्राकृतिक स्वाद-पोषक तत्व बरकरार रहते हैं। शेल्फ लाइफ लंबी होने से अपव्यय रुकता है और बाजार स्थिरता आती है। तकनीक टीआरएल -9 स्तर पर पहुंच चुकी है। पेटेंट प्रकाशित हैं, तथा बड़े पैमाने पर अपनाने से किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। शोध टीम डॉ. पी. ए. राजेश्वरी के मार्गदर्शन में छात्र हरिथा, उथरा और एलायरामा ने इसे विकसित किया। यह अधिशेष फसल को मूल्यवर्धित उत्पाद में बदलने वाली टिकाऊ पहल है। प्रमुख टमाटर उत्पादक राज्य जैसे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि के किसानों को विशेष लाभ होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया करोड़ों की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, 'बेस्ट' विजन पर जोर

# पुडुचेरी और तमिलनाडु को 71,00 करोड़ की सौगात

◆ कहा- कांग्रेस और डीएमके ने विकास में बाधा डाली, अब ये फिर सत्ता के लिए भूखी

**एजेंसी, चेन्नई**

**पीएम** नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया।

पीएम ने कहा कि जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें मिलकर काम करती हैं तो रिजल्ट जल्दी आते हैं। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली के एक परिवार का एटीएम बना रखा था। कांग्रेस और डीएमके विकास में बाधक हैं। अब




वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-डीएमके शासनकाल में राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों की बदहाली छाई रही। राशन की दुकानों में चावल नहीं मिलते थे, वेतन में देरी होती थी, सड़कों पर गुंडे और ड्रग माफिया का राज था। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची सामने आ रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी इसी तरह के घोटालों की लंबी सूची देखने को मिल रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। क्या पुडुचेरी को उस दौर में वापस जाना चाहिए? मुझे यकीन है कि पुडुचेरी के लोग ऐसा नहीं चाहते। कनेक्टिविटी प्रगति की रीढ़ है। हम ग्रामीण और शहरी दोनों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक ओर, सैकड़ों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इनसे छात्रों, किसानों और छोटे व्यवसायों के लिए कनेक्टिविटी बेहतर हो रही है। वहीं दूसरी ओर, हम पुडुचेरी में यातायात जाम को कम करने के लिए भी काम कर रहे हैं। हमने पुडुचेरी शहर में 1000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की है। इसमें 140 करोड़ रुपए का एक फ्लाईओवर भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस और डीएमके के शासनकाल में पुडुचेरी के लोगों ने बहुत कष्ट झेले

**डबल** इंजन वाली सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों का जश्न मनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन यह याद रखना भी उतना ही जरूरी है कि पहले हालात कैसे थे। कांग्रेस और डीएमके के शासनकाल में पुडुचेरी के लोगों ने बहुत कष्ट झेले। वे वर्ष राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों की बदहाली से भरे थे। राशन की दुकानों में चावल नहीं मिलता था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडों और ड्रग माफियाओं का राज था। पीएम ने कहा कि पर्यटन पुडुचेरी की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। सप्ताहांत में घूमने के लिए यह एक लोकप्रिय स्थान है और यहां पहले से ही हजारों पर्यटक आते हैं। ट्रेनें और हवाई जहाज हमेशा भरे रहते हैं। इसका श्रेय पुडुचेरी के लोगों के स्नेहपूर्ण व्यवहार को जाता है। आध्यात्मिक पर्यटन, पर्यावरण पर्यटन और स्वास्थ्य पर्यटन में निवेश के साथ, हम नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

# भारत में अब चिप डिजाइन और डीप टेक स्टार्टअप्स पर होगा जोर : अश्वनी

### केंद्रीय मंत्री ने सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस में पेश किया नया विजन

**एजेंसी, गांधीनगर**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को 'गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2026' में देश के भविष्य को लेकर बड़ा रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन अब अपने दूसरे चरण यानी 'सेमीकॉन 2.0' में प्रवेश कर रहा है। इस नए चरण का मुख्य फोकस डीप टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और



देश में एक मजबूत डिजाइन इकोसिस्टम तैयार करना है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सेमीकॉन 1.0 का मुख्य लक्ष्य भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाना था। सरकार को इसमें बड़ी सफलता मिली है। अब देश में कुल 10 प्लांट हैं। इनमें से पहले प्लांट ने कल से कमर्शियल उत्पादन शुरू कर दिया है और दूसरा प्लांट भी बहुत जल्द काम शुरू कर देगा। मंत्री ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 पिछले चरण से काफी अलग होगा। अब सरकार चाहती है कि भारतीय स्टार्टअप्स दुनिया की दिग्गज कंपनियों जैसे क्वालकॉम, ब्रॉडकॉम और एनवीडिया की तरह पहचान बनाएं। उन्होंने स्वीकार किया कि यह सफर चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार और व्यावहारिक है। अगले चरण में सरकार का जोर सिर्फ चिप बनाने पर ही नहीं, बल्कि इसके लिए जरूरी मशीनों और उपकरणों के निर्माण पर भी होगा।

भारत में ही टेस्टिंग और वैलिडेशन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंत्री के अनुसार, अगले 20 साल की मजबूत नींव रखने के लिए देश में ही मटेरियल और मशीनों का इकोसिस्टम बनाना बहुत जरूरी है। टैलेंट के मुद्दे पर वैष्णव ने खुशी जताई कि सेमीकॉन 1.0 के तहत 10 साल में 85,000 इंजीनियरों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य था। भारत ने यह लक्ष्य महज 4 साल में ही हासिल कर लिया है। अब सेमीकॉन 2.0 में भी युवाओं की ट्रेनिंग सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ बोले- हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

**आम** आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर शुक्रवार को एक रैली में कहा कि 'आप' को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की।



उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। भाजपा नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और भाजपा के लिए करारा जवाब है। 'आप' को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। आईआईटी से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंने रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गई, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। दिल्ली के पूर्व सीएम और 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में शनिवार को पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। अगस्त 2022 में सीबीआई की चार्जशीट के आधार पर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज किया था। ईडी के मामले भी अभी सुनवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

# चीन का रिकॉर्ड ध्वस्त, काशी ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान

### एक घंटे में रोपे 2,51,446 पौधे, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने सौंपा सर्टिफिकेट



**एजेंसी, वाराणसी**

उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा लिया है।

वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। मात्र एक घंटे की निर्धारित समयावधि के भीतर वाराणसी ने 2,51,446 पौधों का सफल रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को आधिकारिक रूप से ध्वस्त कर दिया है। इस मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व हिमांशु पाल को नया कीर्तिमान स्थापित करने पर सर्टिफिकेट भी सौंपा। इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के अभूतपूर्व समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है। एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। उन्होंने 10 मार्च 2018 को 153,981 पौधों का रोपण कर यह गौरव हासिल किया था। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार पिस्तौल, मैगजीन व कारतूस बरामद



**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में केसीपी (नौंगद्रेनखोम्बा) का एक सदस्य तथा यूएनएलएफ (कोइरेंग) के दो सक्रिय कैडर शामिल हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में बताया कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र अंतर्गत खगेमपल्ली पंखा नगानापी थोंग मामांग स्थित उसके आवास से केसीपी (नौंगद्रेनखोम्बा) के कैडर लाइशराम मोनिश सिंह उर्फ टॉम (23) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एक अन्य अभियान में इंफाल पूर्व जिले के पोरोमपत थाना क्षेत्र के वांगखेई आयांगपल्ली से यूएनएलएफ (कोइरेंग) के दो कैडरों को पकड़ा गया। उनकी पहचान स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट असीम नोंगपोकंगनबा मैतेई उर्फ नांगोइबा तथा थांगजाम गांधी मैतेई उर्फ याइमा के रूप में हुई है। दोनों पर वसूली गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन में भरे 16 जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# चंडीगढ़ में 39वीं सजोबा एक्सट्रीम रैली 12 से



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** शहर में एक बार फिर रफ्तार और रोमांच का गवाह बनने जा रहा है। 39वीं सजोबा एक्सट्रीम रैली का आयोजन 12 से 15 मार्च तक किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित मोटरस्पोर्ट इवेंट का आयोजन सेंट जॉन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। रैली का औपचारिक शुभारंभ 12 मार्च को दोपहर 3:30 बजे सेंट जॉन हाई स्कूल से होगा।

करीब चार दशक पुरानी यह रैली देश की सबसे पुरानी मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिताओं में शामिल है। आयोजन फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) के नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप होगा। सजोबा के अध्यक्ष कुनाल सेखरी ने बताया कि यह रैली भारत के मोटरस्पोर्ट कैलेंडर का अहम हिस्सा बन चुकी है। इस वर्ष लगभग 110 प्रतिभागी, 25 फोर-व्हीलर और 60 टू-व्हीलर, तीन दिनों में फैले 12 विशेष स्टेज में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस बार नाइट स्टेज की बहुप्रतीक्षित वापसी हो रही है, जो सीमित दृश्यता में ड्राइविंग कौशल और रणनीति की कड़ी परीक्षा लेगी। विजेताओं के लिए 2.5 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

### नया रूट, नई चुनौती

**रैली** मार्ग चंडीगढ़ से लुधियाना, नवांशहर, होशियारपुर होते हुए पहली बार ऊना तक जाएगा और फिर वापस चंडीगढ़ लौटेगा। नए टेरेन में नदी के पाट, कच्चे रास्ते, तेज टारमैक और पहाड़ी सेक्शन शामिल होंगे, जो प्रतिभागियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित होंगे। प्रतियोगियों की स्क्रीनिंग 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। 15 मार्च को शाम 5 बजे रैली का समापन होगा, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह चंडीगढ़ गोल्फ रेंज में शाम 7:30 बजे आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे मार्ग पर मेडिकल टीमें, एंबुलेंस और फर्स्ट इंटरवेंशन व्हीकल तैनात रहेंगे। तीन दिनों तक चलने वाली यह रैली एक बार फिर साबित करेगी कि चंडीगढ़ देश के मोटरस्पोर्ट मानचित्र पर प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

# एचएसएससी भर्तियों से पहले युवाओं के लेगा सुझाव

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नई भर्तियों की तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोग द्वारा पुलिस भर्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले हाल ही में ग्रुप डी के लिए सीईटी के आयोजन का भी ऐलान किया जा चुका है। पिछले सीईटी में करीब 13 लाख युवाओं ने भाग लिया था।

किसी प्रकार के विवाद से बचने के लिए सरकार द्वारा अब अधिकतर भर्तियां आयोग के माध्यम से की जा रही हैं। एक तरफ जहां आयोग द्वारा इस वर्ष का भर्ती कैलेंडर तैयार किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ आयोग के चेयरमैन ने निकट भविष्य में सरकारी पदों पर भर्तियां शुरू करने का ऐलान किया है।

पूर्व समय के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा की गई कई भर्तियां कानूनी विवाद में उलझकर सिरे नहीं चढ़ सकी हैं। ऐसे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अब बीच का रास्ता निकाल लिया है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से बताया कि आयोग द्वारा निकट भविष्य में भर्तियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कई विभागों के माध्यम से आवेदन मांगे जाएंगे। हिम्मत सिंह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद युवा अक्सर अपने सुझाव देते हैं। बहुत से युवा इसे लेकर अदालत में चले जाते हैं, जिससे हजारों युवाओं का नुकसान होता है। इससे आयोग को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इससे बचने के लिए भर्तियों के विज्ञापन जारी होते ही युवा एक गूगल शीट के माध्यम से अपने सुझाव आयोग को दे सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन सुझावों पर विचार विमर्श करके अगला निर्णय लिया जाएगा। आयोग के चेयरमैन ने इसके लिए आज ही एक गूगल फार्म भी जारी कर दिया है। हिम्मत सिंह ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों के अदालत में जाने से न केवल हजारों युवाओं का नुकसान होता है बल्कि आयोग व सरकार को भी कई तरह की परेशानियां आती हैं।

# माइक्रॉन की साणंद एटीएमपी सुविधा के उद्घाटन पर आईईएसए ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) ने भारत सरकार और माइक्रॉन टेक्नोलॉजी को गुजरात के साणंद में माइक्रॉन की अत्याधुनिक एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) फैसिलिटी के ऐतिहासिक उद्घाटन पर बधाई दी।

आईईएसए के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में अहम पड़ाव बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन शब्दों 'भारत तैयार है, भारत भरोसेमंद है, और भारत काम करके दिखाता है' का हवाला देते हुए कहा कि यह देश के विश्वस्तरीय चिप इकोसिस्टम के लिए भरोसे का प्रतीक है।

22,516 करोड़ रुपए (लगभग 2.75 अरब यूएस डॉलर) के इस निवेश से भारत में माइक्रॉन के डिजाइन सेंटर के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम मजबूत होगा। साणंद फैसिलिटी से लगभग 5,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे कुशल सेमीकंडक्टर कार्यबल तैयार होगा।

आईईएसए ने इस पहल को भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन और गुजरात सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

# मोहाली में 'करी एंड हॉप्स ब्रेवरी कंपनी' की शुरुआत



**अनंत ज्ञान**

**मोहाली।** चंडी हॉस्पिटैलिटी ने मोहाली के एयरोसिटी क्षेत्र में अपने पहले रेस्टोरेंट करी एंड हॉप्स ब्रेवरी का भव्य शुभारंभ किया। रेस्टोरेंट अब आम जनता के लिए खुल चुका है और शहर की लाइफस्टाइल में एक नया विकल्प जोड़ रहा है।

तीन भाइयों द्वारा शुरू किए गए इस परिवार ने कैलिफोर्निया में पिछले 20 वर्षों में कई सफल क्विक सर्विस रेस्टोरेंट संचालित किए और अब वही अनुभव भारत में पेश कर रहे हैं। जल्द ही उनका नया प्रोजेक्ट करीलेन किचन भी लॉन्च होगा, जो देश में भारतीय खाने का पहला ड्राइव-थ्रू मॉडल पेश करेगा। सीईओ सोनू चंडी ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ खाना और क्राफ्ट बीयर परोसना नहीं, बल्कि ग्राहकों को एक खास अनुभव देना है। वाइस प्रेसिडेंट सनी चंडी और सीओओ जोती चंडी ने रेस्टोरेंट के आरामदायक माहौल, आधुनिक सजावट और स्वादिष्ट मेन्यू की जानकारी दी।

यह रेस्टोरेंट भारतीय व्यंजनों को आधुनिक अंदाज में पेश करता है और खास क्राफ्ट बीयर, सिग्नेचर ड्रिंक्स और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ परिवार और युवाओं को आकर्षित कर रहा है। इसे मोहाली की बदलती लाइफस्टाइल का नया प्रतीक माना जा रहा है।

### हरियाणा रेडक्रॉस अब ड्राइविंग टेस्ट सेंटर करेगी संचालित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी जनसेवा के साथ अब सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली का भी जिम्मा संभालेगी। परिवहन विभाग की ओर से जिला स्तर पर स्थापित किए जाने वाले जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के जरिये संचालित किया जाएगा। जल्द ही परिवहन विभाग और रेडक्रॉस के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) होगा।

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी लर्निंग लाइसेंस बनने से पहले होने वाले एमसीक्यू टेस्ट (यातायात नियमों से जुड़ा टेस्ट) का संचालन करेगी। इसको लेकर परिवहन विभाग की ओर से रेडक्रास को जिला सेंटरों के संचालन की मंजूरी दे दी गई है। इन सेंटरों का संचालन जिला उपायुक्त के माध्यम से रेडक्रॉस करेगी। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने जिला ट्रेनिंग सेंटर का संचालन रेडक्रॉस के जरिये करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा था। विभाग की ओर से रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया है कि जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) का संचालन के लिए हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी और परिवहन विभाग के बीच एमओयू होगा, जिसमें संचालन के मानक तय होंगे।

### आगामी विधानसभा चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा बदलने का है अवसर

# पंजाब गुरुओं की धरती : सीएम सैनी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है, यह तप, त्याग और बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया।




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा का आगामी चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, यह चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा को बदलने, समाज को सम्मान दिलाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उपस्थित जनसमूह को नमन करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी को मिलकर पंजाब को फिर से विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाना है। उन्होंने कहा, हम सबने मिलकर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनी समाज को सम्मान देने का काम किया है। मुझ जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समाज को ताकत दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा विधानसभा में वे अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए दिए जा रहे हैं।

किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भावांतर भरपाई योजना से भी किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं और जिन परिवारों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लंबे समय से पंचायती भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को मालिकाना हक भी प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की सत्ता कुछ हाथों में सिमटने से विकास प्रभावित हुआ है। अब राजनीति की दिशा बदलने का समय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में योगदान देगा ताकि पंजाब को फिर से रंगला और खुशहाल प्रदेश बनाया जा सके।

### सीएम सैनी आज पेश करेंगे दूसरा बजट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री सोमवार को प्रदेश का बजट पेश करेंगे। पिछले वर्षों में बजट का आकार क्रमश: 1.89 लाख करोड़ (2024) और 2.01 लाख करोड़ (2025) रहा था। इस बार यह बजट 2,15,000 करोड़ के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

नायब सैनी सरकार ने पहले बजट में जहां लाडो लक्ष्मी योजना का ऐलान किया था। वहीं, दूसरे बजट में सरकार बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस कर सकती है। रविवार को अवकाश के बावजूद वित्त विभाग, प्रींटिंग एंड स्टेशनरी विभाग तथा लोकसंपर्क विभाग समेत अन्य कई विभागों के कर्मचारी व अधिकारी अपने दफ्तरों में मौजूद रहे और बजट संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

सैनी का यह दूसरा बजट होगा। इस बजट में सरकार औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचा मजबूती, शहरों में नए सेक्टरों की मंजूरी, एआई को बढ़ावा देने के लिए शोध आदि विषयों पर फोकस कर सकती है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौ हजार रुपए मासिक भत्ते का ऐलान किए जाने की भी उम्मीद है। वित्त विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुनियादी ढांचा विकास के बजट में करीब 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### मोहन बागान एसजी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 5-1 से दी करारी मात

**एजेंसी, कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के कोलकाता डर्बी में शनिवार को यहां मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 5-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से मोहन बागान नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। गोल अंतर के आधार पर मोहन बागान ने जमशेदपुर एफसी से आगे निकल गया है, जबकि मोहम्मडन स्पोर्टिंग बिना किसी अंक के सबसे निचले पायदान पर खिसक गया है। रॉबसन अजेवेडो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### पाक के साहिबजादा फरहान टी-20 वर्ल्ड कप में टॉप स्कोरर बने

**एजेंसी, कोलंबो।** पाकिस्तान ने टी-20 विश्व कप में शनिवार को श्रीलंका को 5 रन से हरा दिया। पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद भी पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। पाकिस्तान के ओपनिंग बैट्समैन साहिबजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ सेंचुरी लगाते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट कोहली के नाम टी-20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड था। विराट ने टी-20 वर्ल्ड कप 2014 में 6 पारियों में 319 रन बनाए थे। फरहान ने 6 पारियों में 383 रन बनाते हुए यह रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### एएफसी ने पश्चिम क्षेत्र चैंपियन्यस लीग के सभी मैच किए स्थगित

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस हफ्ते पश्चिम एशिया में होने वाले महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्ले ऑफ मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार को होने वाले एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट राउंड आफ 16 मुकाबलों के कार्यक्रम को फिर से तय किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को होने वाले एफससी चैंपियंस लीग दो और एएफसी चैलेंज लीग क्वार्टर फाइनल मुकाबले भी स्थगित किए जाएंगे। कोई नई तारीखें तय नहीं की गई हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी क्लब अल नासर एशियाई चैंपियन्स लीग दो प्रतियोगिता में शामिल है। आयोजकों ने कहा कि पूर्व क्षेत्र में एएफसी की सभी महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के मैच तय समय पर होंगे। एएफसी ने बयान में कहा, 'एएफसी इस तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रखेगा और सभी खिलाड़ियों, टीम, अधिकारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पक्का इरादा रखता है।' (अनंत ज्ञान)

### चंडीगढ़ मैराथन में 3500 ने लिया भाग

**एजेंसी, चंडीगढ़।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरेम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया।हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में खिताब जीते। दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरुष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर की खूबसूरत अदा

**विकेटकीपर** बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की महान खिलाड़ी हैं। सारा के खेल और उनकी खूबसूरती को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं। सारा अपनी सुंदरता और स्मार्ट व्यक्तित्व के लिए भी प्रसिद्ध हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों चाहने वाले हैं।



# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को हराया

## अपने ग्रुप में टॉप पर रहा, अब कोलकाता में न्यूजीलैंड से होगा पहला सेमीफाइनल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया। टीम ने ग्रुप-1 के पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर रहते हुए फिनिश किया है। टीम 4 मार्च को कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

रविवार के पहले मैच में नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। जिम्बाब्वे की

**◆ 17.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया 154 रन का टारगेट**

टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 5 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया है। डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। सिकंदर रजा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने 73 रन की पारी भी खेली। रजा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज बल्लेबाजों के सामने बेअसर दिखे भारतीय गेंदबाज



**एजेंसी, कोलकाता**

टी-20 वर्ल्ड कप का आखिरी सुपर-8 मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी है। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनकार भारत को 196 रन का टारगेट दिया। रोस्टन चेज ने 40 और जेसन होल्डर ने नाबाद 37 रन बनाए। 15 ओवर में कैरेबियाई टीम का स्कोर 125/4 था। टीम ने आखिरी के 5 ओवर में 70 रन बनाए। रोवमन पॉवेल और जेसन होल्डर ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर नाबाद 76 रन की अहम साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)

## सनथ जयसूया का श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का ऐलान

**एजेंसी, कैंडी**

सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी। जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, 'मैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है।'



हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही बातचीत करेंगे। जुलाई, 2024 से टीम की कमान संभाल रहे जयसूर्या का कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके नेतृत्व में श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड में टेस्ट मैच भी अपने नाम किया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में टीम को एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान तक पहुंचाया गया, टेस्ट टीम को छठे और टी-20 टीम को भी छठे स्थान तक ले जाया गया। इस दौरान टीम की कुल जीत प्रतिशत करीब 50 प्रतिशत रही। हालांकि, टी-20 विश्व कप में निराशाजनक अंत को लेकर जयसूर्या ने माना कि टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद लगातार चार मैच गंवाए, जिनमें सुपर 8 के तीन मुकाबले शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## दुबई में फंसे दिग्गज बल्लेबाज और विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो

**एजेंसी, दुबई**

इसरायल और यूएस ने ईरान पर हमला कर दिया है, जिसके बाद से दुनियाभर में हड़कंप मचा हुआ है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत हो गई है। वहीं, हालात को देखते हुए करीब 11 देशों ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। ऐसे में खबर आ रही है कि कई नामी लोग भी दुबई सहित अन्य शहरों में फंसे हुए हैं। जानकारी के अनुसार इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज और विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो दुबई में फंस गए हैं। जॉनी ने एक्स कर मदद मांगी है। उन्होंने लिखा है कि क्या कोई मुझे दुबई से बाहर निकाल सकता है? वहीं, बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान भी दुबई में फंसी हुई है और उन्होंने पीएम मोदी से मदद की गुहार लगाई है। बता दें कि आईपीएल 2026 में जॉनी बेयरस्टो मुंबई इंडियन्स की टीम से खेलते हुए नजर आएंगे। (अनंत ज्ञान)



### सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मांगी मदद

**सोनल** चौहान ने अपने एक्स कर लिखा है कि 'इजरायल, यूएस और ईरान के बीच जारी जंग में दुबई में फंस गई हूं। फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं और भारत लौटने का कोई साफ़ रास्ता नहीं है। मैं घर वापस सुरक्षित यात्रा के लिए सरकार से मदद चाहती हूं। सोनल चौहान ने अपने इस एक्स पोस्ट पर पीएम मोदी को भी टैग किया है।



## ऑस्ट्रेलिया का भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप

### 3-0 से जीती वनडे सीरीज, एलिसा हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा

**एजेंसी, होबार्ट**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी।



हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला।

हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए। भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 224 रन पर ऑल आउट हो गई। (अनंत ज्ञान)

## वुमंस हॉकी विश्व कप क्वालिफायर के लिए सलीमा टीम इंडिया की कप्तान

**एजेंसी, हैदराबाद**

हॉकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी।



भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा। इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं।

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं।

मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

### 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम।
**डिफेंडर्स :** सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग।
**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

## सीएसके ने आईपीएल के लिए शुरू की प्रैक्टिस

### चेन्नई सुपर किंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नई जर्सी भी दिखाई

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 19वें सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीम का प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप आज से चेन्नई में शुरू हो गया है। सीएसके को अपनी कप्तानी में 5 टाइटल जिताने वाले एमएस धोनी 28 फरवरी को चेन्नई एयरपोर्ट पर नजर आए। वे पहले दिन से ही टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू कर देंगे। सीएसके ने 1 मार्च को सुबह 7 बजे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नई जर्सी भी रिवील की। नए सीजन में टीम का हिस्सा बने संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ट्रेनिंग कैंप जॉइन करेंगे। ऋतुराज गायकवाड ही इस सीजन भी टीम की कप्तानी करेंगे। सीएसके ने 2023 में आखिरी टाइटल जीता था। (अनंत ज्ञान)

### लंबे बालों वाले 'विंटेज लुक' में नजर आए माही

**सोशल** मीडिया पर धोनी के चेन्नई पहुंचने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वे अपने सिग्नेचर लंबे बालों वाले 'विंटेज लुक' में नजर आए। रांची के देवड़ी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद धोनी सीधे चेन्नई पहुंचे। 44 साल की उम्र में भी धोनी अपने फैंस और टीम के लिए आईपीएल खेलने के लिए तैयार हैं।



**15 भारतीय खिलाड़ी प्रैक्टिस कैंप से जुड़े**

**सीएसके** के सीईओ काशी विश्वनाथन के मुताबिक, 'कैंप के शुरुआती फेज में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ कई अनकैप्ड और घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं। शिवम दुबे और संजू सैमसन अभी नेशनल ड्यूटी में बिजी हैं, इसलिए वे टूर्नामेंट के बाद कैंप जॉइन करेंगे। विदेशी खिलाड़ी और हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग के भी अगले सप्ताह तक पहुंचने की उम्मीद है।'

## रोमेलु लुकाकू के गोल से नेपोली ने हेलास वेरोना को 2-1 से हराया

**एजेंसी, मिलान**

रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया, जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल

पिछले साल 23 मई को किया था, जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।

32 वर्षीय लुकाकू अंतिम सीटी बजने के कुछ सेकंड बाद ही भावुक हो गए और उनकी आंखों में आंसू आ गए। सभी प्रतियोगिताओं में चार मैचों में नेपोली की यह पहली जीत थी। नेपोली ने शानदार शुरुआत की, क्योंकि रासमस होजलंड के 12 मीटर की दूरी से किए गए शानदार हेडर ने दो मिनट से भी कम समय में उसे बढ़त दिला दी। हालांकि, 65वें मिनट में हुए बराबरी के गोल में होजलंड की भी भूमिका थी। (अनंत ज्ञान)



**क्रिकेट** | तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया, 5.4 ओवर में हासिल किया टारगेट

## न्यूजीलैंड वुमंस का टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप

**एजेंसी, हैमिल्टन**

न्यूजीलैंड वुमंस क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को 3-0 से टी-20 सीरीज हरा दी। रविवार को हैमिल्टन में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे वुमंस 64 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने महज 5.4 ओवर में बगैर विकेट गंवाए टारगेट हासिल कर लिया।

सेडन पार्क स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 10 रन बनाने में ही 7 विकेट गंवा दिए। 4 प्लेयर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 2 खिलाड़ी 1-1 रन बनाकर आउट हुईं। आदेल जिमुनु ने फिर औद्रे माज्विशाया के साथ मिलकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जिमुनु 20 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद कप्तान नोमवेले सिबांदा भी 4 ही रन बना सकीं। माज्विशाया ने 37 गेंद पर 20 रन बनाए और अपनी टीम को ऑलआउट नहीं होने दिया। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहला मैच 92 और दूसरा मैच 110 रन से जीता था। अब तीसरा मुकाबला जीतकर टीम ने 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। 183 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेने वालीं कप्तान अमीलिया कर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुनी गईं। 5, 8 और 11 मार्च को डुनेडिन में दोनों टीमों के बीच 3 वनडे खेले जाएंगे। सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 3.30 बजे से शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नेन्सी पटेल को 3 विकेट

न्यूजीलैंड के लिए गेंदबाजी में नेन्सी पटेल ने महज 8 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने 2 ओवर मेडन भी फेंकी। जेस कर ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए। अमीलिया कर और मैडी ग्रीन को 1-1 विकेट मिला। रोजमेरी मेयर, काइली नाइट और मोली पेनफोल्ड कोई विकेट नहीं ले सकीं।



### पावरप्ले में ही जीत गई न्यूजीलैंड वुमंस टीम

**जिम्बाब्वे** से मिला 65 रन का टारगेट न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में ही हासिल कर लिया। विकेटकीपर इजाबेल गैज 38 और इजी शार्प 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटीं। जिम्बाब्वे ने 5 गेंदबाजों से बॉलिंग कराई, लेकिन किसी को भी विकेट नहीं मिला। आदेल जिमुनु सबसे महंगी रहीं, उन्होंने 1 ही ओवर में 23 रन खर्च कर दिए। नेन्सी पटेल प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

**5 मार्च से शुरू होंगे वनडे मैच**

**वनडे** सीरीज 5 मार्च से शुरू होगी। यह सीरीज जिम्बाब्वे महिला टीम के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि वह पहली बार इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का हिस्सा बन रही है। आईसीसी ने हाल ही में घोषणा की है कि 2026-2029 साइकिल में 10 टीमें शामिल होंगी, जिनमें जिम्बाब्वे को भी आधिकारिक एंट्री मिल गई है।